21
जुलाई 2026
मंगलवार
विक्रम 2083, हिजरी 1448
आषाढ़ शुक्ल सप्तमी

बदलते जमाने का अखबार
# पीपुल्स समाचार
स्थापना वर्ष 2009
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, नई दिल्ली और उत्तरप्रदेश से प्रकाशित

भोपाल
सिटी
14 पृष्ठ ₹ 3.00
■ वर्ष-18 ■ अंक-146


बेल्जियम राष्ट्रीय दिवस

epapers.peoplessamachar.in | peoplesupdate.com | @PeoplesUpdate | @peoplesupdateofficial | PeoplesUpdateOfficial | whatsapp 9644644460 | @peoplesupdateofficial

# दिन में हटाए गए प्रदर्शनकारी रात में फिर लौटे, कहा-धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें

## सीजेपी के संसद मार्च पर बवालः युवाओं पर लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले दागे

एजेंसी ● नई दिल्ली
editor@peoplessamachar.co.in

संसद के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संसद मार्च के दौरान तनावपूर्ण स्थिति बन गई। सुबह 10 बजे जंतर-मंतर से संसद की ओर बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए दिल्ली पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। जहां झड़प में 100 से ज्यादा प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी घायल हुए, वहीं, 100 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया।

बाद में प्रदर्शनकारियों को जंतर-मंतर और कनॉट प्लेस से हटा दिया गया। पुलिस ने मंच खाली करा लिया और टेंट भी निकाल दिए। हालांकि रात 10:30 बजे सीजेपी ने फिर से प्रदर्शन शुरू कर दिया। पार्टी नेता आशुतोष रांका ने कहा कि हम जंतर-मंतर छोड़ने वाले नहीं हैं।

इससे पहले दोपहर में पुलिस ने सपा सांसद डिंपल यादव को भी हिरासत में लिया। वह और अन्य पार्टी सांसद प्रदर्शनकारियों के समर्थन में जंतर-मंतर की ओर मार्च कर रहे थे। एक्टर नसरुद्दीन शाह भी प्रदर्शन में शामिल हुए। उधर, सीजेपी ने पहले दावा किया कि अभिजीत दीपके को हिरासत में लिया गया है, लेकिन बाद में इस बात से इनकार कर दिया। मार्च के समर्थन में बेंगलुरू, मुंबई सहित कई शहरों में प्रदर्शन हुए। अहमदाबाद में पुलिस ने 150 लोगों को हिरासत में लिया।


नई दिल्ली। संसद मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज करती पुलिस।

### प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगें

- सोनम वांगचुक को तत्काल रिहा किया जाए।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें।
- NEET-UG के जिन अभ्यर्थियों ने आत्महत्या की, उनके परिजनों को 1-1 करोड़ रु. का मुआवजा दिया जाए।

**दिल्ली हाईकोर्ट ने हेल्थ रिपोर्ट मांगी, अगली सुनवाई आजः** दिल्ली हाईकोर्ट ने वांगचुक की हेल्थ रिपोर्ट मंगाई है। कोर्ट उनकी पत्नी गीतांजलि अंगमो की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी।

### पेपर लीक, चढ़ावा चोरी को लेकर संसद में हंगामा

मानसून सत्र के पहले दिन विपक्ष के हंगामे के चलते संसदीय कार्यवाही नहीं चल पाई। लोस और रास को 6 बार स्थगित करना पड़ा। विपक्ष नीट पेपर लीक, राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर चर्चा की मांग कर रहा था।

### संसद में घुसने की कोशिश, सुरक्षा बढ़ाई

मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों ने संसद में घुसने की कोशिश की। इसे देखते हुए संसद की सुरक्षा बढ़ा दी गई। मेन गेट को बंद कर दिया गया। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। जब बाहर हंगामा चल रहा था, उस वक्त पीएम मोदी समेत सभी सांसद सदन में मौजूद थे।

### नड्डा से मिले सीजेपी नेता, बोले- ठोस आश्वासन नहीं मिला

सीजेपी के नेता सौरव दास और आशुतोष रांका ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने एक्स पर इसकी जानकारी दी। सौरव दास ने लिखा कि उन्होंने अपनी मांगें केंद्रीय मंत्री के सामने रखीं। उन्होंने बताया कि जेपी नड्डा ने आश्वासन दिया है कि वे इस मुद्दे पर उचित स्तर पर चर्चा करेंगे। हालांकि, अब तक उनकी ओर से कोई ठोस वादा या प्रतिबद्धता नहीं की गई है।

### शाह से मिले धर्मेंद्र प्रधान

धर्मेंद्र प्रधान और अमित शाह के बीच लंबी बैठक हुई, लेकिन बातचीत का विषय क्या था, इसकी जानकारी सामने नहीं आई।

### अनशन जारी रखूंगा: वांगचुक

सफदरजंग हॉस्पिटल से सोनम वांगचुक ने हाथ से लिखा संदेश भेजा। इसे उनके एक्स हैंडल पर शेयर किया गया। पोस्ट में लिखा है कि मैं तब तक अनशन जारी रखूंगा, जब तक युवा नेताओं को सांसदों से मिलने की अनुमति नहीं मिल जाती या फिर मुझे अस्पताल में ही सांसदों से मिलने की अनुमति नहीं दी जाती।



> प्रदर्शनकारियों के साथ ऐसा व्यवहार हो रहा है, मानो वे किसी दुश्मन देश के नागरिक हों। उन पर लाठीचार्ज हो रहा है और आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं।
> **-संजय सिंह**, सांसद, आप

> मैंने प्रदर्शनकारियों से अपना धरना समाप्त करने और प्रशासन को सामान्य स्थिति बहाल करने में सहयोग देने का अनुरोध किया है।
> **-जेपी नड्डा**, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

विस्तृत खबर के लिए स्कैन करें।
-देखें पेज-12

# मप्र विधानसभा में हंगामे के बीच यूसीसी सहित 14 विधेयक पेश

## कांग्रेस का आरोप- दैनिक कार्यसूची में इनका हवाला नहीं


भोपाल। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के सभापतित्व में हुई कार्यमंत्रणा समिति के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और अन्य नेता मौजूद रहे।

पीपुल्स ब्यूरो ● भोपाल
मो.नं. 9827334317

राज्य विधानसभा में मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को सदन में हंगामे के बीच मप्र समान नागरिक संहिता (यूसीसी) सहित 14 बिल पेश किए गए। असम, गुजरात और उत्तराखंड के बाद मप्र इस बिल को लाने वाला चौथा राज्य है।

कांग्रेस विधायक बाला बच्चन ने आरोप लगाया कि दैनिक कार्यसूची में शामिल किए बिना इन विधेयकों को पटल पर रखा गया है। यह गलत परंपरा है। इस पर विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि कार्यमंत्रणा की बैठक में सूची में संशोधन किया गया है, ऐसा होता रहता है। बाद में विपक्ष के हंगामे के बीच विधानसभा की कार्यवाही तीन बजे तक स्थगित कर दी गई।

**विवाह, तलाक और गोद लेने के मामलों में सभी नागरिकों के लिए समान नियमः** बिल में स्पष्ट किया है कि यूसीसी धार्मिक रीति-रिवाजों या पूजा-पद्धति से जुड़ा कानून नहीं है। यह केवल नागरिक और पारिवारिक मामलों में समान कानूनी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है। इससे पहले अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के सभापतित्व में विस में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई, जिसमें सत्र के कामकाज के संबंध में विमर्श हुआ। बैठक में सीएम डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित कई सदस्य मौजूद थे।

### सदन के पटल पर यह बिल भी रखे गए

- कार्यस्थल सशक्तिकरण संहिता बिल
- मप्र धन्वंतरि स्वास्थ्य विवि बिल
- मप्र ईज ऑफ डूइंग बिजनेस बिल
- मप्र उपकर (संशोधन) बिल
- मप्र राजमार्ग (संशोधन) बिल
- मप्र निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन बिल
- मप्र पंचायती राज एवं ग्राम स्वराज (संशोधन) बिल
- मप्र आयुर्विज्ञान विवि (संशोधन) बिल
- मप्र वैट (संशोधन) बिल
- माल-सेवा कर (संशोधन) बिल
- मध्यप्रदेश निरसन बिल
- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बिल
- अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा बिल

| देखें पेज-04 |

## न्यूज ब्रीफ

### एंडी बर्नहैम 10 साल में ब्रिटेन के 7वें प्रधानमंत्री बने



लंदन। ब्रिटेन में सोमवार को एंडी बर्नहैम ने नए प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया। वह पिछले 10 साल में ब्रिटेन के 7वें पीएम बने हैं। उन्होंने राजनीतिक और प्रशासनिक व्यवस्था में बड़े बदलाव का वादा करते हुए कहा है कि उनकी सरकार महंगाई और खराब सार्वजनिक सेवाओं पर सबसे ज्यादा ध्यान देगी।

### जेडी वेंस उपराष्ट्रपति रहते हुए चौथे बच्चे के पिता बने

वॉशिंगटन। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनकी भारतीय मूल की पत्नी उषा वेंस के घर चौथे बच्चे का जन्म हुआ है। 19 जुलाई की सुबह उनके बेटे एलक नील वेंस का जन्म हुआ। जेडी वेंस ने सोशल मीडिया पर चौथे बच्चे की खुशखबरी साझा करते हुए लिखा, उषा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। हमारे तीनों बच्चे अपने छोटे भाई से मिलकर बेहद खुश हैं।

### पीपुल्स बुलेटिन

अब **पीपुल्स अपडेट** पर 5 मिनट में देखिए प्रमुख खबरें। स्कैन करें।

### कार्टून कोना




## चढ़ावा चोरी मामले पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा एक्शन

# पुरानी SIT पर सवाल; वरिष्ठ IPS की निगरानी में नई टीम बनाने का सुझाव

एजेंसी ● नई दिल्ली
editor@peoplessamachar.co.in

अयोध्या राम मंदिर निर्माण के लिए जुटाए गए चंदे में कथित हेराफेरी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अहम टिप्पणी करते हुए साफ कहा कि इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि अदालतें राजनीति का मंच नहीं हैं। अदालत अब 27 जुलाई को अगली सुनवाई करेगी।

वहीं बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, सीजेआई, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ, राम मंदिर निर्माण के लिए जुटाए गए फंड में कथित गड़बड़ी की सीबीआई जांच की मांग वाली विभिन्न जनहित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, बस एक चेतावनी... इस मुद्दे का राजनीतिकरण न करें। अदालतें राजनीति की जगह नहीं हैं। यह अपराध का एक साधारण मामला है। हमें सिर्फ यह सुनिश्चित करना है कि जांच सही तरीके से हो।



### कोर्ट रूम लाइव....

**एसजी: हमने स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर दी है। जांच चल रही है। आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।**

***सीजेआई:*** *जांच कौन कर रहा है?*

**एसजी: एसआईटी बनाई गई थी। अब पुलिस इसकी जांच कर रही है। एसआईटी ने पाया है कि यह एक संज्ञेय अपराध है।**

***सीजेआई:*** *एसआईटी का फिर से गठन किया जाए, जिसमें कुछ वरिष्ठ विशेषज्ञ हों, ताकि जांच किसी निर्णायक स्तर तक पहुंचे।*

**एसजी: जी हां, हम इसे बनाएंगे और रिकॉर्ड पर रखेंगे।**

**एडवोकेट कामतः** दान की जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए। ऐसी खबरें हैं कि ये चीजें गायब हो गई हैं।

***सीजेआई :*** *व्यावहारिक होना होगा। लोग कह सकते हैं कि हमने हीरा दान किया है। जहां भी रसीद दी गई है, उसका रिकॉर्ड होना चाहिए।*

# यूक्रेन से निकले जहाज पर मिसाइल अटैक, 4 भारतीयों की मौत

एजेंसी ● कीव
editor@peoplessamachar.co.in

यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह से निकले एक जहाज पर रविवार को मिसाइल अटैक हुआ, जिसमें 4 भारतीयों की मौत हो गई। घटना के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि ओडेसा बंदरगाह से निकलते समय एमवी गोल्डन लियो नामक जहाज पर हमला हुआ।

इस हमले में 4 भारतीयों की मौत हो गई है, जबकि एक भारतीय नागरिक गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। यूक्रेन में हमारा मिशन स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है।




> यूक्रेन के समुद्री गलियारे में चल रहे एक कमर्शियल जहाज को रूस ने फिर से निशाना बनाया है। इस जहाज में भारत के साथ-साथ सीरिया के लोग भी सवार थे। ये अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार पर भी अटैक है।
> **- एंड्री सिबिहा,** विदेश मंत्री, यूक्रेन

### रिटायर्ड जजों के लिए एक जैसी राष्ट्रीय नीति बनाए सरकार: SC

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार से कहा कि वह हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीशों और न्यायाधीशों को रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली सुविधाओं के लिए एक समान राष्ट्रीय नीति बनाने के लिए कमेटी गठित करे। कमेटी तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपे। कोर्ट ने कहा कि अलग-अलग राज्यों में मिलने वाली सुविधाओं में काफी असमानता है।

# सिक्किम में लैंडस्लाइड के बाद निर्माणाधीन सुरंग में 27 मजदूर फंसे, एनडीआरएफ का रेस्क्यू जारी

एजेंसी ● गंगटोक
editor@peoplessamachar.co.in

सिक्किम के नामची जिले में सोमवार को भूस्खलन के कारण एक निर्माणाधीन सड़क सुरंग का प्रवेश द्वार बंद हो गया, जिससे उसके भीतर कम से कम 27 मजदूर फंस गए।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान बचाव दल ने सुरंग के अंदर से एक शव बरामद किया है। हालांकि प्रशासन ने इसकी पुष्टि नहीं की है। एनडीआरएफ का बचाव अभियान जारी है। पुलिस ने बताया कि भूस्खलन के कारण समरदुंग सुरंग के अंदर गैस रिसाव की आशंका है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और अग्निशमन तथा आपातकालीन सेवाओं की टीम बचाव अभियान संचालित कर रही हैं। फंसे लोगों में 21 कर्मचारी पटेल इंजीनियरिंग के हैं, जबकि 6 लोग एनएचपीसी से जुड़े बताए गए हैं।

**गैस ने बढ़ाई बचाव अभियान की चुनौतीः** रेस्क्यू टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती टनल के अंदर मौजूद मीथेन गैस है। गैस की वजह से कई बचावकर्मियों को चक्कर आए, जबकि कुछ बेहोश भी हो गए।

> समरदुंग सुरंग में फंसे मजदूरों की सही संख्या की अभी भी पुष्टि की जा रही है और ये संख्या मौजूदा अनुमान से कम या ज्यादा भी हो सकती है।
> **-अनूप तमलिंग,** कलेक्टर, नामची

# पुलिस मुख्यालय में मृत मिले त्रिपुरा के डीजीपी, आत्महत्या की आशंका

एजेंसी ● अगरतला
editor@peoplessamachar.co.in

त्रिपुरा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग धनखड़ का शव राज्य के पुलिस मुख्यालय में मिलने से सनसनी फैल गई है। सोमवार सुबह वह पुलिस मुख्यालय में अचेत मिले। अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शुरुआती जांच में धनखड़ के सुसाइड की आशंका जताई है। उनका शव फिलहाल अगरतला के गोविंद बल्लभ पंत अस्पताल में रखा गया है। इस हाई-प्रोफाइल घटना के बाद विभिन्न जांच एजेंसियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यूपी के बागपत जिले के रहने वाले अनुराग धनखड़ 1994 बैच के आईपीएस अफसर थे। उन्होंने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामलों की जांच की थी।


अनुराग धनखड़

# हथेली पर कविताएं लिखने वाले चीनी डिलीवरी बॉय को चीन का प्रतिष्ठित साहित्यिक सम्मान

एजेंसी ● बीजिंग
editor@peoplessamachar.co.in

एक चीनी फूड डिलीवरी राइडर ने नौकरी के दौरान अपने रोजमर्रा के अनुभवों को कविता में बदल दिया। 56 वर्षीय वांग जिबिंग को उनके कविता संग्रह 'लो फ्लाइट' के लिए चीन के बड़े साहित्यिक सम्मानों में से एक 'लू शुन' मिला है। इस किताब की कई कविताएं उन्होंने फूड डिलीवरी के बीच मिले खाली समय में कागज के छोटे-छोटे टुकड़ों और हथेली पर लिखी थीं। वांग 2019 में फूड डिलीवरी राइडर बने थे।


***वांग जिबिंग की कविता की एक पंक्ति है:*** *किसने कहा कि पंख फैलाने का मतलब सिर्फ ऊंची उड़ान भरना है? नीचे उड़ना भी उड़ान ही है।*

### कस्टमर से मिली फटकार के बाद लिखी कविता

फूड डिलीवरी का ऑर्डर मिलने का इंतजार करते हुए वह हथेली पर कविता की पंक्तियां लिखते थे। 2022 में कविता 'मैन इन ए हरी' वायरल हो गई थी। यह कविता 2019 की एक घटना से प्रेरित थी। उस समय वह जियांगसू के कुनशान शहर में डिलीवरी का काम कर रहे थे। एक ग्राहक ने गलत पता दर्ज कर दिया था। सही घर ढूंढने के लिए वांग को तीन रिहायशी इमारतों में भटकना पड़ा, 18 मंजिल तक सीढ़ियां चढ़नी पड़ीं और फटकार भी खाना पड़ा।

# भारत में पहली डेंगू वैक्सीन क्यूडेंगा को मंजूरी, देश में ही बनेगी


एजेंसी ● नई दिल्ली
editor@peoplessamachar.co.in


भारत में पहली बार डेंगू से बचाव के लिए क्यूडेंगा वैक्सीन को मंजूरी मिली है। यह वैक्सीन डेंगू वायरस के चारों प्रकारों से सुरक्षा देने के लिए विकसित की गई है।

जापान की दवा कंपनी ताकेदा फार्मास्युटिकल्स की डेंगू वैक्सीन क्यूडेंगा को भारत के दवा नियामक ने मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी ऐसे समय में मिली है, जब भारत में पिछले दो दशकों में डेंगू के मामलों में 11 गुना बढ़ोतरी हुई है। कंपनी का कहना है कि दुनिया में डेंगू के कुल बोझ का लगभग एक-तिहाई हिस्सा भारत में है।

| वर्ष | देश में कुल मामले | कुल मौतें |
|---|---|---|
| 2021 | 1,93,245 | 346 |
| 2022 | 2,33,251 | 303 |
| 2023 | 2,89,235 | 485 |
| 2024 | 2,33,519 | 297 |
| 2025 | 1,21,824 | 131 |
| 2026 | 6,924 | 10 |

2 डोज की कीमत 6-12 हजार रु.



*नोट: 2026 के आंकड़े 28 फरवरी तक के हैं।* *स्रोत: राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र*

**बिना जांच के लगाई जा सकेगी:** कंपनी के मुताबिक, यह वैक्सीन चार से साठ साल तक के लोगों को बिना जांच किए लगाई जा सकेगी।

**वैक्सीन की केवल दो डोज:** क्यूडेंगा की दो डोज 3 माह के अंतर से दी जाती हैं। प्रत्येक डोज 0.5 मिली की होती है।

**ऐसे काम करती है:** यह शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करने वाले वायरस की पहचान कर उसके खिलाफ एंटीबॉडी बनाने के लिए सक्रिय करती है।

**इसके दुष्प्रभावः** इंजेक्शन वाली जगह पर दर्द या लालपन, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, बुखार संभव।

**डेंगू कैसे होता है:** डेंगू वायरल बीमारी है, जो संक्रमित एडीज मच्छर के काटने से फैलती है।

**डेंगू के लक्षण:** तेज बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, जोड़ों में दर्द, मतली, उल्टी और सूजी हुई ग्रंथियां भी लक्षणों में शामिल हैं।

| देखें पेज-03 |

@ तापमान (संभावित)
अधिकतम तापमान: 26°C
न्यूनतम तापमान: 22 °C
सूर्यास्त (आज) : 7.06 बजे
सूर्योदय (कल) : 5.47 बजे

# ग्वालियर हादसे से भी सबक नहीं...पहाड़ी की रिटेनिंग वॉल में गैप

# दानिश हिल्स की दरक रही जमीन, लैंडस्लाइड का खतरा, लोग बोले-पहाड़ी का सुरक्षा ऑडिट हो

**पीपुल्स समाचार के प्रशासन से 4 सवाल**

1 क्या प्लॉटिंग से पहले जियोटेक्निकल जांच हुई ?

2 ढलान की क्षमता का परीक्षण करने के बाद अनुमति दी?


3 रिटेनिंग वॉल में आई दरारों का स्ट्रक्चरल ऑडिट कब होगा?

4 बारिश के दौरान यहां सुरक्षा के लिए क्या इंतजाम किए?

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9300697983

ग्वालियर में रविवार को पहाड़ी पर बनी रिटेनिंग वॉल गिरने से एक महिला की मौत की हो गई थी और दो लोग घायल हो गए थे। इस घटना ने पहाड़ी क्षेत्रों में होने वाले निर्माण की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। इधर, भोपाल में कोलार स्थित दानिश हिल्स पहाड़ी भी जवाब देने लगी है। पहाड़ी की दरकती जमीन और रिटेनिंग वॉल की लगातार चौड़ी हो रही दरारें पिछले कई महीनों से हादसे की चेतावनी दे रही हैं।

करीब 200 फीट ऊंची पहाड़ी को काटकर की गई सीढ़ीनुमा प्लॉटिंग के बीच 25 से 30 फीट ऊंची रिटेनिंग वॉल के पास 1 से 2 फीट चौड़ी दरारें उभर आई हैं, जिससे दीवार और पहाड़ी के बीच गैप बढ़ रहा है। चिंता इस बात की है कि पहाड़ी पर जहां दरारें हैं, वहां लगातार मकान तन रहे हैं जबकि बारिश में पहाड़ी की बढ़ती दरारें और खिसकती मिट्टी देखकर यहां रहने वालों को लैंडस्लाइट का डर सता रहा है। स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन तत्काल विशेषज्ञों की टीम भेजकर पूरी पहाड़ी का सुरक्षा ऑडिट कराए और खतरा होने पर प्रभावित क्षेत्र को सुरक्षित घोषित करे और यहां पहाड़ी काटकर की जा रही प्लॉटिंग को रोकें। यहां पर 15 से ज्यादा प्लाटों पर निर्माण कार्य चल रहा है।





1. दानिश हिल्स पहाड़ी पर रिटेनिंग वॉल और पहाड़ी के बीच गैप आ गया है।
2. पहाड़ी से लगातार मलबा गिर रहा है और पानी रिस रहा है।
3. रिटेनिंग वॉल में इस तरह दरारें आने लगी हैं।

## मुनाफे के खेल से ऐसे बढ़ रहा खतरा... सीढ़ीनुमा कर रहे प्लॉटिंग

- करीब 200 फीट ऊंची पहाड़ी को काटकर सीढ़ीनुमा प्लॉटिंग की गई।
- पहाड़ी रोकने के लिए बनाई गई 25-30 फीट ऊंची रिटेनिंग (कर्टन) वॉल के पास दरारें उभर आईं।
- कई स्थानों पर रिटेनिंग वॉल में 1 से 2 फीट तक गैप दिखाई दे रहा है।
- दरारों के आसपास 20 से अधिक मकान बन चुके हैं, जबकि 10 से ज्यादा मकानों का निर्माण जारी है।
- प्रभावित हिस्से में लगभग 15 प्लॉट मौजूद हैं। यहां काम चल रहा है।
- लगातार बारिश से मिट्टी में नमी बढ़ने पर ढलान कमजोर होने का खतरा बढ़ जाता है।

## सबसे बड़ा सवाल

### पहाड़ी काटकर प्लॉटिंग की अनुमति कैसे मिली?

जानकारों का कहना है कि अत्यधिक ढलान वाले क्षेत्रों में निर्माण से पहले विस्तृत जियोटेक्निकल स्टडी, स्लोप स्टेबिलिटी एनालिसिस और ड्रेनेज प्लान जरूरी होता है। यदि निर्माण के बाद भी नियमित निगरानी नहीं हो रही तो रिटेनिंग वॉल पर दबाव बढ़ने से पूरी ढलान अस्थिर हो सकती है।

## एक्सपर्ट व्यू

बारिश का पानी दरारों से मिट्टी के भीतर पहुंचता है। इससे मिट्टी की आपसी पकड़ कम होती है और पहाड़ी का वजन बढ़ जाता है। यदि पानी की निकासी सही न हो तो पूरी ढलान एक साथ खिसक सकती है। यहां एक बड़ा खतरा कर्टन वॉल बनाने के दौरान बरती गई लापरवाही है। क्योंकि पानी निकासी के होल नहीं बनाए गए हैं। यदि रिटेनिंग वॉल के पीछे गैप बन रहा है और जमीन में चौड़ी दरारें दिखाई दे रही हैं तो यह सामान्य स्थिति नहीं है। तत्काल विस्तृत जियोटेक्निकल जांच, स्लोप स्टेबिलिटी टेस्ट और स्ट्रक्चरल ऑडिट कराया जाना चाहिए। यहां निर्माण जोखिम बढ़ा सकता है। -**डॉ. एचएस शर्मा**, जियोटेक्निकल इंजीनियर

## दानिश हिल्स के लोग बोले

पहाड़ी को प्राकृतिक स्वरूप में छोड़ने के बजाय बड़े पैमाने पर काटकर सीढ़ीनुमा प्लॉटिंग की गई। अब उसी कटिंग वाले हिस्से में दरारें दिखाई देने लगी हैं। हमारी मांग है कि पूरे क्षेत्र का तकनीकी सर्वे कराया जाए। -**राघवेंद्र सिंह**, रहवासी

प्लॉट बेचने के लिए जिस तरह पहाड़ी काटी गई, उसका असर अब साफ दिखाई दे रहा है। रिटेनिंग वॉल के पास जमीन फट रही है और कई जगह गैप बन गया है। हम हर बारिश में दहशत में रहते हैं। बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर सबसे ज्यादा चिंता रहती है। -**अनूप श्रीवास्तव**, रहवासी

पहाड़ी पर पहले इतनी समस्या नहीं थी। प्लॉटिंग के लिए बड़े पैमाने पर कटिंग और सड़क निर्माण के बाद हालात बदल गए। अब जहां-जहां कटिंग हुई है, वहीं दरारें उभर रही हैं। यदि समय रहते विशेषज्ञों से जांच नहीं कराई गई तो बड़ा नुकसान हो सकता है। -**अमित शर्मा**, रहवासी

सीढ़ीनुमा प्लॉटिंग करने के बाद रिटेनिंग वॉल बना दी गई, लेकिन अब उसी दीवार के पास मिट्टी खिसकने के संकेत मिल रहे हैं। ऊपर लगातार निर्माण होने से भार बढ़ रहा है। इससे खतरा बढ़ रहा है। -**प्रशांत जैन**, रहवासी

कोलार दानिश हिल्स क्षेत्र में अवैध उत्खनन व प्लॉटिंग का मामला जनसुनवाई में आया था। जांच के आदेश एसडीएम को दिए हैं। दानिश हिल्स की दरकती जमीन व रिटेनिंग वॉल में आ रही दरारों की जांच के लिए भी एसडीएम को निर्देशित किया जाएगा। -**सुमित कुमार पांडेय**, एडीएम





Powered by
PEOPLE'S UPDATE
TRUSTED • TIMELY • TRANSPARENT
क्यूआर कोड स्कैन करें और peoplesupdate.com पर पढ़ें यह समाचार।

राम मंदिर चढ़ावा विवाद के बाद बड़ा बदलाव, अब SBI की निगरानी में होगी डोनेशन

CG NEWS: महादेव बेटिंग ऐप मामला में ED के रडार पर शेफाली बग्गा।

Saiyaara Controversy: 'सैयारा' की सफलता के बीच रॉयल्टी विवाद...

वंदे भारत भी नहीं चल पाएगी! ट्रेन की पटरी पर पड़े ये पत्थर करते हैं इतना बड़ा काम

बेल पत्र का पौधा नहीं हो रहा घना? सावन से पहले अपनाएं ये आसान तरीका।


## शहर की 40 कॉलोनियों में आज 4 से 6 घंटे तक बिजली कटौती



**भोपाल।** राजधानी में मंगलवार को 40 से अधिक कॉलोनियों में 2 से 6 घंटे तक बिजली कटौती की जाएगी। कंपनी मेंटेनेंस के चलते ये कटौती की जा रही है। इससे विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

- जनता नगर, जनता क्वार्टर, पंचवटी फेज-1,2,नवीबाग, आराधना नगर, रतन कॉलोनी, मोती लाल नगर, कृष्णा कॉलोनी, व्यंजन ढाबा, थाना नवीबाग सुबह 10 से शाम 4 बजे तक।
- कमल नगर, जैन कॉलोनी, गैस राहत कॉलोनी, 6 गृह, जय महादेव, सिल्वर स्टेट सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक।
- कमला पार्क रोड, ढेरपुरा, गिन्नोरी रोड, चोबदारपुरा, हाथीखाना, हमीदिया कॉलेज, गैस राहत अस्पताल, फिजा अस्पताल 12 से दोपहर 2 बजे तक।
- दानिश हिल्स व्यू टाउनशिप, सीआई व्यू, साईनाथ कॉलोनी, एजी क्लासिक, नेताजी हिल्स, दानिश हिल्स व्यू 3, डेनिश हिल्स व्यू 1 और 2 आसपास के इलाकों में सुबह 10 से दोपहर 12:30 बजे तक।
- पुलिस आवास, फॉरेंसिक लैब, पुलिस रेडियो न्यू क्वार्टर (जीआरपी), नया गांव, नव गृह मंदिर, गौतम नगर, आकृति गार्डन, करुणाधाम आश्रम, करुणाधाम के पास प्रगति परिसर में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक।

## निगम के 243 अफसरों और कर्मचारियों को मिला प्रमोशन

**भोपाल।** नगर निगम में लंबे समय से पदोन्नति का इंतजार कर रहे अधिकारियों और कर्मचारियों को राहत मिली है। मप्र लोकसेवा पदोन्नति नियम-2025 के तहत निगम के 243 अधिकारियों-कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया गया है। पदोन्नत होने वालों में एक मुख्य अभियंता, 13 सहायक यंत्री, दो स्वच्छता अधिकारी सहित तृतीय श्रेणी के विभिन्न पदों के कर्मचारी शामिल हैं। इनमें 58 स्वच्छता पर्यवेक्षक, 42 उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, 26 उप स्वास्थ्य निरीक्षक, 65 सहायक ग्रेड-2, 14 सहायक ग्रेड-3, छह लेखापाल और अन्य कर्मचारी शामिल हैं। निगम प्रशासन का कहना है कि पदोन्नति से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और विभागीय कार्यों के निष्पादन में गति आएगी।

# पिज्जा हट के आउटलेट से मंगवाया पास्ता खाने के बाद बच्चे के होंठ और गाल सूजे

## सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद खाद्य सुरक्षा अमले ने लिए सैंपल

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9977029213

सीएम हेल्पलाइन पर शिकायती आई थी कि बागसेवनिया स्थित पिज्जा हट के आउटलेट से मंगवाया गया पास्ता खाने के बाद बच्चे के होंठ और गाल सूज गए। इस शिकायत पर सोमवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अमले ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान पास्ता बनाने में उपयोग हुए व्हाइट बेस, चीज एवं चीज स्प्रेड के सैंपल लिए हैं। सभी सैंपलों को जांच के लिए ईदगाह हिल्स स्थित राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। यदि जांच में खाद्य पदार्थों में किसी भी तरह की मिलावट मिली, तो कार्रवाई होगी।



### लस्सी में मिली मक्खी, जांच के लिए भेजे सैंपल

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि लालघाटी चौराहा के आनंदम रेस्टोरेंट में लस्सी में मक्खी मिलने की शिकायत के बाद अमले ने यहां छापामार कर लस्सी, दही, सोया चाप, पनीर और बेसन सहित अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। इन्हें जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है।

# गैस की किल्लत मेरे लिए बड़ी चुनौती थी, टीम के साथ इसे पूरा किया

ब्रजेंद्र वर्मा ● भोपाल
मो.नं. 9977029213

**पीपुल्स समाचार के साथ**
**चंद्रभान सिंह जादौन,**
जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक,भोपाल



कहते हैं न कि जिसने जीवन में असफलताओं का स्वाद नहीं चखा, उसके आसपास सफलता भटकती नहीं है। यदि आप धैर्य के साथ लक्ष्य साधकर पूरी ईमानदारी से मेहनत करते हैं तो निश्चित ही एक दिन सफलता आपके कदम चूमती है। आपकी इस यात्रा में कई बार असफलताएं आएंगी, लेकिन वो चंद दिनों की मेहमान ही रहेंगी। यह बात भोपाल जिला खाद्य अधिकारी चंद्रभान सिंह जादौन ने पीपुल्स समाचार से बातचीत में कही। पेश है उनसे बातचीत के प्रमुख अंश।

## ईमानदारी से मेहनत करें सफलता जरूर मिलेगी

**▸▸ जिला खाद्य अधिकारी तक पहुंचने की यात्रा कैसी रही?**

▸▸ मेरी प्राथमिक शिक्षा मुरैना जिले में हुई। छठवीं कक्षा से जौरा के नवोदय विद्यालय में एडमिशन हुआ। 12वीं तक यहीं पढ़ा। माता-पिता व परिवार के अन्य सदस्यों से दूर रहा। घर की याद आती थीं, लेकिन ठान लिया था कि जीवन में कुछ बेहतर करना है। पिताजी जगदीश सिंह जादौन की कृषि विभाग में भूमि संरक्षण अधिकारी रहे, उनकी पोस्टिंग छत्तीसगढ़ के राजनंदगांव जिले में हुई। वहीं पर स्नातक किया और इसके बाद बिलासपुर से पीजी की और फिर दिल्ली यूपीएससी की तैयारी करने चला गया। इसके साथ एमपीपीएससी की भी तैयारी की। साल 2014 में जिला खाद्य अधिकारी के पद पर गुना में पहली पोस्टिंग हुई।

**▸▸ एमपीपीएससी की तैयारी करने की प्रेरणा किससे मिली?**

▸▸ मेरे पिताजी कृषि विभाग में अधिकारी रहे और माता महादेवी गृहिणी। पीएससी की तैयारी करने से पहले मुझे आईएएस नीरज मंडलोई की जनसुनवाई का वाला कॉन्सेप्ट अच्छा लगा। इसीसे प्रेरित होकर पीएससी की राह पकड़ ली।

**▸▸ परिवार और काम के बीच कैसे समन्वय बना पाते हैं?**

▸▸ पत्नी दीपमाला शासकीय स्कूल में टीचर थीं। बेटे-बेटी की परवरिश करने के चलते उन्होंने नौकरी छोड़ दी। बेटा अर्थव 7वीं क्लास में है और बेटी आध्यविका तीसरी क्लास में पढ़ रही है। यह बात बिल्कुल सही है कि काम की व्यस्तता बहुत रहती है। अवकाश मिलता है,तो पूरा समय परिवार के साथ ही व्यतीत करता हूं।

**▸▸ बतौर जिला खाद्य अधिकारी के रूप में क्या चुनौतियां सामने आई?**

▸▸ खाद्य से जुड़ी शिकायतों का समय पर निराकरण करना ही पहला लक्ष्य रहता है। पिछले महीनों रसोई गैस की किल्लत में पूरी टीम लगा रखी, जिन लोगों को सिलेंडर नहीं मिल रहे थे, उनको एजेंसियों से सिलेंडर उपलब्ध कराए। कई एजेंसियों पर गड़बड़ी करने पर कार्रवाई भी की। राशन की दुकानों पर गरीब तबके के लोगों को समय पर राशन मिले, इसके लिए टीमें गठित की हैं। भविष्य में ऐसी व्यवस्था होने जा रही है कि बिना राशन की दुकानों पर जाए, मोबाइल ऐप या एटीएम कार्ड के जरिए पात्रता के अनुसार संबंधित लोगों को घरों तक राशन पहुंचाया जाएगा।

## आरक्षण को लेकर ओबीसी महासभा ने किया प्रदर्शन



**भोपाल।** ओबीसी महासभा मध्य प्रदेश के सदस्य 27% आरक्षण लागू कराने और 13% पदों को होल्ड फ्री करने की मांग को लेकर विधानसभा घेरने पहुंचे। पुलिस ने उन्हें रंगमहल चौराहे पर रोक लिया। प्रदर्शनकारी बैरिकेड्स पर चढ़े तो पुलिस ने वॉटर कैनन चला दी। ओबीसी महासभा के जीतू लोधी, विश्वजीत रतौनिया, एडवोकेट धर्मेन्द्र कुशवाह ने बताया कि हमारी सरकार से मांग है कि ओबीसी वर्ग के युवा ओवरएज हो रहे हैं। सरकार को तत्काल पदों पर लगे 13 फीसदी होल्ड को हटाकर 27 फीसदी आरक्षण का लाभ देना चाहिए। — पीपुल्स समाचार

## बैरसिया SDM को गोविंदपुरा का जिम्मा, शिवांगी बैरसिया पहुंचीं

**भोपाल।** आखिर 21 दिन बाद गोविंदपुरा को नया एसडीएम मिल गया। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आदेश जारी कर एसडीएम आशुतोष शर्मा को गोविंदपुरा एसडीएम की जिम्मेदारी दी है। वहीं, बैरसिया एसडीएम की जिम्मेदारी शिवांगी बघेल संभालेंगी। गोविंदपुरा का नया अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) बनने से काम में गति आएगी। बता दें कि गोविंदपुरा एसडीएम का पद रिक्त होने के बाद इसका अतिरिक्त प्रभार एमपी नगर एसडीएम एलके खरे संभाल रहे थे। इससे क्षेत्र के लोगों को राजस्व और प्रशासनिक कार्यों के लिए एमपी नगर तहसील जाना पड़ रहा था। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और अन्य राजस्व मामलों के आवेदकों को अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही थी, जिससे कार्यों के निपटारे में भी देरी हो रही थी।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षक भर्ती में पदवृद्धि की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन आज

**विरोध**

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में माध्यमिक शिक्षक (वर्ग-2) एवं प्राथमिक शिक्षक (वर्ग-3) भर्ती के अभ्यर्थियों द्वारा पदों की संख्या में वृद्धि की मांग को लेकर मंगलवार को राजधानी में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन डीपीआई के पास होगा। अभ्यर्थी विवेक अग्रवाल ने बताया कि दोनों भर्तियों में कुछ पद घोषित किए हैं, जिससे कई योग्य अभ्यर्थी वंचित रह गए हैं।

### मैनिट के छात्रावास में अव्यवस्थाओं पर आयोग ने लिया संज्ञान

**असुविधाएं**

**भोपाल।** मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के छात्रावास में अव्यवस्थाएं होने का मामला सामने आया है। छात्रावास-9 के शौचालयों के दरवाजे टूटे हुए है, कमरों के बाहर और अंदर कचरे का अंबार लगा हुआ है। मप्र मानव अधिकार आयोग ने मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक से मामले की जांच कराकर कार्यवाही का प्रतिवेदन मांगा है।

## शिक्षा सत्र शुरू होने के ढाई महीने बाद भी 8.15 लाख विद्यार्थियों के पास एक भी किताब नहीं पहुंची

# सरकारी स्कूलों के 26 लाख से ज्यादा बच्चों को नहीं मिली पूरी किताबें

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9893231237

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में सत्र शुरू होने के ढाई महीने बाद भी 26 लाख से अधिक विद्यार्थियों को पूरी किताबें नहीं मिल पाई हैं। वहीं 8.15 लाख विद्यार्थियों को एक भी किताबें नहीं मिली है। यह खुलासा राज्य शिक्षा केंद्र की रिपोर्ट से हुआ है।

सरकारी स्कूलों का नया शिक्षा सत्र एक अप्रैल से शुरू हो चुका है। इस दौरान विद्यार्थियों को किताबों का औपचारिक वितरण भी कराया था। यह किताबें 15 अप्रैल तक लगभग सभी विद्यार्थियों तक पहुंचाना थीं, लेकिन ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद भी अब तक किताबें नहीं पहुंची हैं।




शिक्षा पोर्टल 3.0 की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में 55 लाख 37 हजार 846 विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। इसमें से करीब 21 लाख को ही सभी टाइटल की किताबें मिली हैं। 26 लाख विद्यार्थियों को कुछ किताबें मिली हैं। 8 लाख 15 हजार 388 को पुस्तक ही नहीं मिली हैं।

**भोपाल जिला पीछे:** भोपाल जिला प्रदेश के 55 जिलों में अंतिम पायदान पर है। राज्य शिक्षा केंद्र की रिपोर्ट बताती है कि भोपाल जिले में अभी तक पहली से आठवीं तक कुल नामांकन 63,890 विद्यार्थियों का है। इसमें 42 फीसदी यानी 26,854 बच्चों को सभी टाइटल की किताबें मिल चुकी हैं। 16,345 बच्चों कुछ किताबें मिली हैं।

### इन जिलों के विद्यार्थियों को नहीं मिली पाठ्यपुस्तकें

| | | | |
|---|---|---|---|
| शिवपुरी | 30,581 | धार | 23,603 |
| खरगोन | 24,320 | झाबुआ | 23,688 |
| छतरपुर | 23,937 | मंडला | 23,111 |
| गुना | 23,909 | मुरैना | 22,755 |
| सागर | 23,909 | बड़वानी | 21,345 |



तकनीकी कारणों से कुछ जिलों में किताबें नहीं मिली हैं, वहीं कई स्कूलों में किताब वितरण के बाद पोर्टल पर जानकारी अपडेट नहीं की है। सभी डीपीसी को अपने जिले में पाठ्यपुस्तकों के वितरण की समीक्षा कर विद्यार्थियों को सभी टाइटल की पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। -**डॉ. अरुण सिंह**, अपर संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र

**समाजशास्त्र की किताब नहीं मिली**

मेरी क्लास में अभी हिंदी और समाज शास्त्र की नई किताब नहीं मिली है। फिलहाल पिछले वर्ष के स्टूडेंट्स से पुरानी किताबें लेकर पढ़ाई कराई जा रही है। अभी कुछ बच्चों को एक भी किताब नहीं मिली है। -**सुनीता सिंह**, स्टूडेंट 11वीं, शाउमावि, बागसेवनियां भोपाल

## अवैध खनन की जांच सवालों के घेरे में आई

**भोपाल।** हुजूर तहसील के ग्राम रोजीवे में कथित अवैध खनन के मामला सवालों का घेरे में आ गया है। जिला खनिज अधिकारी मेहताब सिंह रावत ने कहा है कि उन्हें जांच रिपोर्ट नहीं मिली है। ऐसे में सवाल उठता है कि फिर क्या अवैध खनन की जांच रिपोर्ट दो बार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को किसने दी?

कलेक्टर दोनों बार जांच रिपोर्ट नकार चुके हैं और तीसरी बार जांच करने के निर्देश दिए हैं। दरअसल इस मामले में तहसीलदार शुभम जैन और सहायक खनिज अधिकारी शुचि माथुर की संयुक्त टीम द्वारा 30 जून को की गई कार्रवाई के बाद 6 जुलाई को करीब 40.40 लाख रुपए के अवैध खनन और मिट्टी बेचने की रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय भेजी गई थी। इसके बाद से कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### हमले के आरोपी को पांच साल की सजा

**भोपाल।** पुरानी रंजिश पर साथी कर्मचारी पर हमला कर घायल करने के मामले के आरोपी अंगद गिरी पिता गणेश गिरी (26) निवासी अर्जुन नगर को अपर सत्र न्यायाधीश प्रीति साल्वे ने 5 साल के कारावास और 3000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले के मुताबिक 21 अगस्त 2023 को सांची डेयरी हबीबगंज के प्रोडक्ट सेक्शन गोविंदपुरा में फरियादी अलकेश घोटे को गालियां देकर हमला कर गंभीर घायल कर दिया था।

### 22 मवेशी कांजी हाउस भेजे, 4 को आसरा भेजा

**भोपाल।** शहर की सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों के खिलाफ नगर निगम का अभियान सोमवार को भी जारी रहा। गोवर्धन परियोजना शाखा की टीम ने अरेरा कॉलोनी, नेहरू नगर, भदभदा, रातीबड़, नीलबड़, पिपलानी, कोकता, करोंद, अयोध्या बायपास, भानपुर, सहित कई इलाकों में कार्रवाई करते हुए 22 मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में भेजा। वहीं, चार बीमार एवं घायल पशुओं को आसरा पशु चिकित्सालय पहुंचाया गया।

### टैंक में गिरने से नौ साल के बच्चे की मौत

**भोपाल।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन एक मकान के खुले हुए पानी के टैंक में डूबने से नौ वर्षीय बालक की जान चली गई। पुलिस के मुताबिक ग्राम दूपड़ी निवासी नौ वर्षीय फरमान अली रविवार को बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान वह पानी से भरे टैंक में गिर गया। वहीं, गौतम नगर थाना क्षेत्र में दो वर्षीय सानिया की फिनाइल पी लेने से मौत हो गई। बताया गया है कि बच्ची खेलते-खेलते अनजाने में फिनाइल पी गई थी।

### बच्चे को कुचलने वाला कार चालक गिरफ्तार

**भोपाल।** बैरसिया थाना पुलिस ने तीन वर्षीय मासूम को कार से कुचलने के मामले में फरार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने एसयूवी कार भी जब्त कर ली है। पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर ग्राम ललरिया में 3 वर्षीय जूना खान सड़क पर थी, तभी एसयूवी कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर कार चालक जाकिर खान को गिरफ्तार कर लिया। उसकी कार भी जब्त कर ली गई है।

### स्कूल व किराना दुकान में चोरों ने लगाई सेंध

**भोपाल।** चोरों ने मिसरोद और हबीबगंज थाना क्षेत्रों में करीब साढ़े चार लाख रुपए नकद और 50 हजार का किराना सामान चोरी कर लिया। मिसरोद थाना पुलिस के मुताबिक 11 मील स्थित निजी स्कूल के रविवार-सोमवार की रात ताले टूटे मिले। स्कूल में स्थित लेखा अधिकारी के कमरे से 3 लाख 92 हजार 280 रुपए ले गए। इधर, हबीबगंज थाना क्षेत्र में रविशंकर शुक्ला मार्केट स्थित किराना दुकान के गल्ले से चोर 60 हजार रुपए के अलावा अन्य सामान ले गए।

### निगम ने अवैध निर्माण रुकवाया, 8 ठेले जब्त

**भोपाल।** नगर निगम के अमले ने सोमवार को शहर के कई इलाकों से अतिक्रमण हटाए। कटारा हिल्स में एक मकान का अवैध निर्माण रुकवाया गया, जबकि भानपुर खेजड़ा गांव में बांस-बल्ली लगाकर बंद किया गया रास्ता खुलवाया गया। इसके अलावा नेहरू नगर, पीएंडटी चौराहा, मैदामिल और अशोका गार्डन क्षेत्र से यातायात में बाधा बने 135 से अधिक दोपहिया और चारपहिया वाहन हटवाए गए। कार्रवाई के दौरान 8 ठेले, एक बड़ा लोहे का काउंटर और तीन स्टैंड बोर्ड जब्त किए गए।

# 10 साल से थी फर्जीवाड़े की जानकारी फिर भी श्रीराम कॉलेज को दे रहे थे संबद्धता

## साल 2016 में ही सामने आ गया था मामला

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9893231237

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) के अधिकारियों के अजीबो-गरीब कारनामे सामने आ रहे हैं। राजधानी के श्रीराम कॉलेज के फर्जीवाड़े की रिपोर्ट बीयू के पास 10 वर्ष पहले यानी वर्ष 2016 से है। बावजूद कॉलेज को लगातार संबद्धता दी जा रही थी। अब मामला खुला तो रजिस्ट्रार समर बहादुर सिंह ने जांच कराकर संबद्धता समाप्त कर दी है।

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के द्वारा देश भर के बीएड कॉलेजों की करवाई गई जांच में मप्र के 125 कॉलेज कागजों में संचालित होते मिले हैं। रिपोर्ट में बीयू से संबद्ध कई बीएड कॉलेज ऐसे ही मिले हैं। इसमें राजधानी के तीन कॉलेजों का फर्जीवाड़ा सामने आया है। इसमें गंभीर मामला विदिशा रोड पर स्थित मुगालिया कोट गांव का है। बीयू के रिकॉर्ड में खसरा नंबर 148/149/2/1 पर 'श्रीराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन' संचालित होना चाहिए। लेकिन यहां खेत मिला। जमीन के रिकॉर्ड पर दो और संस्थान- बगलामुखी कॉलेज और एक अन्य निजी कॉलेज भी दर्ज मिला है।




### साल दर साल किया जाता रहा नवीनीकरण

रजिस्ट्रार सिंह के अनुसार बीयू के पास वर्ष 2016 की जांच रिपोर्ट मौजूद है। इसमें दिए गए खसरे में कॉलेज नहीं था। लेकिन नोटिस देकर शपथ पत्र लेकर अधिकारी संबद्धता नवीनीकरण करते रहे हैं। किसी अधिकारी ने जमीनी हकीकत जानने की कोशिश नहीं की। रजिस्ट्रार सिंह के संज्ञान में यह बात आई तो उन्होंने नए सिरे से जांच करवाई और हाल ही में श्रीराम कॉलेज की संबद्धता समाप्त कर दी है।

### दो कॉलेज ऐसे...जो अपनी जगह पर मिले ही नहीं

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के आठ जिलों में फैले दायरे में कुल 129 बीएड कॉलेज संचालित किए जा रहे हैं। बताया गया है कि इनमें से 127 प्राइवेट हैं। कार्यकारी परिषद के निर्देश पर की गई जांच में दो कॉलेज ऐसे हैं, जो दर्ज किए गए अपने पते पर मिले ही नहीं। जबकि, कई अन्य में बुनियादी सुविधाएं गायब थीं। इसके बाद भी पिछले माह 24 जून को हुई बैठक में बीयू ने फिजिकल वेरिफिकेशन करने के बजाय सिर्फ एक नोटरीकृत हलफनामे के आधार पर प्राइवेट बीएड कॉलेजों को सशर्त संबद्धता दे दी।

> बीयू के पास श्रीराम कॉलेज की वर्ष 2016 की रिपोर्ट मौजूद है, उसमें भी दिए गए खसरे में कोई कॉलेज नहीं मिला था। यह मामला मेरे कार्यकाल का नहीं है। अब हमने जांच कराकर श्रीराम कॉलेज की संबद्धता समाप्त कर दी है।
> **-समर बहादुर सिंह**, रजिस्ट्रार, बीयू

> जांच कमेटी को कई विसंगतियां मिली हैं। शिकायतों के बाद एफिडेविट लेने का फैसला किया गया था। अगर आगामी जांच में इंफ्रास्ट्रक्चर, फैकल्टी या बिल्डिंग में कोई भी कमी पाई जाती है, तो इन संस्थानों के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाएगी।
> **-इंदर सिंह परमार**, मंत्री, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

### नशे के इंजेक्शन बेचने वाले दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

**भोपाल।** पिपलानी थाना पुलिस ने नशीले इंजेक्शन बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों से 80 प्रतिबंधित इंजेक्शन और 50 निडिल बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार रत्नागिरी तिराहे के पास घेराबंदी कर दक्ष यादव (32) निवासी गोपाल नगर और बल्लू कुचबंदिया (27) निवासी कैंची छोला को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से ब्युप्रेनॉर्फिन (ब्युफिजेसिक) के 40 इंजेक्शन, एविल के 40 इंजेक्शन तथा 50 निडिल बरामद हुए। दोनों महंगे शौक पूरे करने के लिए नशीले इंजेक्शन बेचते थे।

## अटल भवन से बिरला मंदिर तक सुविधाओं का लिया जायजा, 6 रूटों पर चलेंगी बसें

# खुशखबरी : भोपाल की सड़कों पर दौड़ी पहली 5 ई-बस, महापौर और पार्षदों ने किया सफर

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत शहर में आई इलेक्ट्रिक बसों का ट्रायल किया गया। दो रूट पर 5 बसें चलाई गईं। इसमें से तीन में महापौर मालती राय, एमआईसी सदस्य, पार्षद और निगम अधिकारियों ने अटल भवन लालघाटी से बिरला मंदिर और कमला पार्क तक बसों में सफर कर सुविधाओं और संचालन व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान कमला पार्क पर सभी पार्षदों ने भुट्टे और चने का लुत्फ भी उठाया।

मालूम हो कि शहर में पहले चरण में छह रूटों पर ई-बसें चलाई जानी हैं। करीब 5 दिन तक चलने वाले इस ट्रायल रन के बाद इसे आम लोगों के लिए शुरू किया जाएगा। यात्रियों को डेढ़ रुपए प्रति किमी का किराया देना होगा। पहले पांच किमी में डेढ़ रुपए ही लगेगा। अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया है। इन बसों में 'चलो मोबाइल ऐप' के जरिए टिकट बुक कर सकते हैं। ऐप पर बसों की लाइव लोकेशन दी जाएगी।


भोपाल। महापौर मालती राय ने पार्षदों के साथ बस में सफर किया।

### पुराने भोपाल से कोलार तक रूट से जुड़ेगा

इलेक्ट्रिक बसें बैरागढ़ डिपो से पुराने भोपाल होते हुए बोर्ड ऑफिस तक ले जाई जा रही हैं। भोपाल स्टेशन और कोलार के बैरागढ़ चीचली तक यहीं से बसें चलेंगी। सबसे लंबा रूट 68.5 किमी जबकि छोटा रूट 32 किमी का होगा, इसमें अवारपुरा, लांबाखेड़ा, करोंद, आरिफ नगर, संगम टॉकीज, बोर्ड ऑफिस, हबीबगंज होते हुए बीडीए कॉलोनी होगी।

> ई-बसें भोपाल के सार्वजनिक परिवहन को नई पहचान देंगी। यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और पर्यावरण अनुकूल सफर मिलेगा। नियमित संचालन शुरू होने से शहर में बेहतर लोक परिवहन व्यवस्था विकसित होगी। **-मालती राय**, महापौर

> बसों में उपलब्ध सुविधाएं यात्रियों के लिए काफी उपयोगी हैं। ट्रायल के दौरान संचालन व्यवस्था का जायजा लिया गया है। जल्द ही शहरवासियों को इन बसों का लाभ मिलने लगेगा।
> **-मनोज राठौर**, एमआईसी सदस्य

## इनसाइड स्टोरी: नई ई-बसें पुराने बस स्टॉप पर ही रुकेंगी, न जहां कुर्सियां और न छत

इधर, भोपाल में नई इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू होने जा रहा है। लेकिन शहर का बस स्टॉप नेटवर्क अब भी पुराने दौर की बदहाली से नहीं निकल पाया है। जिन बस स्टॉप पर कभी लो-फ्लोर बसों का संचालन होता था, उनमें से अधिकांश जर्जर हैं। कहीं, छत टूट चुकी है, कहीं बैठने की कुर्सियां गायब हैं। कई बस स्टॉप अतिक्रमण और गंदगी की चपेट में हैं।

ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब नई और आधुनिक ई-बसें सड़कों पर उतरेंगी तो यात्रियों को इंतजार के लिए क्या वही बदहाल बस स्टॉप मिलेंगे? शहर में वर्षों पहले करोड़ों खर्च कर ये बस बनाए गए थे। इनमें से ज्यादातर के ढांचे तक क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। यात्रियों का कहना है कि केवल नई बसें चलाने से व्यवस्था बेहतर नहीं होगी, बल्कि बस स्टॉप भी सुरक्षित, साफ-सुथरे और उपयोगी होने चाहिए।



**क्या हैं मौजूदा दिक्कतें?:** शहर के कई बस स्टॉप पर न छांव की व्यवस्था है और न बैठने की। कई जगह सूचना बोर्ड और रूट चार्ट भी गायब हैं। रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं रहती है। कई जगह पर इलेक्ट्रॉनिक डेशबोर्ड तब गायब हो चुके हैं।

**बस स्टॉप भी हों स्मार्ट:** विशेषज्ञों का मानना है कि ई-बसों के साथ बस स्टॉप भी स्मार्ट होने चाहिए। यहां शेल्टर, डिजिटल रूट डिस्प्ले, बैठने की बेहतर व्यवस्था, दिव्यांग अनुकूल रैंप, पर्याप्त रोशनी और स्वच्छता सुनिश्चित की जाए।

**महापौर ने किया निरीक्षण :** वीआईपी रोड स्थित करबला क्षेत्र में क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत जल्द शुरू होगी। सोमवार को महापौर मालती राय ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

# हनी ट्रैप : स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से 32 लाख की ठगी

## विभागीय कर्मचारी की बेटी पर ब्लैकमेल का आरोप

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9425620522

स्वास्थ्य विभाग के प्रथम श्रेणी अधिकारी को हनी ट्रैप में फंसाकर 32 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। अधिकारी ने विभाग के ही कर्मचारी की बेटी पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है।

पुलिस के मुताबिक अधिकारी अरेरा कॉलोनी के निवासी हैं। उनका कहना है कि वर्ष 2013 में विभाग के कर्मचारी के जरिए युवती और उसके परिवार से परिचय हुआ था। कर्मचारी कैंसर पीड़ित था, इलाज के लिए युवती ने आर्थिक सहायता मांगी। पिता की मौत के बाद भी वे मदद करते रहे। वर्ष 2022 में युवती फिर संपर्क में आई और उधार के बहाने 12 लाख रुपए लिए।



### आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल करने की धमकी

आरोप है कि 5 लाख का चेक दिया, लेकिन बैंक में लगाने को नहीं कहा। इसके बाद वह दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर रुपए मांगने लगी। अधिकारी का आरोप है कि अगस्त 2025 में युवती ने बहाने से अपने घर बुलाकर 25 लाख मांगे। साथ ही आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल करने की धमकी दी। ऐसे में उन्होंने 20 लाख रुपए दे दिए। इस तरह वर्ष 2022 से अब तक महिला 32 लाख रुपए ले चुकी है।

# जिम ट्रेनर ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अभी साफ नहीं

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

राजधानी के थाना क्षेत्रों में दो लोगों ने फांसी लगाकर जान दे दी। हबीबगंज में जिम ट्रेनर और खजूरी सड़क में एक युवक की आत्महत्या के मामलों में पुलिस को अब तक कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। हबीबगंज थाना पुलिस के अनुसार अंकुर कॉम्पलेक्स निवासी 40 वर्षीय अरुण सक्सेना जिम ट्रेनर थे। रविवार-सोमवार की रात उन्होंने फांसी लगा ली। पुलिस को कमरे की तलाशी में सुसाइड नोट नहीं मिला। परिजनों के बयान अभी दर्ज नहीं हो सके हैं, जिससे आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं।

उधर, खजूरी सड़क थाना क्षेत्र में 18 वर्षीय अजय जाटव ने भी फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के समय वह शराब के नशे में था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि उन्हें आत्महत्या के कारणों की कोई जानकारी नहीं है।

# कलियासोत डैम के वेटलैंड क्षेत्र को वीकेंड पर एडवेंचर ट्रैक बनाए जाने पर ऐतराज

## मड कार रैली, ऑफ-रोडिंग रोकने पुलिस कमिश्नर से की शिकायत

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9300697983

कलियासोत डैम के वेटलैंड क्षेत्र में वीकेंड पर होने वाली मड कार रैली और ऑफ-रोड ड्राइविंग को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।

पर्यावरण एवं सामाजिक कार्यकर्ता राशिद नूर खान ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत कर डैम, उसके कैचमेंट और वेटलैंड क्षेत्र में बिना अनुमति होने वाली कार रैली, ऑफ-रोड ड्राइविंग और वॉटर बॉडी स्टंट पर रोक लगाने की मांग की है। शिकायत में कहा है कि मानसून के दौरान कुछ समूह सोशल मीडिया पर प्रचार करते हैं और जीप, जिप्सी या एसयूवी जैसे वाहनों के साथ कलियासोत पहुंचते हैं। यहां दलदली जमीन, कच्चे रास्तों और जलाशय के किनारों पर ऑफ-रोड ड्राइविंग की जाती है।



### ये हैं प्रमुख मांगें

- वेटलैंड और कैचमेंट क्षेत्र में मड कार रैली और ऑफ-रोड ड्राइविंग पर तत्काल रोक।
- सोशल मीडिया पर ऐसे आयोजनों के प्रचार पर कार्रवाई की जाए।
- वीडियो फुटेज के आधार पर खतरनाक ड्राइविंग करने वालों पर कार्रवाई की जाए।
- वन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला प्रशासन के साथ संयुक्त निगरानी।

**एनजीटी जता चुका है चिंता :** शिकायत में एनजीटी के साल 2019 के आदेश और उसके बाद गठित समिति की रिपोर्ट का हवाला दिया है। जिसमें एनजीटी ऐसी गतिविधियों पर चिंता जता चुका है।

**क्या पड़ता है असर :** मानसून में डैम क्षेत्र में जलपक्षियों, सरीसृपों और उभयचर जीवों का प्राकृतिक आवास बन जाता है। मड रैली से प्राकृतिक वनस्पतियां नष्ट हो सकती हैं। वाहनों से रिसने वाला तेल जलाशय को प्रदूषित कर सकते हैं।

### टेस्ट ड्राइव के बहाने सेकंड हैंड बाइक लेकर युवक फरार

**भोपाल।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में सेकंड हैंड दोपहिया वाहन खरीदने के बहाने आया एक युवक ऑटो डील कारोबारी को झांसा देकर बाइक लेकर फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार पातरा के पास बरखेड़ी स्थित नीलम कॉलोनी निवासी 38 वर्षीय मोहम्मद नासिर सेकंड हैंड वाहनों का कारोबार करते हैं। 17 जुलाई की दोपहर नकाब लगाए, एक युवक उनकी दुकान पर पहुंचा और पल्सर बाइक (एमपी-04-जेडपी-2641) पसंद की। उसने वाहन खरीदने की सहमति जताई और टेस्ट ड्राइव करने की बात कही। आरोपी ने भरोसा कायम करने के लिए अपना बैग दुकान पर रखने को कहा। इसके बाद युवक बाइक लेकर निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा। संदेह होने पर जब बैग खोला तो उसमें केवल रद्दी कागज पन्नियां भरी मिलीं। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।




## मप्र को अभी टीकाकरण योजना में शामिल करने की तैयारी नहीं, निजी अस्पतालों में लगेगी

# डेंगू वैक्सीन मंजूर, पर सरकारी अस्पतालों में नहीं लगेगी

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9827363130

देश में पहली बार डेंगू से बचाव के लिए क्यूडेंगा वैक्सीन को मंजूरी मिल गई है। लेकिन मप्र के लोगों को अभी इसका लाभ सरकारी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत नहीं मिल सकेगा।

स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार प्रदेश में इस वैक्सीन को नियमित टीकाकरण योजना में शामिल करने की तैयारी नहीं है। ऐसे में वैक्सीन केवल निजी अस्पतालों और अधिकृत निजी टीकाकरण केंद्रों पर उपलब्ध होगी। विशेषज्ञों के मुताबिक इसकी एक डोज की कीमत करीब 5 हजार रुपए रहने की संभावना है। चूंकि वैक्सीन के दो डोज लगते हैं और दोनों के बीच तीन महीने का अंतर होता है, इसलिए एक व्यक्ति को दोनों खुराक पर 10 हजार रुपए तक खर्च करने पड़ सकते हैं। मालूम हो कि मध्यप्रदेश में हर साल मानसून के दौरान डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। राजधानी भोपाल में डेंगू के अब तक 48 तो प्रदेश में 385 मामले सामने आ चुके हैं।



### क्या है क्युडेंगा वैक्सीन?

क्यूडेंगा भारत में मंजूर होने वाली पहली डेंगू वैक्सीन है। इसे 4 से 60 वर्ष तक के लोगों को लगाया जा सकता है। वैक्सीन लगाने से पहले यह जांच करवाने की जरूरत नहीं होगी कि व्यक्ति को पहले कभी डेंगू हुआ है या नहीं। यह डेंगू वायरस के चारों प्रमुख सीरोटाइप से सुरक्षा देने के लिए विकसित की गई है। दो डोज त्वचा के नीचे इंजेक्शन के रूप में दी जाती हैं और दोनों के बीच तीन महीने का अंतर रखा जाता है।

**सरकारी योजना में क्यों नहीं होगी शामिल:** जानकारी के मुताबिक सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम में उन वैक्सीन को ही शामिल किया जाता है, जिन बीमारियों का व्यापक असर होता है। या जिन बीमारियों का मृत्यु दर अधिक होती है। उन बीमारियों के टीकों को ही शामिल किया जाता है।

> डेंगू की वैक्सीन को मंजूरी मिली है, लेकिन फिलहाल यह निजी स्तर पर ही मिलेगी। अभी इसे सरकारी योजना में शामिल करने का प्रस्ताव नहीं है। बाद में इसके सरकारी योजना में शामिल करने पर विचार किया जा सकता है।
> **-डॉ. हिमांशु जैसवार**, उप संचालक, स्वास्थ्य



युवाओं की आवाज दबाने से सच नहीं छिपेगा ? पेपर लीक, परीक्षा घोटालों और शिक्षा व्यवस्था की बदहाली से करोड़ों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाने वाले युवाओं पर दमन करना लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। सरकार को युवाओं की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। @ **कुणाल चौधरी**, पूर्व विधायक, कांग्रेस

## 21 जुलाई 2026 को कौन-कहां

- **डॉ. मोहन यादव** — सीएम, मप्र, भोपाल।
- **हेमंत खंडेलवाल** — प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, भोपाल।
- **जगदीश देवड़ा** — उप मुख्यमंत्री, भोपाल।
- **राजेंद्र शुक्ल** — उप मुख्यमंत्री, भोपाल।
- **इंदर सिंह परमार** — मंत्री, उच्च शिक्षा, भोपाल।
- **तुलसी सिलावट** — मंत्री, जल संसाधन, भोपाल।
- **जीतू पटवारी** — प्रदेशाध्यक्ष, कांग्रेस, दतिया।
- **संपतिया उइके** — मंत्री, पीएचई, भोपाल।

# विधानसभा के मानसून सत्र का पहला दिन : अपने-अपने अंदाज में पहुंचे विधायक



भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के साथ प्रियंका पेंची और प्रतिमा बागरी। | पीपुल्स समाचार



कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे, झूमा सोलंकी और सेना पटेल। | पीपुल्स समाचार



भाजपा विधायक ललिता यादव। | पीपुल्स समाचार



सागर विधायक शैलेंद्र जैन। | पीपुल्स समाचार



कांग्रेस विधायक आतिफ अकील। | पीपुल्स समाचार

## सार समाचार

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वरिष्ठ सचिव समिति का पुनर्गठन

**भोपाल।** राज्य शासन द्वारा वरिष्ठ सचिव समिति का पुनर्गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष मुख्य सचिव होंगे। एसीएस नर्मदा घाटी विकास/जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अशोक बर्णवाल के अलावा भारसाधक सचिव सामान्य प्रशासन, वित्त और विधि एवं विधायी सदस्य होंगे। आदेश अनुसार विषय से संबंधित भारसाधक सचिव समिति में सदस्य एवं प्रस्तुतकर्ता होंगे। समिति के कार्यक्षेत्र में विस्तार के अनुसार विधायी प्रस्तावों का परीक्षण, नीतिगत मामले तथा अन्य महत्वपूर्ण विषय जो मुख्यमंत्री अथवा मुख्य सचिव द्वारा निर्देशित किए गये हो प्रस्तुत किये जा सकेंगे।

### मप्र को मिला बायोमेट्रिक आधारित प्री-ऑथराइजेशन में राष्ट्रीय पुरस्कार



**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) द्वारा नई दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में आयोजित राष्ट्रीय समीक्षा बैठक में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश को बेस्ट परफार्मिंग लार्ज स्टेट-हाइयेस्ट प्री-ऑथोराइजेशंस विथ बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन श्रेणी में राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान आयुष्मान भारत निरामयम् मध्यप्रदेश के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविंद शाह ने ग्रहण किया।

### जियालाल अहिरवार बने मध्यप्रदेश बसपा के अध्यक्ष, नर्मदा प्रसाद की वापसी

**भोपाल।** मप्र बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सहित कई पदाधिकारी बदल दिए गए हैं। इसमें प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पिप्पल की जगह बैरसिया के जियालाल अहिरवार को कमान सौंपी गई है। राष्ट्रीय समन्वयक राजाराम पूर्व सांसद को हटाकर रामजी गौतम को लगाया गया है। प्रदेश प्रभारी मुकेश अहिरवार के स्थान पर झारखंड से नर्मदा प्रसाद अहिरवार को वापस लाकर प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई।

### सरकार के पास नौकरी पाने वालों का रिकॉर्ड नहीं

# प्रदेश में आठ वर्षों में 47.56 लाख आकांक्षी युवाओं के पंजीयन निरस्त

पीपुल्स ब्यूरो • भोपाल
मो.नं. 9425018933


मध्यप्रदेश के रोजगार पंजीयन पोर्टल पर दर्ज आकांक्षी युवाओं (रोजगार की तलाश कर रहे पंजीकृत आवेदकों) की संख्या में बीते 6 माह में बड़ा बदलाव सामने आया है। विधानसभा में सरकार द्वारा प्रस्तुत जानकारी के अनुसार दिसंबर 2025 की तुलना में जून 2026 तक पोर्टल पर पंजीकृत युवाओं की संख्या करीब 8.25 लाख घटकर 17.71 लाख रह गई है। वहीं वर्ष 2018 से जून 2026 के बीच 47.56 लाख आवेदनों को निरस्त किया गया, जबकि केवल 3.85 लाख आवेदकों ने पंजीयन का नवीनीकरण कराया।

कांग्रेस विधायक प्रताप ग्रेवाल के प्रश्न के लिखित उत्तर में कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने बताया कि तीन वर्ष पूरे होने पर पंजीकरण का नवीनीकरण नहीं कराने वाले आवेदकों के नाम नियमानुसार पोर्टल से हटाए गए। हालांकि सरकार ने यह भी स्वीकार किया कि निरस्त और नवीनीकरण कराने वाले आवेदकों की शिक्षा, वर्ग और लिंग संबंधी विस्तृत जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध नहीं है।

#### वर्तमान पंजीकृत आकांक्षी युवा (शैक्षणिक योग्यता)

| शैक्षणिक योग्यता | संख्या |
|---|---|
| 10वीं | 1,70,718 |
| 12वीं | 5,01,474 |
| स्नातक | 7,29,708 |
| स्नातकोत्तर | 2,32,905 |
| अन्य | 1,36,327 |
| कुल | 17,71,132 |

#### वर्गवार पंजीकृत आकांक्षी युवा




सोर्स : मप्र विधानसभा

#### कांग्रेस ने उठाए सवाल

कांग्रेस ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब 6 माह में निजी क्षेत्र में केवल 2,700 युवाओं को ही ऑफर लेटर जारी हुए, तब पोर्टल पर दर्ज बेरोजगार कैसे कम हो गए। सरकार ने नौकरी जॉइन करने वालों का रिकॉर्ड भी नहीं दिया।

## टेक होम राशन मामले में ACS रस्तोगी 31 अगस्त को लोकायुक्त में होंगी पेश

पीपुल्स ब्यूरो • भोपाल
मो.नं. 9425018933

टेक होम राशन (टीएचआर) में कथित अनियमितताओं की जांच से जुड़े प्रकरण में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव दीपाली रस्तोगी 31 अगस्त 2026 को लोकायुक्त कार्यालय में उपस्थित होंगी। यह जानकारी पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कांग्रेस विधायक प्रताप ग्रेवाल के प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। मंत्री ने बताया कि पूर्व में लोकायुक्त के बुलावे पर विभागीय व्यस्तता के कारण वह उपस्थित नहीं हो सकी थीं।

सरकार ने बताया कि टेक होम राशन की ऑडिट रिपोर्ट में दर्ज आपत्तियों के आधार पर 73 अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इनमें 11 जिला कार्यक्रम अधिकारियों के विरुद्ध शासन स्तर पर कार्रवाई लंबित है, जबकि 62 अधिकारियों को कारण बताओ



प्रहलाद पटेल



प्रताप ग्रेवाल

नोटिस जारी किए गए। इनमें से 37 के खिलाफ विभागीय जांच, 10 प्रकरण समाप्त, 6 मामलों में जांच पूरी होकर निर्णय लंबित, 8 प्रकरण नस्ती तथा 13 मामलों में जांच जारी है। वहीं 25 अधिकारियों के जवाबों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। आजीविका मिशन में भी कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। ग्रेवाल ने पूर्व विधायक पारस सकलेचा की शिकायत, तत्कालीन सीईओ एलएम बेलवाल की संविदा नियुक्ति, पूर्व सीएस इकबाल सिंह बैंस की भूमिका तथा जांच रिपोर्टों पर सरकार की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। आरोप लगाया कि घोटाले के जिम्मेदारों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## गुरु पूर्णिमा से पहले सांदीपनि विद्यालयों का होगा लोकार्पण

### सीएम ने आयोजन की तैयारियों की समीक्षा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

पीपुल्स ब्यूरो • भोपाल
मो.नं. 9425174141

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आने वाली गुरु पूर्णिमा पर प्रदेशव्यापी 'महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व' का आयोजन किया जाए। सोमवार को विधानसभा के समिति कक्ष में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जितने भी सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण होना शेष है, उनका लोकार्पण गुरु पूर्णिमा से पहले करा लिया जाए।

डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महर्षि सांदीपनि के जीवन चरित्र एवं गुरुकुल शिक्षा पद्धति के प्रसार में उनके वैशिष्ट्य और योगदान पर केंद्रित एक लघु पुस्तिका का प्रकाशन कराएं और सभी विद्यालयों में वितरित कराएं।

#### सभी विद्यालयों में गुरु -पूजन का आयोजन हों

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में गुरु-पूजन आयोजन किया जाये। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष विद्यालयों में मनाये जाने वाले मित्रता दिवस पर श्रीकृष्ण-सुदामा के जीवन चरित्र के बारे में बताया जाए।

इधर, अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन, संस्कृति एवं धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व शिवशेखर शुक्ला ने बताया कि गुरु पूर्णिमा (29 जुलाई) के दिन शैक्षणिक संस्थाओं में होने वाले कार्यक्रमों में गुरुजनों का स्वागत-सत्कार-सम्मान, व्याख्यान/ उद्बोधन, छात्र-शिक्षक संवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

## खाद-बीज नहीं मिलने को लेकर विपक्ष का प्रदर्शन

### विधानसभा परिसर के बाहर मुखौटे लगाकर आए विधायक

**भोपाल।** विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा परिसर के बाहर प्रदेश में खाद-बीज की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायक, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना के मुखौटे पहनकर पहुंचे। गांधी प्रतिमा के सामने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि किसान को समय पर न खाद मिल रही है, न बीज मिल रहा है। वहीं, महिदपुर विधायक दिनेश जैन, विधायक सुनील उईके शिवराज सिंह चौहान और पोहरी कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाहा कृषि मंत्री सिंह कंसाना का मुखौटा पहनकर विधानसभा पहुंचे।



पीपुल्स समाचार

### उज्जैन में जमीन खरीदी को लेकर विपक्ष का हंगामा

**भोपाल।** शून्य काल की कार्यवाही शुरू होने के बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने उज्जैन में जमीन खरीदी का मामला उठाया। इस पर चर्चा की मांग की। इसका बीजेपी विधायकों और मंत्रियों ने विरोध किया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि नियम के अनुसार यह मुद्दा स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा में नहीं लाया जा सकता है क्योंकि यह 2023 का मामला है। सत्ता पक्ष- विपक्ष की ओर से शोर-शराबा शुरू हुआ। कांग्रेस विधायक आसंदी तक पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने आसंदी से खड़े होकर सदस्यों से शांत रहने का आग्रह किया।

## खेल मंत्री बोले-सिर्फ फोटो लगाने के लिए प्रतियोगिता नहीं

### घनघोरिया ने मंत्री विश्वास सारंग को घेरा, क्यों बंद कर दिए आयोजन

पीपुल्स ब्यूरो • भोपाल
मो.नं. 9425174141

**प्रश्नकाल**

राज्य विधानसभा में सोमवार को सत्र प्रारंभ होने के पहले दिन कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने खेल मंत्री विश्वास सारंग को घेरा। विधायक ने प्रश्नकाल के दौरान अपने सवाल के जवाब में पूछा कि खेल प्रतिभाओं के नाम पर मिलने वाली राशि कहां गई? उन्होंने यह भी सवाल किया कि विधायक कप खेल आयोजन बंद क्यों कर दिए। इस पर मंत्री ने जवाब में कहा कि हम सिर्फ अपने फोटो लगाने के लिए प्रतियोगिता आयोजित नहीं करना चाहते।

सदन में विधायक घनघोरिया ने सवाल पर सवाल किए। उन्होंने कहा कि जबलपुर को फुटबाल के नाम से जाना जाता है, लेकिन यहां बने वेलोड्रम का रखखाव ही नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 से 2026-27 के लिए आवंटित राशि कहां-कहां खर्च की। जवाब में मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासन कल में खेल के नाम पर 6 करोड़ का बजट होता था लेकिन 815 करोड़ का बजट है। विधायक खेल के नाम पर मिलने वाली राशि कम थी, विधायकों ने इसपर ध्यान भी आकृष्ट कराया था। इसलिए हमने तय किया है कि हर विधानसभा में एक स्टेडियम बनाएंगे। हम नहीं चाहते कि किसी की फोटो लगे, बल्कि खिलाड़ी निकलकर सामने आएं।

### जतारा-पलेरा में भी बना दें अत्याधुनिक जनपद भवन

भाजपा विधायक हरिशंकर खटीक ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल से सवाल के जवाब में जतारा और पलेरा में अत्याधुनिक जनपद भवन की मांग की। उन्होंने कहा कि एक 5-5 करोड़ रुपए मंजूर किए जाए। इस पर पंचायत मंत्री ने कहा कि हमने प्रदेशभर में 2,390 अटल ग्राम सेवा सदन बनाए, 106 अटल सुशासन भवन और पांच जिला पंचायत भवन नए जिले में बनाए। इस निर्माण में 2,500 करोड़ खर्च किए हैं। जहां तक पलेरा और जतारा में जनपद पंचायत भवन के लिए पांच-पांच करोड़ रुपए मंजूर करने की बात है तो बजट में पैसा आएगा तो विचार किया जाएगा।

**ध्यानाकर्षण**

### पंढरपुर में श्रद्धालुओं को सुविधाएं देगी सरकार

**भोपाल।** संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि पंढरपुर में श्रद्धालुओं के ठहरने सहित अन्य सुविधाएं सरकार उपलब्ध कराएगी। इसके संचालन, रख रखाव, मरम्मत संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है। यहां उचित व्यवस्था होने के कारण श्रद्धालुओं में कोई रोष नहीं है। मंत्री विजयवर्गीय विधायक अर्चना चिटनीस के ध्यानाकर्षण की सूचना का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2003 से अब तक प्रति वर्ष प्रदेश के अषाढ़ मास में आने वाली यात्रा में शामिल होने वाले बारकरी श्रद्धालुओं की सुविधा दी जाती है।

## दस महीने के एल्डरमैन, 13 नगर निगमों की सूची जारी

### भोपाल-उज्जैन में महिला को मौका नहीं

पीपुल्स ब्यूरो • भोपाल
मो.नं. 9425144091

सरकार ने प्रदेश के नगर निगमों में चार साल के इंतजार के बाद एल्डरमैनों की नियुक्ति सूची जारी कर दी। इन्हें बमुश्किल 9-10 महीने का कार्यकाल ही मिल पाएगा। जून 2027 में स्थानीय निकायों के चुनाव संभावित हैं। नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा भोपाल, मुरैना, सागर, रतलाम, उज्जैन और रीवा सहित 13 नगर निगमों की सूची जारी की गई है। इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर होल्ड पर है। भोपाल,उज्जैन में किसी महिला नेत्री को मौका नहीं मिला।

#### ये हैं भोपाल के एल्डरमैन

भोपाल के अलावा मुरैना, सागर, रीवा, सतना, सिंगरौली, कटनी, छिंदवाड़ा, खंडवा, बुरहानपुर, उज्जैन, देवास और रतलाम नगर निगम एल्डरमैन की सूची जारी की गई है। भोपाल नगर निगम में श्याम विजयवर्गीय, महेश तिवारी, सुनील द्विवेदी, प्रदीप लोधी, लीलाधर यादव, प्रमोद पोलघंटरवार, राजेश साहू, रवि गोयल, दीपक सक्सेना, विनोद चौरसिया, डीके सक्सेना और विजय सिंह के नाम शामिल हैं। पार्टी ने वार्ड नंबर 84 से पार्षद का चुनाव हारे महेश तिवारी को एल्डरमैन मनोनीत किया है।

### किसानों को खाद नहीं, केवल ओटीपी मिल रहा:नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार

# खाद-बीज का संकट नहीं, सरकार कर रही इंतजाम: मंत्री

पीपुल्स ब्यूरो • भोपाल
मो.नं. 9425144091

कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने 139 के तहत लोक महत्व के मुद्दे पर चर्चा में कहा कि खाद-बीज के लिए पहले लंबी लाइनें लगती थीं। कांग्रेस के लोग अपने समर्थकों को लाइन में घुसा कर विवाद खड़ा करते थे। अब प्रदेश में कहीं भी खाद का संकट है तो विधायक बताएं सरकार तुरंत इंतजाम करेगी। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि किसानों को खाद की जगह ओटीपी मिल रहे हैं।



ऐदलसिंह कंषाना

#### किसान जैविक-प्राकृतिक खेती अपनाएं

डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने सुझाव दिया कि रासायनिक खाद पर निर्भरता कम कर जैविक और प्राकृतिक खेती को अपनाना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार हर साल पर्याप्त भंडारण का दावा करती है? लेकिन किसानों को समय पर खाद और बीज नहीं मिल पाता। कम बारिश से पशुओं के चारे और दूध उत्पादन पर भी असर पड़ेगा।



राजेंद्र शुक्ल

#### किसान की औसत आय 13 हजार रुपए सालाना

चर्चा की शुरूआत करते हुए कांग्रेस के भंवरसिंह शेखावत ने आरोप लगाया कि सरकार सभी वायदों से मुकर गई है। किसान की औसत वार्षिक आय मात्र 13 हजार रुपए है। एमएसपी को लेकर कानून नहीं सरकार गारंटी नहीं दे पा रही। सागर में 80 हजार टन गेहूं गायब हो गया। सरकार फसल का रख-रखाव नहीं कर पा रही। घोटालों से किसानों की जान हलक में आ गई है।



भंवर सिंह शेखावत

#### उज्जैन की मिट्टी में जिंक आयरन की कमी

भाजपा के आशीष शर्मा ने रासायनियक खादों के अंधाधुंध उपयोग पर सवाल उठाए। उन्होंने कीटनाशकों से मिट्टी दूषित हो रही है जिससे उपज प्रभावित हुई है। उन्होंने बताया कि कि नर्मदापुरम क्षेत्र में नाइट्रोजन फास्फोरस की मात्रा ज्यादा है जबकि विदिशा और उज्जैन की भूमि में जिंक आयरन की कमी पाई गई है। बाला बच्चन ने फसल बीमा योजना का मुद्दा उठाया।



आशीष शर्मा

## सभी वर्गों में यूसीसी की जोर-शोर से ब्रांडिंग करेगी भाजपा

### विधायक दल की बैठक में सीएम बोले

पीपुल्स ब्यूरो • भोपाल
मो.नं. 9425144091

भाजपा विधायक दल की बैठक भी अब वर्चुअल करेंगे। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक सदन में पेश हो गया। पारित होने के बाद भाजपा पूरे प्रदेश में पब्लिक के बीच इसके फायदों को गिनाएगी।

भाजपा विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में यह बात कही। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भी संबोधित किया। सीएम ने विधायकों से आग्रह किया कि आमजन को यह भी बताएं कि यूसीसी में महिला-पुरुष को संपत्ति में समान अधिकार देकर आधी आबादी के हितों का संरक्षण होगा। नए कानून में जनजातीय समाज की परंपराओं और मान्यताओं के संरक्षण के लिए उन्हें इस कानून के दायरे से बाहर रखा गया है।

#### जगदीशपुर में इसलिए निर्णय कि यहीं से शरीयत कानून लागू गया था

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह भी बताया कि जगदीशपुर में यह निर्णय इसलिए लिया क्योंकि दोस्त मोहम्मद खान ने वहीं शरीयत कानून लागू करने का फैसला लिया था।

## न्यूज ब्रीफ

### वर्षावास प्रारंभ समारोह का आयोजन 29 को

**भोपाल।** द बुद्धभूमि धम्मदूत संघ, भोपाल द्वारा आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस एवं वर्षावास प्रारंभ समारोह का आयोजन 29 जुलाई को बुद्धभूमि महाविहार, चूनाभट्टी, कोलार में किया जाएगा। यह आयोजन परम पूज्य भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो के मार्गदर्शन व सानिध्य में होगा। वहीं, वर्षावास अधिष्ठान ग्रहण कर तीन माह के वर्षावास का शुभारंभ किया जाएगा।

### संत नगर में झूलेलाल चालीहा महोत्सव की धूम

**संत नगर।** भगवान झूलेलाल के 26वें वंशज एवं झूलेलाल वरुण देव मंदिर, भरूच गुजरात के वर्तमान गादीश्वर, सूर्यवंशी 1008 ठकुर साईं मनीष लाल साहिब तीन दिनी धार्मिक प्रवास पर संत नगर पधार रहे हैं। साईं 31 जुलाई को सूरत से संत नगर पहुंचेंगे। प्रवास के दौरान साईं मनीषलाल साहिब भगवान झूलेलाल चालीहा साहिब के आयोजन के अंतर्गत धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

## शाहपुरा झील पर एनजीटी सख्त : 3 सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

# 50 मीटर बफर जोन में निर्माण पर रोक, 7 दिन में गाद हटाने के आदेश

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9300697983

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सेंट्रल जोन बेंच ने शाहपुरा झील के संरक्षण और बफर जोन में हो रहे निर्माण को लेकर सख्त रुख अपनाया है। ट्रिब्यूनल ने कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त और मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीपीसीबी) को आदेश दिया है कि झील के 50 मीटर बफर जोन में किसी भी तरह के अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर रोक लगाएं। झील की सफाई के दौरान निकाली गई गाद को 7 दिनों के भीतर हटाने और झील व बफर जोन का सीमांकन कर 3 हफ्ते में रिपोर्ट पेश करने को कहा गया।

एनजीटी की सेंट्रल जोन बेंच के न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति शिव कुमार सिंह और विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी ने नितिन सक्सेना बनाम मप्र स्टेट वेटलैंड अथॉरिटी मामले की सुनवाई के दौरान यह आदेश दिए। ट्रिब्यूनल ने कहा कि झील की पारिस्थितिकी (इकोलॉजी) और जल संरक्षण से कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा।



**अगली सुनवाई 2 सितंबर को :** एनजीटी ने कलेक्टर भोपाल और नगर निगम आयुक्त को सभी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी है। मामले की अगली सुनवाई 2 सितंबर को होगी, जिसमें प्रशासन से अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है।

### क्या है मामला

याचिकाकर्ता नितिन सक्सेना ने शाहपुरा झील के संरक्षण, बफर जोन में निर्माण, अतिक्रमण और जल प्रदूषण से जुड़े मुद्दों को लेकर एनजीटी में याचिका दायर की है। सुनवाई के दौरान एनजीटी ने स्पष्ट किया कि वेटलैंड की सुरक्षा और पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### एनजीटी के प्रमुख निर्देश

- शाहपुरा झील की सफाई से निकाली गई गाद (डीसिल्टिंग मटेरियल) 7 दिन के भीतर हटाई जाए, ताकि बारिश में दोबारा तालाब में वापस न बह पाए।
- 50 मीटर बफर जोन का राजस्व रिकॉर्ड और उपलब्ध सैटेलाइट अभिलेखों के आधार पर सीमांकन किया जाए।
- बफर जोन में हुए अवैध निर्माण और अतिक्रमण की पहचान कर 3 हफ्ते में रिपोर्ट पेश की जाए।
- अनट्रीटेड पानी किसी भी स्थिति में झील में नहीं पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए।
- झील की नियमित डीसिल्टिंग और जल संरक्षण के उपाय जारी रखे जाएं।
- वेटलैंड रूल्स-2017 और भोपाल मास्टर प्लान के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

# विद्योदय तीर्थ पर धूमधाम से मनाया गया मोक्ष कल्याणक, पूजा कर अर्घ्य अर्पित किया

## नेमिनाथ भगवान को समर्पित किया निर्वाण लाडू

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

आचार्य श्री समय सागर महाराज के सानिध्य में विद्योदय तीर्थ एमपी नगर जैन मंदिर में सोमवार को भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भक्तों ने नेमिनाथ भगवान की पूजा अर्चना की और निर्वाण लाडू समर्पित किया। साथ ही अशोका गार्डन समाज, महिला मंडल एवं बहू मंडल ने पूज्य आचार्य विद्या सागर महाराज एवं समय सागर महाराज की भक्ति भाव से पूजन कर अर्घ्य भी दिया।



विद्योदय तीर्थ में भगवान नेमिनाथ मोक्ष कल्याणक मनाया गया।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य श्री समय सागर महाराज ने अपने मंगल प्रवचनों में कहा कि निराकुल भाव रखने का नाम ही मोक्ष है और परिचय ही परिषह का कारण है। आचार्य श्री ने बताया कि जब मनुष्य राग-द्वेष, चिंता और विकारों से मुक्त होकर निराकुल भाव में स्थित होता है, तभी वह वास्तविक मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर होता है।

# महिलाओं ने इंद्रदेव को प्रसन्न करने किया शिव रुद्राभिषेक



पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

बाग मुगलिया आशिमा अनुपमा सिटी स्थित श्री शिवनारायण मंदिर में सोमवार को महिलाओं द्वारा इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए ढोलक मंजीरे की थाप पर भजन कीर्तन कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। मंदिर के पुजारी पं. जगदीश शर्मा ज्योतिष आचार्य ने शास्त्रोक्त विधि से भगवान शिव का अभिषेक कर पूजन अनुष्ठान कराया। इस मौके पर अदिति चौबे, अंजली बारे, ममता शर्मा, नेहा उपाध्याय, विनीत मिश्रा, सुषमा दिवाकर, मधु पटेल, अनीता शर्मा, प्रियंका पटेल आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

## अमरनाथ यात्रा अस्थाई रूप से बंद होने से यात्री परेशान

**भोपाल।** राजधानी से अमरनाथ यात्रा पर भक्तों के जाने का सिलसिला जारी है। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल का 11वां जत्था 15 और 12वां 17 जुलाई को बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए गया था।

मौसम को देखते हुए श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा 19 जुलाई से बालटाल एवं पहलगाम दोनों मार्ग से यात्रा अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई है। वहीं, बूढ़ा अमरनाथ, वैष्णो देवी, शिव खोड़ी के लिए भी यात्रा बंद की है। इस कारण अमरनाथ यात्री जम्मू से आगे की यात्रा पर नहीं कर पा रहे। यात्रा शुरू होने के इंतजार में यात्री जम्मू व कटरा में रुके हुए हैं। दोनों स्थानों पर होटल, धर्मशाला फुल होने यात्रियों को परेशानी हो रही है।

## गुरु वंदना और संस्कृत श्लोकों से गूंजे सरकारी स्कूल

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में संस्कृत श्लोक वाचन, गुरु वंदना और भजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों ने संस्कृत श्लोकों का वाचन, गुरु वंदना एवं भजनों की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। प्रदेश के 3,205 शासकीय विद्यालयों के 2 लाख 10 हजार 999 विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की और भारतीय संस्कृति, गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व जाना। साथ ही सभी विद्यार्थियों ने गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान का भाव व्यक्त किया।

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का आयोजन किया गया जा रहा है। विद्यार्थियों को भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं, नैतिक मूल्यों एवं गुरु के प्रति आदर की भावना से जोड़ने के साथ विद्यालयों में सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश के सभी विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

# किसी भी हाल में 10 अगस्त तक करें कार्यालयों की शिफ्टिंग : संभागायुक्त

## री-डेंसिफिकेशन के संबंध में हुई समीक्षा बैठक

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9977029213

जिस तरह महिला एवं बाल विकास, कृषि, श्रम तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभागों के कार्यालयों को उनके संबंधित मुख्यालयों में शिफ्ट किया गया है, उसी तरह मौजूदा कलेक्ट्रेट से लेकर संभागायुक्त कार्यालय परिसर तक जिन कार्यालयों की अभी शिफ्टिंग नहीं हुई है, उनकी प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जाए। किसी भी स्थिति में 10 अगस्त तक सभी कार्यालयों की शिफ्टिंग पूरी हो जानी चाहिए।

ये निर्देश सोमवार को संभागायुक्त कार्यालय में पुराने सचिवालय परिसर के री-डेंसिफिकेशन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक में संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने एडीएम पीसी शाक्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। संभागायुक्त ने कहा कि कलेक्ट्रेट कार्यालय के अभिलेखागार, परिसर स्थित अधिवक्ता हॉल, न्यायालय, पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) कार्यालय, साइबर सेल सहित अन्य कार्यालयों की शिफ्टिंग जल्द शुरू की जाए।

संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने बैठक में स्पष्ट किया कि पहले चरण में कलेक्ट्रेट से लेकर संभागायुक्त कार्यालय के मौजूदा भवनों को तोड़ा जाएगा। यह कार्य संबंधित कार्यालयों के शिफ्ट होने के बाद ही शुरू किया जाएगा। इसके बाद बैरागढ़, हुजूर, गोविंदपुरा तथा आसपास स्थित शा. कार्यालयों के भवनों को तोड़ा जाएगा।

**लालघाटी में नया भवन तैयार :** उन्होंने बताया कि बैरागढ़ तहसील के लिए लालघाटी में नया भवन तैयार हो चुका है। ऐसे में फिलहाल वहीं पर हुजूर तहसील, गोविंदपुरा तहसील तथा बैरागढ़ नजूल कार्यालय को भी शिफ्ट किया जाए।


## कब्जा सूचना

जबकि, जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ता(कों)/सह-उधारकर्ताओं(कों) को मांग नोटिस जारी किए हैं, जिसमें उधारकर्ताओं से कहा गया है कि वे संबंधित नामों के सामने उल्लिखित राशि को उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर उक्त नोटिसों में उल्लिखित लागू दरों पर ब्याज के साथ चुकाएं, साथ ही भुगतान और/या वसूली की तारीख तक लागू आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि के रूप में भविष्य के ब्याज का भुगतान करें।

| क्रमांक | ऋण संख्या | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ गारंटर/बंधककर्ता | 13(2) नोटिस तिथि/ बकाया राशि (रु. में) | दिनांक/समय और कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 45499420001301 | 1) श्री संदीप विश्वकर्मा, पुत्र. -कन्हैयालाल, 2) श्री पिंकी विश्वकर्मा, पत्नी संदीप विश्वकर्मा | 24.04.2026 को ₹7,93,518.12 (सात लाख तिरानवे हजार पाँच सौ अठारह रुपये और बारह पैसे मात्र) 15.04.2026 की स्थिति के अनुसार। | तारीखः 18.07.2026 समयः 01.07 PM सांकेतिक कब्जा |
| | प्रॉपर्टी का विवरणः रेजिडेंशियल सिंग्लेक्स B-18 वाला प्लॉट (जिसका एरिया 75.46 वर्ग मीटर है) और उस पर बना निर्माण; यह जमीन खसरा नंबर 126 का हिस्सा है और प्रिंस विहार, ग्राम रसलाखेड़ी, पीएच नंबर 13, R.N.M. 01, विकास खंड फंदा, तहसील हुजूर, ज़िला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है। सीमाएँः- पूर्व में: प्लॉट नंबर बी-55, पश्चिम में: कॉलोनी रोड, उत्तर में: प्लॉट नंबर बी-17 और दक्षिण में: प्लॉट नंबर बी-19 | | | |
| 2 | 45499610000196 & 45499410001080 | 1) श्री मो. उमर, पिता मो. जफर, 2) श्रीमती फरहा खान, पति मो. उमर | 24.04.2026 को ₹14,27,473.11 (चौदह लाख सत्ताइस हजार चार सौ तिहत्तर रुपये और ग्यारह पैसे मात्र) 15.04.2026 की स्थिति के अनुसार। | तारीखः 18.07.2026 समयः 02.41 PM सांकेतिक कब्जा |
| | प्रॉपर्टी का विवरणः "आलम टॉवर" नाम की बहुमंजिला इमारत में तीसरी मंज़िल पर स्थित फ्लैट नंबर 303 (2BHK) वाला R.C.C. सुपर स्ट्रक्चर, जिसका बिल्ट-अप एरिया 550 वर्ग फुट (51.11 वर्ग मीटर) है। यह इमारत प्लॉट नंबर 17, वार्ड नंबर 42 पर बनी है, जो ओल्ड यूनानी शफाखाना, बड़वाली मस्जिद, जहांगीराबाद, नगर निगम भोपाल, तहसील हुजूर और ज़िला भोपाल (म.प्र.) की सीमा के भीतर स्थित है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में सड़क, पश्चिम में कॉमन पैसेज, सीढ़ियाँ और लिफ़्ट, उत्तर में फ्लैट नंबर 304 और दक्षिण में फ्लैट नंबर 302 | | | |

चूँकि ऊपर उल्लिखित ऋणी/सह-ऋणी/गारंटर/बंधककर्ता देय राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित ऋणी और आम जनता को सूचित किया जाता है कि जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने उपरोक्त तिथियों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऊपर वर्णित संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया है। विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित ऋणी/सह-ऋणी/गारंटर/बंधककर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा आगाह किया जाता है कि वे उपरोक्त संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों से संबंधित कोई भी लेन-देन जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

स्थानः भोपाल
दिनांक : 20.07.2026
हस्ते/-अधिकृत अधिकारी
जना स्माल फायनेंस बैंक लिमिटेड

**जना स्मॉल फायनेंस बैंक** (एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)
पंजीकृत कार्यालयः द फेयरवे, भूतल एवं प्रथम तल, सर्वे क्रमांक 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, डोम्लुर के पास, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के पास, चल्लघट्टा, बेंगलुरु-560071ब्रांच ऑफिसः प्लॉट नंबर 131/01, ग्राउंड फ्लोर, एमपी नगर जोन-2, भोपाल (म.प्र.)-462011.



## पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

मंडल कार्यालय, भोपाल
अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन नं. 0755-2550020

### अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु **ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के द्वारा लिया गया है, को ''जहां है जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित ऋणियों एव जमानतदारों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है:-

**ई नीलामी दिनांक : 04.08.2026** (ई-नीलामी का समय : प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)
**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 03.08.2026 रात्रि 11.00 बजे तक**

| ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि | मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|
| निविदाकार अपने प्रस्ताव रु. 25000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे। मंडल कार्यालय, भोपाल \| प्राधिकृत अधिकारी : श्री संदीप कुमार साहू \| फोन नं. 0755-2550020/7000086955 | | |
| **श्री सुधीर पांडया पुत्र श्री आर.सी. पांडया** (भौतिक आधिपत्य) फ्लैट नं. एफ-2, प्रथम तल, वंशिका अपार्टमेंट, खसरा नं. 32,36/3 का भाग, म.प्र पुलिस गृह निर्माण सहकारी समिती भोपाल, प्रियंका नगर, ग्राम-गेंहुखेड़ा, कोलार रोड, भोपाल, **क्षेत्रफल** 36.40 वर्ग मीटर, **सीमाऐं :** पूर्व-सीढ़ियां एवं कोरिडोर, पश्चिम-अन्य भूमि , उत्तर-प्लाट नं.75 , दक्षिण-फ्लैटनं. एफ-01, **संपत्ति मालिक :** श्री सुधीर पांड्या | (₹) 9,77,113.36 / (₹) 97,711.33 | 21-12-2021 / 14-03-2022 / ₹1761128.62 + दिनांक 01.12.2021 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| **मेसर्स संतुष्टि पैकेजिंग इंडस्ट्रीज** प्रोप.: श्री आशीष तिवारी (भौतिक आधिपत्य) लीज़ होल्ड भूमी एवं बिल्डिंग प्लाट नं. 01, इंडस्ट्रीयल एरिया अब्दुलापुर पचामा , सीहोर (म.प्र.), क्षेत्रफल 19602 वर्ग फिट, सीमाऐं : पूर्व - इंडस्ट्रीयल एरिया रोड, पश्चिम- प्लाट नं. 02 (राज इंडस्ट्रीज), उत्तर- सरकारी भूमी , दक्षिण - इंडस्ट्रीयल एरिया रोड, संपत्ति मालिक : श्री आशीष तिवारी पुत्र स्व. श्री राधे श्याम तिवारी (नोट: भूमि बकाया, पट्टा किराया आदि सहित अन्य शुल्क, यदि कोई हो, क्रेता द्वारा वहन किया जाऐगा) | (₹) 35,91,900/- / (₹) 3,59,190/- | 03-10-2018 / 08-10-2020 / 2041561.40 + दिनांक 01.10.2018 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| **श्री राधेश्याम पटेल पुत्र श्री पतिराम पटेल** (भौतिक आधिपत्य) फ्लैट नं. एस-2, द्वितीय तल, दो मंजिला बिल्डिंग बंसिका अपार्टमेंट, प्लाट नं.74 पर निर्मित, प्रियंका नगर, म.प्र पुलिस गृह निर्माण सहकारी समिति भोपाल, ग्राम-गेंहुखेड़ा, मेन रोड के अंदर, वार्ड नं. 84, हुजूर भोपाल, क्षेत्रफल 36.40 वर्ग मीटर, **सीमाऐं :** पूर्व-सीढ़ियां एवं कोरिडोर, पश्चिम-अन्य भूमि , उत्तर-प्लाट नं.75 , दक्षिण-फ्लैट नं. एस-1, संपत्ति मालिक : श्री राधेश्याम पटेल एवं श्रीमती मंजू सिंगरोले | (₹) 9,77,113.36 / (₹) 97,711.33 | 14-10-2021 / 31-12-2021 / ₹1701756.24 +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| **अब्दुल बासित खान पुत्र ए.डब्लु खान** (सांकेतिक आधिपत्य) फ्लैट नं. जी-1, गंगा यमुना अपार्टमेंट, प्लाटनं. 339, त्रिलोचन नगर, भोपाल (म.प्र), **क्षेत्रफल :** 600 वर्ग फिट, **सीमाऐं :**- पूर्व :प्लाटनं. 340, पश्चिम : प्लाटनं. 338, उत्तर : रोड, दक्षिण : प्लाट नं. 350 , **सम्पत्ति मालिक :**- अब्दुल बासित, नासीर खान एवं सादिया खान | (₹) 15,75,000/- / (₹) 1,57,500/- | 20-05-2019 / 09-08-2019 / 1819442.00 + दिनांक 01.12.2019 से देय ब्याज एवं अन्य खर्च |
| **श्री दीपक सुरमा पुत्र श्री दिनेश** (सांकेतिक आधिपत्य) नजूल शीट नं. 9-ए, प्लाट नं.287/1 एवं 291 (नया )262 एवं 263 (पुराना) , ,गणेश शंकर विद्यार्थी वार्ड नं. 11,हरदा, सेल डीड पंजीयण 19.12.68, दस्तावेज नं. 1814 , गिरवी दिनांक 22.04.2017, **सीमाऐं :** पूर्व-रोड, पश्चिम-कमल दुबे , उत्तर-पतिराम सोलंकी , दक्षिण-महेश बलाही , संपत्ति मालिक : श्री नरेश कुमार रंसुरमा पुत्र श्री शंकरलाल रंसुरमा | (₹) 7,50,870/- / (₹) 75,087/- | 26-08-2021 / 24-12-2021 / ₹1664435.07 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |

**नियम एवं शर्ते :-** 1. विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तो के आधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तो का पालन करना होगा। 2. सम्पत्तियों की बिक्री ''जहां है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। 3. ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्रतिभूत लेनदार को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्रतिभूत लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक लिये जिम्मेदार नहीं होगा। 4. विक्रय अधिकृत ऑनलाईन ई-निलामी सेवा प्रदाता के द्वारा **दिनांक 04/08/2026 को वेबसाइट** https://baanknet.com पर किया जायेगा। इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता PSB Alliance के संबंधित ई-नीलामी वेब पोर्टल https://baanknet.com में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा। यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तो के लिए https://baanknet.com और www.pnb.bank.in पर देखें।

दिनांक: 18/07/2026, स्थान: भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक



**ICICI Home Finance** | कॉर्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत

ब्रांच ऑफिस : अंबिका आर्केड, दूसरी मंज़िल, Z-19, जोन 1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्य प्रदेश 462001

### निजी समझौते के माध्यम से अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए नोटिस

निजी संधि के माध्यम से अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस वित्तीय परिसंपत्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(8) और नियम 9(1) के साथ पठित।
ICICI होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (ICICI HFC) ने नीचे बताई गई गिरवी रखी संपत्ति की बिक्री के लिए कई ई-ऑक्शन आयोजित किए, हालांकि, ऐसे सभी ई-ऑक्शन फेल हो गए। अब, एक इच्छुक खरीदार ने ICICI HFC से संपर्क किया है और उक्त संपत्ति को 10,00,000/- रुपये की राशि में खरीदने का प्रस्ताव दिया है। इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार (कर्जदारों) और गारंटर (गारंटरों) को सूचित किया जाता है कि नीचे बताई गई अचल संपत्ति, जो सिक्योर्ड क्रेडिटर के पास गिरवी/चार्ज है, जिसका कब्जा ICICI होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी ने ले लिया है, उसे "जैसा है जहाँ है", "जैसा है वैसा है", और "जो कुछ भी है" के आधार पर, नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार प्राइवेट ट्रीटी के माध्यम से बेचा जाएगा;

| स. क्र. | उधारकर्ता/सह उधारकर्ता/ गारंटर/कानूनी उत्तराधिकारी का नाम/ ऋण खाता संख्या | ज्ञात ऋणभारों के साथ सुरक्षित परिसंपत्ति(यों) का विवरण, यदि कोई हो | बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / बयाना जमा राशि | संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय | नीलामी की तिथि एवं समय | नीलामी तिथि से एक दिन पहले | सरफेसी स्टेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (A) | (B) | (C) | (D) | (E) | (F) | (G) | (H) | (I) |
| 1. | दिनेश कुमार (उधारकर्ता) नलिनी लिखार (सह-उधारकर्ता) लोन नंबर LHBHP00001342057 और LHBHP00001342058 | ज्योति हाइट्स, ग्राम गेहूंखेड़ा, पीएच नं. 28, तहसील हुजूर, जिला भोपाल में स्थित रेवेन्यू सर्वे नंबर 186, आर.एन. मंडल 03 की जमीन पर बने फर्स्ट फ़्लोर पर फ़्लैट नंबर 102 | रू. 34,84,002/- जुलाई 15, 2026 | रू. 10,00,000/- / रू.1,00,000/- | जुलाई 30, 2026 11:00 AM से 03:00 PM | जुलाई 06, 2026 02:00 PM से 03:00 PM | जुलाई 05, 2026 को 04:00 PM से पहले | भौतिक कब्जा |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (URL लिंक- https://BidDeal.in) पर आयोजित की जाएगी।
संभावित बोलीदाता(ओं) को 05 अगस्त 2026 को शाम 4:00 बजे से पहले ICICI होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, लेख के शीर्ष पर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर बयाना राशि जमा (EMD) RTGS/डिमांड ड्राफ्ट (DD) (कॉलम E देखें) जमा करनी होगी। संभावित बोलीदाता(ओं) को 05 अगस्त 2026 को शाम 5:00 बजे से पहले ICICI होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, लेख के शीर्ष पर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम व शर्तों के फॉर्म की हस्ताक्षरित प्रति भी जमा करनी होगी। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (DD) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "ICICI होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में लेख के शीर्ष पर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर देय होना चाहिए।
आम लोगों से निवेदन है कि वे ऊपर बताए गए इच्छुक खरीदार की तरफ से दी जा रही रकम से ज्यादा की बिड जमा करें। यह बताया जाता है कि अगर ICICI HFC को ऊपर बताए गए इच्छुक खरीदार की तरफ से दी जा रही रकम से ज्यादा की कोई बोली नहीं मिलती है, तो गिरवी रखी गई संपत्ति सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के रूल 8(8) के साथ रूल 9(1) के तहत उस इच्छुक खरीदार को बेच दी जाएगी।
निरीक्षण, बिक्री के नियम और शर्तों या बोलियों को प्रस्तुत करने के संबंध में किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300 या ValueTrust हेल्पडेस्क नंबर 6200-22-6200 पर संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई और कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://www.icicihfc.com पर जाएं।

दिनांक : 21 जुलाई 2026
स्थान : भोपाल
अधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड
CIN Number:- U65922MH1999PLC120106



## EQUITAS SMALL FINANCE BANK LTD

{Formerly Known As Equitas Finance Ltd}
Registered Office: No.769, Spencer Plaza, 4th Floor, Phase-II, Anna Salai, Chennai, TN - 600 002.# 044-42995000, 044-42995050

### परिशिष्ट IV-A [नियम 8(6) का परंतुक देखें]- अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित। इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी(कों), बंधककर्ता(कों) और जमानतकर्ता(कों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार को असेंबल/प्रभारित है, जिसका कब्जा इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्राधिकृत अधिकारी, सुरक्षित लेनदार द्वारा ले लिया गया है, "जैसी है जहां है", "जैसी है जो है" और "जो भी आधार हो" के आधार पर नीचे उल्लिखित खातों में बकाया राशि की वसूली के लिए बेची जाएगी। ऋणी(कों), बंधककर्ता(कों)/गारंटर(कों)/सुरक्षित आस्तियों की बकाया राशि, आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि व समय और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है।

| उधारकर्ताओं/बंधककर्ताओं/ गारंटरों का नाम और पता | ज्ञात भार सहित अचल संपत्तियों का विवरण, यदि कोई हो | आरक्षित मूल्य ईएमडी मूल्य बोली वृद्धि मूल्य | ई-नीलामी की तिथि और समय | ऋण / कुल बकाया |
|---|---|---|---|---|
| श्री/श्रीमती द्रोपदी बद्री प्रसाद श्री/श्रीमती किरण गोपाल ठाकुर श्री/श्रीमती गोपाल ठाकुर (सभी अहीर मोहल्ले में रहते हैं, मदिया के पास इतवारा चोराहा, हुजूर भोपाल, जुमेराती एस.ओ.- भोपाल मुख्यालय, मध्य प्रदेश, 462001) | संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जिसमें एक प्लॉट शामिल है, जो खसरा नंबर 32 का हिस्सा है (खतौनी खसरा नंबर 32/1, पीएच नंबर 78 के अनुसार), त्रिवेणी नगर, ग्राम-पलाशी, वार्ड नंबर 75, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र) में स्थित है। (उत्तर में)- कॉलोनी रोड (दक्षिण में)- संतोष नगर की संपत्ति (पूर्व में)- संतोष नगर की संपत्ति (पश्चिम में)- संतोष नगर की संपत्ति | Rs.3,36,000 Rs.33,600 Rs.10,000 | 27-08-2026 From 11.00 AM to 12.30 PM | लोन अकाउंट नंबर :- 700009541832 देय क्लेम राशि 22-01-2026 तक ₹2,70,674/- साथ ही 23-01-2026 से आगे का ब्याज, मासिक ब्याज गणना, शुल्क और खर्च आदि (कुल बकाया राशि 02.07.2026 तक ₹3,24,156/- है)। |
| खरीद और बिक्री पर विवरण और प्रश्नों के लिए संपर्क नंबर- सत्येंद्र पाटीदार 7509801709, विनय राठौड़ 8827331033 | | | | |
| श्री/श्रीमती राकेश पी श्री/श्रीमती प्रीति प्रजापति (दोनों मकान नंबर 223 पर रहते हैं, मालीखेड़ी रसलाखेड़ी, भोपाल, भोपाल, मध्य प्रदेश, 462038) | संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जिसमें प्लॉट नंबर 67 शामिल है, क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट, खसरा नंबर 7/1/1/K/3 का हिस्सा, जो ग्राम-चोपड़ा कलां, पीएच नंबर 16, R.N.M. 02, विकास खंड फंदा, तहसील- हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र), पिन कोड- 462010 में स्थित है। | Rs.3,00,000 Rs.30,000 Rs.10,000 | 27-08-2026 From 11.00 AM to 12.30 PM | लोन अकाउंट नंबर :- 700010072757 देय क्लेम राशि 22-01-2026 तक ₹3,10,580/- साथ ही 23-01-2026 से आगे का ब्याज, मासिक ब्याज गणना, शुल्क और खर्च आदि (कुल बकाया राशि 02.07.2026 तक ₹3,72,514/- है) |
| खरीद और बिक्री पर विवरण और प्रश्नों के लिए संपर्क नंबर- सत्येंद्र पाटीदार 7509801709, विनय राठौड़ 8827331033 | | | | |
| सुरेंद्र रजक -विमला बाई रजक (दोनों राठौड़ में रहते हैं मोहल्ला पुरानी छावनी गु, गुना, मध्य प्रदेश - 473001) | जमीन और प्लॉट का वह पूरा हिस्सा, जो वार्ड नंबर-08, शाकतपुर रोड (गुना नगरपालिका की वार्ड सीमा के अंतर्गत), पटवारी हल्का नंबर-75, खसरा/जमीन सर्वे नंबर 73/1/मिन-3, अपडेटेड सर्वे नंबर-73/1/50 (एस), तहसील-गुना, जिला-गुना, मध्य प्रदेश 473001 में स्थित है, कुल क्षेत्रफल-600 वर्ग फुट। | Rs.5,76,000 Rs.57,600 Rs.10,000 | 27-08-2026 From 11.00 AM to 12.30 PM | लोन अकाउंट नंबर :- 700010057846 देय क्लेम राशि 29.09.2025 तक ₹4,26,793/- साथ ही 30.09.2025 से आगे का ब्याज, मासिक ब्याज गणना, शुल्क और खर्च आदि (कुल बकाया राशि 02.07.2026 तक ₹5,98,398/- है)। |
| खरीद और बिक्री पर विवरण और प्रश्नों के लिए संपर्क नंबर- सत्येंद्र पाटीदार 7509801709, विनय राठौड़ 8827331033 | | | | |
| कलेक्टर सिंह लीला बाई (दोनों ग्राम में रहते हैं जाफराबादबर्सिया रोड भोपाल म.प्र., गूंगा बी.ओ-भोपाल मुख्यालय, मध्य प्रदेश - 462101) | संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जिसमें एक प्लॉट शामिल है, क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट या 55.76 वर्ग मीटर, सर्वे नंबर 40 का आबादी वाला हिस्सा, जो ग्राम-जाफरवाड़, पीएच नंबर-40, तहसील बेरसिया, जिला... में स्थित है। भोपाल (म.प्र.) (उत्तर में)- घर पर्तव सिंह (दक्षिण में)- घर कमर सिंह (पूर्व में)- घर महेश सिंह (पश्चिम में)- खुली जमीन/सड़क | Rs.4,56,000 Rs.45,600 Rs.10,000 | 27-08-2026 From 11.00 AM to 12.30 PM | लोन अकाउंट नंबर :- 700009112177 देय क्लेम राशि 17.11.2025 तक ₹4,98,311.56/- साथ ही 18.11.2025 से आगे का ब्याज, मासिक ब्याज गणना, शुल्क और खर्च आदि (कुल बकाया राशि 02.07.2026 तक ₹6,68,429/- है)। |
| खरीद और बिक्री पर विवरण और प्रश्नों के लिए संपर्क नंबर- सत्येंद्र पाटीदार 7509801709, विनय राठौड़ 8827331033 | | | | |
| श्री/श्रीमती शिवनारायण मेहर सी/ओ श्री/श्रीमती बेजनाथ मेहर श्री/श्रीमती शांति बाई सी/ओ श्री/श्रीमती शिवनारायण (दोनों अजानी लाल रोड पर रहते हैं ब्यावरा राजगढ़ एम.पी 465674, ब्यावरा, राजगढ़, मध्य प्रदेश, 465674) | वह पूरी प्रॉपर्टी, जिसका प्लॉट सर्वे नंबर 1071/18 है, कुल एरिया 600 वर्ग फीट, पीएच नंबर 31, वार्ड नंबर 14, ब्यावरा तहसील, ब्यावरा, ज़िला- राजगढ़, मध्य प्रदेश में स्थित (उत्तर में)- सड़क (दक्षिण में)- छबी लाल अत्रालिया का घर (पूर्व में)- नाई का घर (बिना बना हुआ) (पश्चिम में)- सड़क | Rs.8,40,000 Rs.84,000 Rs.10,000 | 27-08-2026 From 11.00 AM to 12.30 PM | लोन अकाउंट नंबर :- SEBIORA0366140 देय क्लेम की रकम 22.01.2026 तक ₹1,61,192/- और साथ ही 23.01.2026 से आगे का ब्याज (मासिक आधार पर), चार्ज और लागत वगैरह, (कुल बकाया रकम 02.07.2026 तक ₹2,70,717/- है)। |
| खरीद और बिक्री पर विवरण और प्रश्नों के लिए संपर्क नंबर- तनेश पाठक 6267064385, विनय राठौड़ 8827331033 | | | | |

इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को "इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" खाता संख्या- 200000807725 और IFSC कोड- ESFB0001001, भाग्यम गैलेरिया, न्यू नंबर 18, बजुल्ला रोड, टी-नगर, चेन्नई-600 117 के खाते में NEFT/RTGS/DD के माध्यम से बयाना राशि जमा (EMD) किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक खाते में दिनांक : 24-08-2026 को या उससे पहले जमा करनी होगी।
ई-नीलामी बिक्री के नियमों और शर्तों के विवरण के लिए कृपया www.Equitasbank.com और https://BidDeal.in

दिनांक : 21.07.2026
स्थान : भोपाल
हस्ते/- अधिकृत अधिकारी,
इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

## सिटी एक्टिविटी

### मंदिर निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



**भोपाल।** इंदौर रोड पर स्थित रॉयल ग्रीन पार्क कॉलोनी में मंदिर निर्माण का भूमिपूजन किया गया। कॉलोनी वासियों, गणमान्यजनों, श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लिया। सभी ने महाप्रसाद, भोजन ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। लैंडमार्क बिल्डर्स एंड डेवलपर्स द्वारा विकसित प्रीमियम रिहायशी टाउनशिप में आधुनिक सुविधाएं हैं। यहां पर क्लब हाउस, स्विमिंग पूल, किड्स प्ले एरिया, लश ग्रीन गार्डन, वॉकिंग एवं जॉगिंग पाथवे, 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था है। | पीपुल्स समाचार |

### बरखेड़ी स्कूल में एम्स का जागरुकता अभियान



**भोपाल।** मानसून के दौरान डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और अन्य मौसमी संक्रमणों से बचाव के लिए एम्स ने बरखेड़ी के विद्यालय में स्वास्थ्य जागरुकता का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यपालक निदेशक डॉ. माधवानंद कर के मार्गदर्शन में अभियान का नेतृत्व सामुदायिक-पारिवारिक चिकित्सा के वरिष्ठ रेजिडेंट डॉ. कुलदीप गुप्ता ने किया। इसमें डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. मालव और टीम के अन्य ने विद्यार्थियों को मौसमी बीमारियों से बचाव के वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक उपायों के बारे में जानकारी दी। | पीपुल्स समाचार |

### स्वस्थ रहने पर मिलेगा जीवन का लाभ: भाऊ



**संत नगर।** आरोग्य केंद्र में दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर आयोजित हुआ। इस मौके पर संत सिद्ध भाऊ, डॉ. गुलाब राय टेवानी ने बताया कि पहला सुख निरोगी काया, दूसरा घर में माया है। हमेशा स्वास्थ्य को माया से पहले रखा गया है। बाद में रोगी होने से अच्छा है कि पहले ही स्वस्थ जीवन अपनाएं। स्वस्थ रहने पर जीवन का लाभ मिलेगा। अगर बीमार हुए तो दिनचर्या में कुछ त्रुटियां हुईं, जिसके कारण से रोग आया है। | पीपुल्स समाचार |

### थोक वस्त्र व्यवसाय संघ ने किया हवन



**संत नगर।** थोक वस्त्र व्यवसाय संघ ने व्यापार वृद्धि के साथ अच्छी बारिश की कामना के लिए मुख्य मार्ग में सामूहिक हवन का आयोजन किया। आहुतियां डाल कर भगवान इंद्र से अच्छी बारिश की प्रार्थना की। अध्यक्ष कन्हैया लाल ईसरानी ने कहा कि मानसून रूठ गया है। बारिश की जरूरत है। इसलिए भगवान इंद्रेदव से अच्छी बारिश की प्रार्थना की। इस अवसर पर चंद्रप्रकाश ईसरानी, वासदेव वाधवानी, हीरो हिन्दू, दिनेश वाधवानी, सुरेश जसवानी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद थे। | पीपुल्स समाचार |

# राज्य महिला आयोग तक पहुंची गृहस्थी के विवाद की आंच, 28 मामलों की हुई सुनवाई

## कहीं, पत्नी की सरकारी नौकरी तो कहीं पति का अड़ियल रवैया बना कारण

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9827229058

दंपति के बीच की मामूली तकरार अब विवाद का रूप लेकर सामने आ रही है। सोमवार को मप्र राज्य महिला आयोग कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में ऐसे ही मामले आयोग के सामने पहुंचे। इस मौके पर जनसुनवाई में आयोग की अध्यक्ष रेखा यादव, सदस्य साधना स्थापक एवं सचिव सुरेश तोमर की उपस्थिति में 28 प्रकरणों की सुनवाई की गई।

इनमें अधिकांश मामले दंपति के बीच आपसी विवाद और ईगो से जुड़े थे। मामलों में आयोग ने दोनों पक्षों की बात सुनकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

इस दौरान देखा गया कि दंपति छोटी-छोटी बातों को बड़ा बनाकर सालों से अलग-अलग रह रहे हैं। मामलों में दंपति की काउंसलिंग कर उन्हें पारिवारिक मूल्यों का महत्व समझाने का प्रयास किया गया।



जनसुनवाई में आई महिला की शिकायत सुनतीं आयोग की अध्यक्ष व पदाधिकारी।

### पति ने आरोप लगाए, पत्नी ने बताया पीछा छुड़ाने का बहाना

महिला आयोग में आए एक मामले में पति ने पत्नी पर गंभीर आरोप लगाते हुए साथ रहने से इंकार कर दिया। हालांकि, पत्नी लगातार आरोप का विरोध करती रही और कहा कि पति शायद उसे पसंद नहीं करते और पीछा छुड़ाने के लिए इस तरह के बहाने बना रहे हैं। मामले में दंपति शादी के बाद कुछ ही समय साथ रहे और करीब तीन साल से विवाद जारी है। आयोग ने दोनों को शांति पूर्वक आपस में संवाद करने और इसकी जानकारी देने को कहा है। आयोग ने कहा कि आपसी बातचीत के बाद निकले निष्कर्ष के आधार पर ही आयोग आगे उचित कार्यवाही और परामर्श करेगा। बता दें, आयोग की सुनवाई दूसरे दिन भी जारी रहेगी और दोनों दिन के हिसाब से करीब 50 मामलों में आयोग सुनवाई करेगा।

### सरकारी अधिकारी बनने के बाद पत्नी ने बनाई दूरी

आयोग पहुंचे मामले में पत्नी सुनवाई में नहीं पहुंची। अनावेदक पति ने बताया कि शादी को करीब 18 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन शासकीय अधिकारी बनने के बाद साथ नहीं रहना चाहती। विवाद के वास्तविक कारणों की जानकारी नहीं है और पत्नी बातचीत करने को तैयार नहीं है। आयोग ने महिला से संपर्क कर अगली जनसुनवाई में आने की सूचना भेजी है। अन्य मामले में महिला ने आरोप लगाया कि पति का अड़ियल रवैया ही पारिवारिक विवाद की जड़ है। महिला ने कहा कि पति लकीर के फकीर हैं और जरा भी बदलाव नहीं चाहते। मामले में पति भी उपस्थित थे। दोनों पक्षों से विस्तृत चर्चा और अलग से काउंसलिंग की गई। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ। मामले में आवेदिका ने आगे की कार्यवाही से मना कर साथ रहने की बात की।

# मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र को आर्थिक विकास का मॉडल बनाएं: शर्मा

## बीडीए की बैठक में संभागायुक्त ने दिए निर्देश



संभागायुक्त ने बीडीए के अधिकारियों की बैठक लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9977029213

विभाग के अधिकारी-कर्मचारी जब तक समन्वय बनाकर काम नहीं करेंगे, भोपाल मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र को तब तक आर्थिक विकास का मॉडल बनाना मुश्किल होगा।

यह बात संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने सोमवार को संभागायुक्त कार्यालय में भोपाल विकास प्राधिकारण (बीडीए) के कार्यो की समीक्षा बैठक में कही। संभागायुक्त ने कहा कि हम सभी का एक ही लक्ष्य मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र को आर्थिक मॉडल बनाना होना चाहिए। इसके लिए समन्वय से काम करना जरूरी है। डेमोग्राफी, मोबिलिटी और ट्रांसपोर्टेशन, इकोनॉमी, इकोलॉजी, प्राकृतिक संसाधन, फिजिकल और सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे मुख्य विषयों पर ध्यान दें।

### लंबित प्रोजेक्ट्स की समीक्षा

संभागायुक्त ने अलग-अलग स्तर पर लंबित प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मिसरोद फेस-1, आईएसबीटी, विवेकानंद के साथ-साथ रिडेवलपमेंट कार्यों में गति लाने के लिए संबंधित विभागों के नोडल अधिकारियों का समन्वय बनाना जरूरी है। बैठक में अकाई सिटी, भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन (बीएमआर), नवीन प्रोजेक्ट की टेंडर प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की। भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन प्लान से जुड़े काम की प्रगति बैठक में इसके ओवरव्यू, प्रोजेक्ट की प्रस्तावित समय-सीमा और इसमें शामिल काम के अलग-अलग चरणों की जानकारी को प्रजेंटेशन के माध्यम से समय-सीमा में तैयार करने की प्रक्रिया और मौजूदा स्थिति पर चर्चा की।

### आर्थिक मॉडल में एआई सिटी को किया शामिल

संभागायुक्त ने बीएमआर के आर्थिक मॉडल में नॉलेज एवं एआई सिटी, क्षेत्रवार एकीकृत औद्योगिक क्लस्टर लॉजिस्टिक एवं सैटेलाइट टाउन, पर्यटन एवं कृषि आधारित उद्योगों का क्षेत्रवार विकास को शामिल किया है। उन्होंने कहा कि कृषि, औद्योगिक विकास, लॉजिस्टिक्स, शिक्षा और पर्यटन जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए मुख्य संभावित क्षेत्रों की पहचान की है। संबंधित क्षेत्रों के स्टेक होल्डर के साथ बैठकें, सुझाव लेने और जी-20 सम्मेलन करने का प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। इससे प्रोजेक्ट की समग्र कार्यप्रणाली और आउटपुट को मजबूती मिलेगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के साथ व्यापक स्टेक होल्डर कंसल्टेशन करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंनें कहा कि उन्हें योजना बनाने की प्रक्रिया में शामिल किया जा सके। इससे समग्र विजन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

# स्कूली बच्चों को चंद्रमा, अंतरिक्ष विज्ञान का पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए बताया महत्व

## रबींद्रनाथ विश्वविद्यालय ने 'अंतर्राष्ट्रीय मून डे' पर आयोजित किया कार्यक्रम

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिकलोद में 'इंटरनेशल मून डे' पर कार्यक्रम आयोजित किया।

'वन मून, वन विजन, वन फ्यूचर' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। सीवी रमन विज्ञान संचार केंद्र की समन्वयक डॉ. प्रीति सिंह एवं उनकी टीम ने विद्यार्थियों को चंद्रमा और अंतरिक्ष विज्ञान का महत्व बताया। उनमें अंतरिक्ष विज्ञान, खगोल विज्ञान और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित किया। पावर पॉइंट प्रजेंशन के जरिए चंद्रमा की उत्पत्ति, कलाएं,



छात्रों को जानकारी देतीं वक्ता।

पृथ्वी पर प्रभाव, ज्वार-भाटा, अपोलो-11 मिशन, भारत के चंद्रयान-1, चंद्रयान-2 और चंद्रयान-3 मिशनों की उपलब्धियां बताईं। चंद्रमा से जुड़े रोचक वैज्ञानिक तथ्य भी बताए। मून क्विज में चंद्रमा की दूरी, चंद्रमा पर कदम रखने वाले प्रथम मानव, चंद्रमा की कलाएं और भारत के चंद्र अभियानों से संबंधित सवाल पूछे। सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए।

इसके दूसरे सत्र में विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में 'मेरा चंद्रमा', 'चंद्रयान-3', 'भविष्य का चंद्र मिशन' और 'चंद्रमा पर जीवन' जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र उकेरे। कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी ने इस मौके पर अपने संदेश में कहा कि 'अंतर्राष्ट्रीय चंद्र दिवस जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और नवाचार की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम हैं।

### संभागायुक्त कार्यालय में धरने पर बैठा खिलचीपुर का किसान परिवार

**भोपाल।** खिलचीपुर-राजगढ़ के किसान की जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। तहसीलदार, एसडीएम, पुलिस, कलेक्टर से भी शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई।

किसान परेशान होकर अपने परिवार के साथ में संभागायुक्त कार्यालय के सामने फर्श पर बैठ गया। बेबस किसान ने संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा से मिलने का पहले समय मांगा, लेकिन वह बैठक में व्यस्त रहे। संभागायुक्त शर्मा इसके बाद किसान और उसके परिवार से मिले, तब किसान ने उनसे अपनी पीड़ा बताई। संभागायुक्त ने तुरंत कलेक्टर को कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि जल्द ही किसान की जमीन को दबंगों से छुड़ाकर वापस दिलवाया जाए।

**यह है मामला:** खिलचीपुर के वाड़िया गांव में रहने वाले किसान गिरधारी और उसके परिवार की जमीन पर दबंगों ने गत 1 जुलाई को कब्जा कर लिया। ट्रैक्टर से उसकी फसल भी तबाह कर दी। साथ ही जमीन वापस मांगने पर किसान के परिवार को जान से मारने की धमकी दी। किसान ने घटना के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को आवेदन दिया। वहीं, उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद भोपाल में कमिश्नर कर्मवीर शर्मा से मिलने आए।

### मैनिट में हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ

**भोपाल।** मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग विभाग ने इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स, इंडिया (आईटीपीआई) रीजनल चैप्टर के सहयोग से पांच दिनी 'आउटडोर माइक्रोक्लाइमेट एनालिसिस यूज़िंग सॉफ्टवेयर' हैंड्स-ऑन कार्यशाला आयोजित हुई। प्रतिभागियों को सॉफ्टवेयर से शहरी सूक्ष्म जलवायु (अर्बन माइक्रोक्लाइमेट) के सिमुलेशन, विश्लेषण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सिमुलेशन परिणामों से यह स्पष्ट हुआ कि उपयुक्त भवन डिजाइन हस्तक्षेपों से स्थानीय वायु तापमान में लगभग 1.5 डिग्री सेल्सियस तक और हरित उपायों के माध्यम से तापमान में लगभग 3 डिग्री सेल्सियस तक की कमी लाई जा सकती है। डॉ. नवीन पराशर, डॉ. सुरभि मेहरोत्रा एवं डॉ. पराशर ने इस कार्यशाला का समन्वय किया।

# आयुष्मान भारत योजना में मध्य प्रदेश को मिला राष्ट्रीय सम्मान

## बायोमेट्रिक प्री-ऑथराइजेशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9827363130

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मध्य प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय समीक्षा बैठक (चिंतन शिविर) में प्रदेश को 'बेस्ट परफॉर्मिंग लार्ज स्टेट-हाइएस्ट प्री-ऑथराइजेशंस विद बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन' श्रेणी में ये पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान योजना में बायोमेट्रिक आधारित प्री-ऑथराइजेशन प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए दिया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने आयुष्मान भारत निरामयम् मध्य प्रदेश के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविंद शाह को यह पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सीईओ डॉ. सुनील कुमार बर्नवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान प्रदेश की तकनीक आधारित पारदर्शी स्वास्थ्य व्यवस्था और सुशासन का प्रमाण है। उन्होंने आयुष्मान भारत निरामयम् की पूरी टीम, जिला अधिकारियों, अस्पतालों और योजना से जुड़े सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और जन-केंद्रित बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है।

### कुत्ते के काटने से घायल लोगों को भेजा जा रहा हमीदिया, बाहर से इंजेक्शन खरीदने को मजबूर मरीज

# डॉग बाइट के मामले बढ़े, लेकिन अस्पताल में एंटी रेबीज के इंजेक्शन ही नहीं

पीपुल्स संवाददाता • संत नगर
मो.नं. 8602467816

सिविल अस्पताल की व्यवस्थाएं नहीं सुधर रही हैं। मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। यदि उपचार मिलता है तो दवाई की एक ही खिड़की होने से लंबी लाइन लगी रहती है। एंटी रेबीज का इंजेक्शन भी उपलब्ध नहीं है। एक माह से यहां मरीज परेशान हैं। जबकि डॉग बाइट की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्हें हमीदिया अस्पताल भेजा जा रहा है। दूर होने से कई मरीज बाजार से इंजेक्शन खरीद रहे हैं। एंटी रेबीज का इंजेक्शन 400 रुपए का मिलता है। 5 डोज का इंजेक्शन का पूरा पैक 2,000 रुपए में खरीदना पड़ रहा है।





**हर गली में कुत्तों का बढ़ा झुंड:** उपनगर की हर गली में कुत्तों का झुंड है। शिकायत पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। पॉश कॉलोनियों और बस्तियों तक आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है। जहां से बच्चे भी निकलने में डर रहे हैं। लोगों का कहना है कि झुंड में घूमने वाले कुत्ते पैदल राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और बुजुर्गों पर अचानक हमला कर देते हैं। यदि शिकायत करते हैं तो नगर निगम का अमला कुत्तों को पकड़कर कुछ दूरी पर छोड़ देता है, जिसके कारण वे दोबारा उसी क्षेत्र में लौट आते हैं।

### अस्पताल में यह है स्थिति

- मार्च में डॉग बाइट के मरीज पहुंचे: 50 से 60
- अप्रैल में डॉग बाइट के मरीज पहुंचे: 40 से 50
- मई में डॉग बाइट के मरीज पहुंचे: 50 से 60
- जून से अब तक डॉग बाइट के मरीज पहुंचे: 80 से 120

"कोचिंग से आते समय कॉलोनी में बच्ची को कुत्ते ने काट लिया। सिविल अस्पताल पहुंचा तो एंटी रेबीज इंजेक्शन नहीं था, मुझे हमीदिया जाने के लिए कहा गया। प्रायवेट क्लीनिक से इंजेक्शन 400 रुपए में मिला है। पांच इंजेक्शन लगेंगे। आवारा कुत्तों की शिकायत भी की थी।
**- प्रियम कुमार**, रहवासी

"आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ रही है। बैरागढ़ अस्पताल में रेबीज के इंजेक्शन खत्म हो चुके हैं। इससे मरीजों को बहुत परेशानी हो रही है। जब भी मरीज के परिजन रेबीज लगवाने जाते हैं, तो उन्हें हमीदिया अस्पताल जाने के लिए कहा जाता है।
**- बसंत चेलानी**, रहवासी

"सिविल अस्पताल में बैरागढ़ व ग्रामीण क्षेत्रों से मरीज पहुंचते हैं। लेकिन हमेशा रेबीज इंजेक्शन की परेशानी होती है। शिकायत पर भेज दिए जाते हैं। भरपूर स्टॉक होना चाहिए। यदि मांग नहीं की जाती है तो इंजेक्शन नहीं मिलते हैं।
**- अशोक मारण**, कांग्रेस पार्षद, वार्ड पांच, नगर निगम भोपाल

"रेबीज का इंजेक्शन अस्पताल में नहीं है। इंजेक्शन एक माह से कभी 10 तो कभी 15 आ रहे हैं। मरीजों को हमीदिया भेजना पड़ रहा है। हम प्रयास में लगे हैं कि जल्द से जल्द रेबीज का इंजेक्शन अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराया जाए।
**- जेके जैन**, अधीक्षक, सिविल अस्पताल

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi)
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION • AFFORDABLE FEES • A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED
ESTD. 1999
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A.
• B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ
• B.Sc. Microbiology / Biotechnology
• B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology • Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal D.El.Ed. B.Ed. B.P.Ed. M.P.Ed. M.Ed.
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660949, 2661064 www.jncbpl.com jlnpgcollege_bhopal@yahoo.com



## कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल

क्र. 312/यां.वि./2026 — जोन क्र. 15 यांत्रिक विभाग — दिनांक 20.07.2026

:: निविदा आमंत्रण घोषणा पत्र ::

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार पर्सेंटेज मोहर बंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारित SOR | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_522798_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD WORK NEAR PARK OF RISHIPURAM PHASE 3 WARD 62 ZONE 15 | 21,14,843/- | 15,861/- | 5000/- | MPUADD ISSR 2021 | 03 Months |

1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं।
2. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

नि.क्र. 470/026/027

सहायक यंत्री (सिविल)
नगर पालिक निगम भोपाल




## M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD

### NOTICE INVITING E-TENDER

Online percentage rate tender is invited for the following work from contractor fulfilling registration Criteria :-

| S. No. | System E-Tender No. | Name of Work | Probable Amount of Work & EMD & Cost of Tender Form (I/C GST) & Completion Period | Start Date of Purchase & Last Dt. Submission of Bids | Date of Opening of Tenders Envelop A, B & C |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_MPHID_520563_1 (1st Call) | Construction of Radha Krishna Mandir at Padaliya Mata, Sarangpur, Distt. Rajgarh. | Rs. 38,50,000 & Rs. 50,000/- & Rs. 5,900/- & 06 Month (i/c Rainy Season) | Dt. 22.07.2026 10:30 AM To 14.08.2026 at 17:30 Hrs. | ENVELOP-A & B 17.08.2026 12:00 Noon & ENVELOP-C Shall be decided after Technical Evaluation |
| 2. | 2026_MPHID_520565_1 (1st Call) | Providing Water Supply and House Keeping Services in Platinum Park/ Plaza at South T.T. Nagar, Bhopal. | Rs. 7,88,000 & Rs.15,760/- & Rs. 2,360/- & 12 Month (i/c Rainy Season) | Dt. 22.07.2026 10:30 AM To 07.08.2026 at 17:30 | ENVELOP-A & B 10.08.2026 12:00 Noon & ENVELOP-C Shall be decided after Technical Evaluation |

Full details of the above tenders can be seen on www.mptenders.gov.in. Amendments to NIT, if any shall be published on website only.
Websites : www.mphousing.in — (PRADEEP KUMAR HEDAU, E.E.)
M.P. Madhyam/127031/2026 — /mphidb /mphidb — Div. 1, Bhopal, Tel. : 0755-3506147

## न्यूज ब्रीफ

### रिटेनिंग वॉल गिरने का मामला, आयुक्त ने मांगी जांच रिपोर्ट

**ग्वालियर।** गुड़ा-गुड़ी का नाका स्थित मुक्तिधाम के पास रविवार सुबह रिटेनिंग वॉल गिरने से महिला की मौत के मामले में नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे ने जांच रिपोर्ट मांगी है। सोमवार को जांच टीम के अफसर मौके पर पहुंचे और निर्माण में प्रयुक्त सामग्री के सैंपल लेकर जांच के लिए पीडब्ल्यूडी की लैब में पहुंचाया है। हादसे के बाद दीवार का मलबा साफ कर दिया गया है।

### भागीरथपुराः टंकी में गोलियां डालने की जांच की मांग

**इंदौर।** भागीरथपुरा जल प्रदूषण मामले में दायर जनहित याचिका पर इंदौर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति सुश्रुत अभ्यंकर और आलोक अवस्थी की पीठ के समक्ष हुई सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से प्रस्तुत अंतरिम आवेदन में पानी की टंकी में कथित रूप से पोटेशियम क्लोराइड की गोलियां डाले जाने के आरोपों की पुलिस से जांच कराने की मांग की गई। फिलहाल हाईकोर्ट ने आवेदन पर कोई आदेश पारित नहीं किया है।

### इंजीनियर के मकान से लाखों के आभूषण और नकदी चोरी

**उज्जैन।** रविवार को कृष्ण कॉलोनी निवासी (इंजीनियर) ईश्वर सिंह परिवार सहित बापूनगर गए थे। रात में मकान का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश घर में रखे सोने-चांदी के जेवर सहित 54 हजार रुपए नकदी चोरी कर ले गए। सोमवार को परिवार वापस लौटा तो घटना का पता चला। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर कैमरे चेक किए, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। फिलहाल पुलिस की जांच जारी है।

### 4 अवैध कॉलोनाइजरों पर पुलिस ने किया केस दर्ज

**शिवपुरी।** अवैध कॉलोनियों के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर और एसडीएम न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने सोमवार को चार अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले में कॉलोनाइजर अभिजीत सिंह भदौरिया, जितेंद्र शर्मा, कावेन्द्र सिंह और राजीव गुप्ता पर एफआईआर दर्ज की गई है।

## अपार ID की रेस : उज्जैन-बालाघाट ने मारी बाजी, भोपाल, ग्वालियर पिछड़े

# रैंकिंग में इंदौर 21वें व जबलपुर 23वें नंबर पर, 38 लाख आईडी बनना बाकी

हर्षित चौरसिया • जबलपुर
मो.नं. 9713230229

प्रदेश में एक करोड़ 38 लाख 69 हजार 851 स्कूली छात्रों की अपार (Automated Permanent Academic Account Registry) आईडी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। 17 जुलाई तक प्रदेश में इस लक्ष्य का 71.9 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। वहीं 38 लाख 8 हजार 104 छात्रों की आईडी बनाने का काम अभी भी पेंडिंग है।

पीपुल्स समाचार **विशेष**

बताया जाता है कि स्कूली छात्रों की 'वन नेशन, वन स्टूडेंट आईडी' (अपार आईडी) बनाने के मामले में प्रदेश के छोटे जिले बड़े शहरों से आगे निकल गए हैं। हाल ही में जारी हुई जिले और ग्रेड वार रैंकिंग में सामने आए आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव का गृह नगर उज्जैन इस मामले में राज्य में नंबर-1 पर है। वहीं जबलपुर संभाग का बालाघाट जिला दूसरे नंबर पर है। बड़े शहरों की रैंकिंग में इंदौर जिला प्रदेश में 21वें व जबलपुर जिला 23वें नंबर पर है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति भोपाल और ग्वालियर जिले की है।




### उज्जैन और बालाघाट बने प्रदेश में रोल मॉडल

89.6 प्रतिशत अपार आईडी जनरेट कर रैंकिंग में नंबर एक पर आए उज्जैन ने प्रदेश में अपनी धाक जमाई है। वहीं बालाघाट भी 89.6 प्रतिशत का आंकड़ा छूकर दूसरे नंबर पर आ गया है। ये दोनों जिले प्रदेश के रोल मॉडल बनकर उभरे हैं। डिंडौरी (89.1 प्रतिशत) और मंडला (85.7 प्रतिशत) ने भी लक्ष्य को पूरा करने की कवायद की है। अफसरों के अनुसार स्थानीय प्रशासन की सक्रियता व जमीनी स्तर पर चल रहे 'कैंपेन मोड' के चलते यह उपलब्धि मिली है।

### राजधानी सहित चार जिलों की यह है स्थिति

8,25,946 छात्रों की संख्या के बावजूद इंदौर ने 72.2 प्रतिशत सफलता दर के साथ प्रदेश में 21वीं रैंक हासिल की है। उधर 4,07,601 छात्रों में से 72 प्रतिशत का काम पूरा कर जबलपुर 23वीं रैंकिंग पर पहुंच गया। इधर 5,61,085 छात्रों के लक्ष्य वाले भोपाल का अब तक का प्रदर्शन केवल 66.1 प्रतिशत रहा है, जिसके चलते यह जिला 48वीं रैंकिंग पर जा गिरा है। इसी तरह 66.9 प्रतिशत पर ही सिमटने से ग्वालियर 44वें स्थान पर है।

### क्या है अपार आईडी?

- 12 अंकों की यूनिक स्टूडेंट आईडी।
- शिक्षा मंत्रालय की (वन नेशन, वन स्टूडेंट आईडी) पहल।
- मार्कशीट, डिग्री, डिप्लोमा, स्कॉलरशिप और अन्य उपलब्धियों का डिजिटल रिकॉर्ड।
- स्कूल या कॉलेज बदलने पर रिकॉर्ड स्वतः उपलब्ध।
- आधार सत्यापन व 'एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स' से जुड़ी व्यवस्था।

### अभी यह है स्थिति

- **कुल लक्ष्य :** 1,38,69,851 छात्र
- **अभी बाकी :** 38,08,104 छात्र
- **उज्जैन :** नंबर-1 (89.6%)
- **बालाघाट :** नंबर-2 (89.6%)
- **इंदौर :** 21वीं रैंक (72.2%)
- **जबलपुर :** 23वीं रैंक (72%)
- **भोपाल :** 48वीं रैंक (66.1%)
- **ग्वालियर :** 44वीं रैंक (66.9%)

जबलपुर जिले में शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य को पूरा करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। 17 जुलाई तक 72 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। शेष बच्चों की आईडी के लिए कैंप लगाए जाएंगे।
– **योगेश शर्मा**, जिला परियोजना समन्वयक, जबलपुर

## सिंधिया राजघराने की विरासत पर समझौता टला, सुनवाई 28 को

**ग्वालियर।** सिंधिया परिवार की संपत्ति के बंटवारे को लेकर प्रस्तावित महा-समझौते पर सोमवार को जिला न्यायालय में अंतिम सहमति बनने की उम्मीद थी, लेकिन आवश्यक रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं होने के कारण सुनवाई टाल दी गई। अब इस मामले पर अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की ओर से समझौता आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्ताव के अनुसार वर्षों से चल रहे संपत्ति विवाद को परिवार के सदस्य आपसी सहमति से समाप्त करने पर सहमत हैं।

## जीतू पटवारी ने कोर्ट में किया सरेंडर, 25 हजार के मुचलके पर मिली बेल

**ग्वालियर।** पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने सोमवार को एमपी-एमएलए विशेष न्यायालय में सरेंडर कर दिया। अदालत ने उन्हें 25 हजार रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दे दी। आरोप है कि 2024 में लोकसभा चुनाव के दौरान पटवारी ने बसपा प्रत्याशी देवाशीष जरारिया पर भाजपा से साठगांठ करने का सार्वजनिक आरोप लगाया था। अदालत ने 16 जनवरी 2026 को पटवारी को पेश होने का नोटिस जारी किया था, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए थे।



डॉ.सुरेश मेहरोत्रा   With Special Arrangement

(राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की अंदरूनी खबरें)

## POLITICS

**PM-CM removal Bill differed?**

In the light of stiff opposition from NDA MPs, the parliamentary panel examining the Bill to remove PM-CM has been deferred. Insiders say the Bill is unlikely to be tabled in the Monsoon session of Parliament.

**Will the Opposition legally challenge LS's decision on Shiv Sena merger & TMC dissidents?**

In a significant political development, Lok Sabha Speaker Om Birla has approved the merger of six rebel MPs from the Shiv Sena (Uddhav Balasaheb Thackeray) into the Eknath Shinde-led Shiv Sena, increasing the latter's strength to 13. Simultaneously, the Speaker granted separate seating in the House to 20 dissident Trinamool Congress (TMC) MPs who have parted ways with their parent party.

This decision has immediate consequences for the floor dynamics of the 18th Lok Sabha, establishing the Shinde Sena as the second-largest constituent of the NDA. However, the move has sparked intense backlash with the Uddhav Thackeray faction arguing that the merger violates the Tenth Schedule.

Given these concerns, opposition lawyers are reportedly preparing to challenge the Speaker's decision in the Supreme Court.

## BUREAUCRACY

**I Andhra Pradesh: Youngest Collector of the State**

IAS Muttimbaku Abhishikth Kishore, a 2015-batch AP cadre officer currently posted as the Collector of Visakhapatnam and IAS K. Dinesh Kumar, a 2017-batch AP cadre officer currently posted as Collector of Polavaram are the youngest collectors in the state of Andhra Pradesh.

**Odisha DGP set to retire in August**



Odisha DGP Y B Khurania is retiring in August. He is a 1990 batch IPS officer of Odisha cadre. Who will succeed him? This question is intriguing. Let's wait and watch.

**Top performers-- Goa, Gujarat, Maharashtra, Odisha and Tamil Nadu.**

Frontrunners: Andhra Pradesh, Assam, Chandigarh, Chhattisgarh, Delhi, Haryana, Himachal Pradesh, Karnataka, Kerala, Madhya Pradesh, Rajasthan, Telangana, Tripura, Uttarakhand, Uttar Pradesh

Emerging performers: Bihar, Jammu and Kashmir, Jharkhand, Meghalaya, Nagaland, Puducherry, Punjab, West Bengal

Aspiring states: Andaman and Nicobar Islands, Arunachal Pradesh, Dadra & Nagar Haveli and Daman & Diu, Ladakh, Lakshadweep, Manipur, Mizoram and Sikkim.

**Rashmi Shukla is new Member, Lokayukta Maharashtra**



Former Maharashtra DGP Rashmi Shukla has been appointed as a member of the important judicial institution, the Lokayukta. She is a former IPS officer of the 1988 batch.

**Rashmi Shukla is new Member, Lokayukta Maharashtra**

Former Maharashtra DGP Rashmi Shukla has been appointed as a member of the important judicial institution, the Lokayukta. She is a former IPS officer of the 1988 batch.

## CORPORATE

**Rishi Bhargav is Addl. Director, Northlink Fiscal and Capital Services Ltd**

Rishi Bhargav has been appointed as Additional Director (Non-Executive Independent Director) of Northlink Fiscal and Capital Services Limited.

**Sona Kumari is Non-Official Director, Coal India Ltd**

Ms Sona Kumari has been appointed as Non-Official Independent Director on the Board of Coal India Limited.

**Ronak Jain is Addl. Director, Escorp Asset Management Ltd**

Ronak Jain has been appointed as Additional Non-Executive Independent Director of Escorp Asset Management Limited.

**Arkesh Ayyagari gets to the Escorp Asset Management Ltd board as Addl. Director**

Arkesh Ayyagari has been appointed as Additional Non-Executive Independent Director of Escorp Asset Management Limited.

**Darshit Parikh bows out as NE Director, Escorp Asset Management Ltd**

Darshit Parikh has ceased to be Non-Executive Independent Director of Escorp Asset Management Limited upon completion of his second consecutive term.

**Haresh Sanghvi quits as Ind. Director, Escorp Asset Management Ltd**

Haresh Sanghvi has resigned as Non-Executive Independent Director of Escorp Asset Management Limited.

## डिंडौरी में बेटे ने की पिता की फरसे से हत्या, गिरफ्तार

पीपुल्स संवाददाता • डिंडौरी
मो.नं. 9425165548

मेहदवानी क्षेत्र के धमनी गांव में रविवार शाम को बेटे ने अपने ही पिता की फरसे से हत्या कर दी। पिता गंधी सिंह नशे में धुत बेटे भगत सिंह (40) और बहू चिरौंदा बाई के बीच हो रहे झगड़े को शांत कराने पहुंचे थे। तभी गुस्से में बेटे ने फरसे से पिता पर हमला कर दिया। गंधी सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी बेटे भगत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी एसएल मरकाम का कहना है कि घरेलू विवाद के दौरान नशे में धुत आरोपी ने अपने पिता पर फरसे से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। सोमवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया।

### मंडला में बड़े भाई ने की छोटे की हत्या, पत्नी घायल

**मंडला।** नैनपुर क्षेत्र के ग्राम देल्हा में सोमवार सुबह जमीन के विवाद में बड़े भाई ने छोटे की हत्या कर दी। वहीं मृतक की घायल पत्नी का अस्पताल में उपचार जारी है। आरोपी भाई राम गुलाम जंघेला अपने बेटे महादेव व गोविंद के साथ कुल्हाड़ी लेकर घर पहुंचे और शिवदयाल जंघेला, उसकी पत्नी आशा और बेटे आनंद जंघेला पर हमला कर दिया। हमले में शिवदयाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी आशा का अस्पताल में उपचार जारी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी भाई राम गुलाम जंघेला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### भितरवारः खेत पर जा रहे अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या

**भितरवार।** हरसी रोड स्थित अपने खेत पर जा रहे अधिवक्ता रतन सिंह यादव की सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। रतन सिंह यादव अपने खेत पर पर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में बाइक सवार हमलावरों ने घेरकर उन पर फायरिंग कर दी। घायल रतन सिंह की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना प्रभारी सुधीर सिंह कुशवाहा ने बताया कि घायल अवस्था में रतन सिंह यादव ने पुलिस को दिए बयान में अपने चचेरे भाई राकेश यादव, भतीजे राहुल यादव तथा गब्बर सिंह रावत पर गोली चलाने का आरोप लगाया है। मामला जमीन विवाद से जुड़ा सामने आया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## झाबुआ में बाइक और बस की टक्कर में दो युवकों की मौत



झाबुआ-मेघनगर मार्ग पर हादसे के बाद सड़क किनारे खड़ी यात्री बस।

पीपुल्स संवाददाता • झाबुआ
मो.नं. 9993685553

झाबुआ-मेघनगर मार्ग पर सोमवार सुबह राजगढ़ से थांदला की ओर जा रही प्रदीप बस और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार बिसलपुर निवासी अर्जुन सिंह और ग्राम नागनखेड़ी निवासी सुरिया पारगी की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद यात्रियों से भरी बस खाई की ओर बढ़ने लगी थी, लेकिन चालक रईस खान ने सूझबूझ से बस पर नियंत्रण कर लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## कटनीः टाइटेनियम, वेनेडियम के भंडार के मिले संकेत, ब्लॉक तैयार

### केंद्र सरकार से मांगी सर्वेक्षण की अनुमति

पीपुल्स संवाददाता • कटनी
मो.नं. 9584049557

कटनी-जबलपुर सीमा पर टाइटेनियम व वेनेडियम के भंडार के संकेत मिलने के बाद कटनी-जबलपुर की सीमा पर स्थित छपरा, निमास और देवरी गांवों को मिलाकर लगभग 400 हेक्टेयर क्षेत्रफल का एक कंपोजिट ब्लॉक तैयार किया गया है। राज्य सरकार इस ब्लॉक से व्यावसायिक खनन शुरू करने के लिए जल्द ही प्रॉस्पेक्टिंग लाइसेंस हेतु पारदर्शी ई-नीलामी प्रक्रिया आयोजित करने जा रही है। चयनित एजेंसी भू-गर्भ में इन दुर्लभ धातुओं की सटीक मात्रा और गहराई का सर्वे करेगी। टाइटेनियम और वेनेडियम दुर्लभ खनिज हैं, जिनका उपयोग रक्षा सामग्री, मिसाइल, एयरोस्पेस, ईवी बैटरी और सेमीकंडक्टर निर्माण में होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, वाणिज्यिक पुष्टि होने पर यहां हजारों करोड़ का वैश्विक निवेश आएगा। जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के बड़े अवसर मिलेंगे।

केंद्र सरकार से सर्वेक्षण की अनुमति मांगी गई है। सर्वेक्षण के बाद पता चलेगा कि कौन सा खनिज कितनी मात्रा में कहां उपलब्ध है।
– रत्नेश दीक्षित, माइनिंग ऑफिसर, कटनी

### कटनी जंक्शन के आउटरों पर 12 सीसीटीवी कैमरे बंद

**कटनी।** पश्चिम मध्य रेलवे के केंद्र कटनी जंक्शन, मुड़वारा और कटनी साउथ के आउटर क्षेत्रों में यात्रियों की सुरक्षा राम भरोसे चल रही है। आउटरों में असामाजिक तत्वों और अपराधियों पर निगरानी रखने के लिए लगाए गए 16 सीसीटीवी कैमरों में से 12 कैमरे महीनों से बंद पड़े हैं। जीआरपी कंट्रोल रूम में सिर्फ 4 कैमरों की ही लाइव फीड मिल रही है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जीआरपी थाना प्रभारी अनिल मरावी ने कहा कि तकनीकी खराबी व सिग्नल ड्रॉप से कैमरे बंद हुए हैं। मेंटेनेंस कंपनी को नोटिस जारी कर दिया है। जल्द ही कैमरे दुरुस्त किए जाएंगे।

## सीधीः रामपुर नैकिन में कोर्ट परिसर में जर्जर दीवार गिरी, 2 की मौत, 2 गंभीर

पीपुल्स संवाददाता • सीधी
मो.नं. 9630589657

जिले के रामपुर नैकिन में कोर्ट परिसर में सोमवार शाम बारिश के दौरान एक जर्जर भवन की दीवार ढह जाने से मलबे के नीचे दबकर सुखसेन केवट और रामसजीवन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए।

सुखसेन के बेटे राजेश केवट और रामसजीवन के भाई साझाही साहू का गंभीर हालत में अस्पताल में उपचार जारी है। शाम 4 बजे बारिश से बचने के लिए कुछ लोग परिसर में स्थित भवन की दीवार की आड़ में खड़े थे, तभी हादसा हो गया।



सीधी। रामपुर नैकिन में कोर्ट परिसर में हादसे के बाद ढही हुई दीवार का मलबा।

घायलों को 10,000 रुपए और मृतकों के परिजनों को 20 हजार रुपए तात्कालिक सहायता राशि दी गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
–**विकास मिश्रा**, कलेक्टर, सीधी

## याचिकाकर्ता को 50 हजार रुपए का हर्जाना देने को कहा

# पुलिस वायरलेस टेंडर में धांधली, हाईकोर्ट ने रद्द किया चाइना की कंपनी को जारी 6वां टेंडर

पीपुल्स संवाददाता • जबलपुर
मो.नं. 7999388569

मप्र पुलिस के 26 जिलों के लिए 21 हजार डिजिटल वीएचएफ वायरलेस सेट्स की खरीदी के लिए मप्र सरकार द्वारा चाइना की कंपनी को जारी किए गए 6वें टेंडर को मप्र हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया है।

एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने कहा है कि फाइनेंशियल बिड खुलने के बाद टेंडर रद्द नहीं किया जा सकता और राष्ट्रीय सुरक्षा व जनसुरक्षा से जुड़े मामलों में घटिया सामान की शर्त पर कम बजट का तर्क स्वीकार नहीं किया जा सकता। बेंच ने 5वें टेंडर पाने वाली



याचिकाकर्ता नई दिल्ली की कंपनी को टेंडर प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश देकर सरकार को बतौर हर्जाना 50 हजार रुपए देने के भी आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट में यह मामला नई दिल्ली की मोबाइल कम्युनिकेशन इंडिया प्रा.लि. की ओर से दाखिल किया गया था। कंपनी का कहना था कि 5वें टेंडर में वह 100.17 करोड़ की बोली लगाकर सबसे कम बोलीदाता रही, जबकि चाइना की कंपनी में. सीडब्ल्यूडी लिमिटेड दूसरे स्थान पर रही।

पीपुल्स समाचार **हाईकोर्ट की खबरें**

### नए धर्मांतरण कानून के मामले में सुनवाई टली

**जबलपुर।** मप्र सरकार द्वारा वर्ष 2020 में बनाए गए नए धर्मांतरण कानून को चुनौती देने वाली 6 याचिकाओं पर मप्र हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई टल गई। एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच को बताया गया कि हाईकोर्ट द्वारा नए कानून को लेकर दिए गए अंतरिम आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है, जो विचाराधीन है। इस बयान पर सुको का फैसला आने के बाद डिवीजन बेंच ने मामलों पर आगे सुनवाई करने के निर्देश दिए।

### दस साल बाद नहीं मिल सकती वरिष्ठताः हाईकोर्ट

**जबलपुर।** अधिकारों के प्रति सालों तक लापरवाह बने रहने वाले अफसरों को मप्र हाईकोर्ट से झटका लगा है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने 10 साल बाद काल्पनिक वरिष्ठता की मांग करने वाले जबलपुर नगर निगम के दो असिस्टेंट कमिश्नरों की याचिका अत्यधिक विलंब और अकर्मण्यता के आधार पर खारिज कर दिया। बेंच ने कहा कि सोए हुए कर्मचारी बाद में समानता का अधिकार नहीं जता सकते। हाईकोर्ट में ये मामले जबलपुर नगर निगम के असिस्टेंट कमिश्नर संभव मनु अयाची और अंकिता जैन की ओर से दाखिल किए गए थे।

## रायसेन में SI के सरकारी क्वार्टर से लाखों के जेवर चोरी

### बेटी की शादी के लिए बनवाए थे आभूषण

पीपुल्स संवाददाता • रायसेन
मो.नं. 9826362115

सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली पुलिस लाइन स्थित सब-इंस्पेक्टर अर्जुन सिंह उइके के सरकारी क्वार्टर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लाखों रुपए मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण सहित कीमती सामान चोरी कर ले गए।

अर्जुन सिंह 10 जुलाई को अपने परिवार के साथ इलाज के सिलसिले में बाहर गए थे। वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि मुख्य गेट की कुंडी और ताला टूटा हुआ था। घर के भीतर सभी कमरों के ताले टूटे मिले। चोर घर से लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। परिजनों के अनुसार चोरी हुए अधिकांश जेवर सब-इंस्पेक्टर ने अपनी बेटी की शादी के लिए बनवाए थे, जिनके चोरी होने से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। सवाल यह है कि अत्यधिक सुरक्षित परिसर में ही चोर वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

संपादकीय

# अर्जेंटीना की उम्मीदों को तोड़कर फुटबॉल का बादशाह बना स्पेन

विश्व फुटबॉल में एक नए स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत हो चुकी है। स्पेन ने फीफा विश्व कप 2026 के फाइनल में अर्जेंटीना को हराकर दूसरी बार विश्व विजेता बनने का गौरव हासिल किया। फ्रांस, बेल्जियम और अंत में अर्जेंटीना जैसी मजबूत टीमों को हराकर स्पेन ने अपनी बादशाहत स्थापित की। यह सफलता किसी एक खिलाड़ी की नहीं, बल्कि पूरी टीम, कोचिंग स्टाफ और वर्षों की सुनियोजित फुटबॉल व्यवस्था का परिणाम है। स्पेन की यह उपलब्धि उन देशों के लिए भी प्रेरणा है जो खेलों में दीर्घकालिक योजना और जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं के विकास पर विश्वास रखते हैं। स्पेन ने युवाओं को अवसर देकर, आधुनिक प्रशिक्षण प्रणाली अपनाकर और क्लब संस्कृति को मजबूत बनाकर विश्व फुटबॉल में अपनी अलग पहचान बनाई है। भारत जैसे देशों के लिए भी इसमें महत्वपूर्ण सीख छिपी है। केवल बड़े टूर्नामेंट आयोजित करने या खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाने से सफलता नहीं मिलती। स्कूल स्तर से लेकर पेशेवर लीग तक मजबूत ढांचा, प्रशिक्षित कोच, आधुनिक सुविधाएं और निरंतर निवेश आवश्यक हैं। यदि भारत भी दीर्घकालिक दृष्टि के साथ फुटबॉल को विकसित करे तो भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकता है। स्पेन की विश्व कप विजय केवल एक ट्रॉफी जीतने की कहानी नहीं है, बल्कि यह साबित करती है कि प्रतिभा, अनुशासन, धैर्य और दूरदर्शी योजना का कोई विकल्प नहीं होता। फुटबॉल का नया बादशाह बनने का यह सफर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

इस जीत के साथ स्पेन ने यह साबित कर दिया कि वह केवल खूबसूरत फुटबॉल खेलने वाली टीम ही नहीं, बल्कि बड़े मुकाबलों को जीतने का माद्दा रखने वाली विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीम भी है। पूरे टूर्नामेंट में स्पेन ने अनुशासन, सामूहिक खेल और तकनीकी श्रेष्ठता का अद्भुत प्रदर्शन किया।

**-प्रकाश कजोड़िया,**
सीनियर सब एडिटर

आलेख, प्रतिक्रिया एवं सुझावों के लिए संपर्क
edit.peoples@gmail.com फो.नं. 0731-4009705
पाठकीय विचारों से पीपुल्स समाचार का सहमत होना आवश्यक नहीं।

## भारत-यूके सीईटीए : वादे साकार करने का कदम

# भारत-यूके के पास रचनात्मक जन-केन्द्रित साझेदारी बनाने का मौका



**राजेश अग्रवाल**
सचिव, वाणिज्य विभाग
भारत सरकार

पीपुल्स समाचार **ब्लॉग**

यूनाइटेड किंगडम के साथ भारत का 'व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए)' भारत के विदेशी व्यापार संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। जहां पिछले कम से कम दो दशकों से भारत का आर्थिक एकीकरण पूवी एशियाई देशों के साथ जुड़ा हुआ था, वहीं यूनाइटेड किंगडम 1970 के दशक से ही यूरोपीय आर्थिक एकीकरण का हिस्सा रहा है। दोनों ही अर्थव्यवस्थाओं के लिए, सीईटीए एक बहुत बड़े बदलाव और अपनी बाहरी आर्थिक साझेदारियों में विविधता लाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। जुलाई 2025 में हस्ताक्षर हो जाने के बाद, सभी घरेलू कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा कर-के सीईटीए 15 जुलाई 2026 को लागू हुआ। यह बातचीत से लेकर इसके लागू होने तक की संपूर्ण यात्रा को दर्शाता है। यह उत्सव मनाने की घड़ी और दोनों देशों के लिए अपने लंबे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक संबंधों को अगले स्तर पर ले जाने का अवसर भी है।

सीईटीए भारत के मैन्युफैक्चरिंग आधार, सेवा क्षेत्र की मजबूती और वैश्विक स्तर पर हमारे कुशल श्रम शक्ति की मांग में भरोसे को दर्शाता है। इस समझौते की खूबी यह है कि इसमें श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए बाजार की सुलभता, सेवाओं की आवाजाही और आर्थिक सहयोग के नए क्षेत्रों को शामिल करने पर जोर दिया गया है। सीईटीए भरसक व्यापक है और यह भारत के नई पीढ़ी के व्यापार समझौतों के लिए एक आदर्श नमूना है।

इस समझौते का महत्व इसके पैमाने और संतुलन में भी निहित है। भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच आपसी व्यापार पहले ही लगभग 56 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुका है और दोनों देशों ने 2030 तक अपने व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। यह समझौता उस लक्ष्य को अपेक्षाकृत अधिक निश्चितता और सटीक पूर्वानुमान के साथ हासिल करने का ढांचा देने के साथ-साथ 'भारत-यूनाइटेड किंगडम रोडमैप 2030' की व्यापक रणनीतिक दिशा को भी दर्शाता है। यह समझौता उस विजन को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है और इसका असर समय के साथ दिखाई देगा।

इस समझौते की एक मुख्य विशेषता भारतीय निर्यातों के लिए बाजार की सुलभता सुनिश्चित करना है। भारतीय सामानों को यूनाइटेड किंगडम में लगभग 99 प्रतिशत



टैरिफ लाइनों पर शुल्क-मुक्त पहुंच (ड्यूटी-फ्री एक्सेस) मिलेगा, जिसमें व्यापार मूल्य का लगभग शत-प्रतिशत हिस्सा शामिल होगा। इससे वस्त्र एवं परिधान, चमड़ा एवं फुटवियर, समुद्री उत्पाद, खेल का सामान, रत्न एवं आभूषण, खिलौने और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ (प्रोसेस्ड फूड) जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता मजबूत होगी। इन क्षेत्रों का अनुमानित मूल्य लगभग 150 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। ये ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें भारत के पास बड़े पैमाने पर काम करने की क्षमता, कौशल तथा निर्यात करने की काबिलियत है और जहां बाजार की सुलभता सीधे तौर पर नौकरियों एवं अधिक आमदनी के अवसरों में बदल सकती है। यूनाइटेड किंगडम के परिधानों एवं घरेलू वस्त्र बाजार में 6.8 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ एक बड़े आपूर्तिकर्ता के तौर पर, सीईटीए से भारत के वस्त्र एवं परिधान उद्योग को उल्लेखनीय प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। इससे चीन, बांग्लादेश और दूसरे एशियाई आपूर्तिकर्ता देशों के साथ भारत के अंतर को पाटने में भी मदद मिलेगी। इससे भारत को यूनाइटेड किंगडम के 8.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के चमड़ा एवं फुटवियर बाजार में निर्यात करने का एक बड़ा मौका भी मिलेगा। यह समझौता सिर्फ टैरिफ में राहत से ही नहीं, बल्कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), छोटे व्यवसायों, कारीगरों और महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों के लिए अधिक नौकरियां तथा बाजार के अवसर सृजित करने से भी जुड़ा है।

यह समझौता खेती, मछली पालन (खासकर फ्रोजन झींगे तथा प्रॉन) और खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े निर्यात के लिए भी नई संभावनाएं खोलता है। दुनिया की अर्थव्यवस्था तेजी से सेवा-आधारित होती जा रही है और दोनों ही अर्थव्यवस्थाओं को इसमें तुलनात्मक रूप से ठोस फायदे हासिल हैं। इस समझौते का व्यापक महत्व भारत के 'विकसित भारत 2047' के विजन के साथ पूरी तरह मेल खाता है। दोनों साझेदारों के सामने अब विविध क्षेत्रों में किए गए वादों को लागू करने की चुनौती है। सीईटीए के लागू होने के साथ, भारत और यूनाइटेड किंगडम के पास आने वाले दशकों में एक ठोस, रचनात्मक एवं जन-केन्द्रित साझेदारी बनाने का एक दुर्लभ मौका है।

**(आलेख में व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।)**

## कितना सुरक्षित है हमारा भोजन?

# निर्यात के लिए चुने गए उत्पाद भी विदेशी मानकों पर खरे नहीं उतर रहे



**ऋषभ मिश्रा**
असिस्टेंट प्रोफेसर
आईआईटी कानपुर

पीपुल्स समाचार **चिंताजनक**

दो साल पहले हांगकांग, सिंगापुर और अन्य पांच देशों ने कुछ भारतीय ब्रांड्स के मसाले लौटा दिए थे और अब जापान ने भारतीय आम तो गत हफ्ते चीन ने भारत से गई मिर्च की खेप खारिज कर दी। इसकी वजह थी - या तो उनमें कीटनाशकों के अवशेष तय सीमा से अधिक पाए गए या इनकी पेस्ट कंट्रोल प्रक्रिया में खामी रही। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि यदि निर्यात के लिए चुने गए और सबसे अधिक जांचे-परखे उत्पाद भी विदेशी मानकों पर खरे नहीं उतर रहे तो देश के सामान्य उपभोक्ताओं की थाली में पहुंचने वाले खाद्य पदार्थों की स्थिति क्या होगी? यह विदेशों में भारत की छवि पर असर डालने के साथ-साथ कीटनाशक नियमन प्रणाली और देश में भोजन के सेहतमंद व सुरक्षित होने की गारंटी पर भी एक बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है।

दरअसल हमारे किसान ऐसे कीटनाशकों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिन्हें विकसित देशों ने खतरनाक मानकर प्रतिबंधित कर रखा है, जैसे क्लोरपायरीफॉस, प्रोफेनोफॉस, पैराक्वाट, मोनोक्रोटोफॉस। देश के अनेक कृषि विश्वविद्यालय और कृषि विस्तार सेवाएं इन कीटनाशकों की सिफारिश करती हैं, बिना इस बात पर ध्यान दिए कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इनकी क्या स्थिति है। इसके अलावा, कम से कम 40 फीसदी कीटनाशक वे हैं, जो कभी रजिस्टर्ड नहीं हैं या नकली हैं। इससे इन कीटनाशकों में कौन-से तत्व हैं या वे कितने घातक हैं, इसका पता ही नहीं चल पाता।



वहीं दूसरी तरफ भारत में फूड सेफ्टी के लिए (एफएसएसएआई), कीटनाशकों के रजिस्ट्रेशन के लिए सेंट्रल इंसैक्टिसाइड्स बोर्ड और राज्य स्तरीय इकाइयां काम कर रही हैं। लेकिन इनके बीच कोई तालमेल नहीं है। फिर कीटनाशक अधिनियम (1968) का लचर कानून भी आड़े आ जाता है जिसमें किसी सैंपल के फेल होने पर विभाग के पास अदालत में मामला दर्ज करने के लिए सिर्फ 60 दिनों का समय होता है। यदि सरकारी विभाग समय सीमा के भीतर केस फाइल नहीं कर पाता है तो केस स्वतः खत्म हो जाता है।

वस्तुतः भारत में कीटनाशक उद्योग बेहद संगठित है। बीते कुछ वर्षों में उद्योग के दबाव के कारण 'ऑल इंडिया नेटवर्क प्रोजेक्ट ऑन पेस्टिसाइड रेसिड्यूज' (एआईएनपीपीआर) जैसे अहम राष्ट्रीय निगरानी कार्यक्रम काफी कमजोर हो गए हैं।

पोल्ट्री और पशुपालन में एंटीबायोटिक्स का अनावश्यक उपयोग सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि इससे एंटीबायोटिक प्रतिरोध बढ़ सकता है। इसका मतलब है कि भविष्य में संक्रमणों का इलाज करना अधिक कठिन हो सकता है। हमारा लीवर हमारे द्वारा खाए-पीए जाने वाले हर पदार्थ को लगातार प्रोसेस करता रहता है यह इसकी स्वाभाविक प्रक्रिया है। लेकिन लंबे समय तक विभिन्न हानिकारक रसायनों के संपर्क में रहने से फैटी लिवर और अन्य मेटाबॉलिक विकारों का खतरा बढ़ सकता है।

**(आलेख में व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।)**

CARTOONगीरी




## आपका पत्र

चुनाव जीत कर सत्ता हासिल करना बहुत मुश्किल है। सबसे अधिक मुश्किल सत्ता में रहते हुए अपने सिद्धांतों और आदर्शों पर टिके रहना है। आम आदमी पार्टी के उदाहरण से पता चलता है कि दिखावे की सादगी ज्यादा दिन नहीं चलती। अरविंद केजरीवाल का असली चेहरा बहुत जल्दी सबके सामने आ गया। दुखद है कि आज के नेता अपनी नैतिक जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहे हैं।

**-रमेश कुमार,** इंदौर

# भोपाल आसपास

## धर्म, संयम के मार्ग पर चलें: आचार्यश्री



पीपुल्स संवाददाता • मंडीदीप
मो.नं. 7828198478

परम पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य एवं आचार्य 108 समयसागर महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य, परम पूज्य निर्यापक मुनि 108 संभवसागर महाराज ससंघ का मंडीदीप आगमन पर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया। प्रथम ढाबा से मुनिश्री की मंगल अगवानी प्रारंभ हुई। इसके बाद मंगल विहार के साथ श्रद्धालु जयघोष करते हुए पटेल नगर स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे। समिति के अध्यक्ष विनोद जैन ने बताया कि मंदिर में विराजमान होकर मुनिश्री ने श्रद्धालुओं को धर्म, संयम एवं आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस दौरान विजय पहाड़िया, अरविंद जैन, विमल जैन, अर्पित जैन, पूर्णिमा जैन, दिलीप पहाड़िया, अशोक जैन, नरेंद्र जैन, सौरभ जैन, अंकित जैन, रोहित जैन, अंशुल जैन, सत्येंद्र जैन आदि थे।

### गंभीर घायलों को भोपाल रेफर किया, मंडी थाना क्षेत्र का मामला

# जमुनिया रोड पर दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में दो युवकों की मौत, दो गंभीर घायल

पीपुल्स संवाददाता • सीहोर
मो.नं. 9827261526

शहर के जमुनिया रोड पर रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मंडी थाना क्षेत्र में हुई इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। हादसा दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर के कारण हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और



हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक।

मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे में सेकड़ाखेड़ी निवासी 30 वर्षीय इमरान और जमुनिया टैंक निवासी 20 वर्षीय रीतेश ठाकुर, पिता लक्ष्मीनारायण ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। दोनों बाइक पर सवार एक-एक युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भोपाल रेफर कर दिया।

### बाइक के पार्ट्स सड़क पर दूर-दूर तक बिखर गए था

इधर, हादसे के बाद जमुनिया रोड पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों मोटरसाइकिलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और उनके पार्ट्स सड़क पर दूर-दूर तक बिखर गए। हादसे की सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया।

## नवागत एसडीएम शिवांगी बघेल ने संभाला कार्यभार



पीपुल्स संवाददाता • बैरसिया
मो.नं. 9300628151

बैरसिया को नई एसडीएम मिल गई हैं। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा 19 जुलाई को जारी आदेश के अनुसार एसडीएम आशुतोष शर्मा का तबादला गोविंदपुरा किया गया है, जबकि डिप्टी कलेक्टर शिवांगी बघेल को बैरसिया का नया एसडीएम नियुक्त किया गया है। सोमवार को उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बैठक की और जनहित, पारदर्शिता तथा समयबद्ध कार्य संस्कृति पर जोर दिया। वर्ष 2019 की मप्र लोक सेवा आयोग परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली शिवांगी बघेल इससे पहले खिरकिया एसडीएम थीं।

## बैरसिया में ब्यूटी सेमिनार का आयोजन

पीपुल्स संवाददाता • बैरसिया
मो.नं. 9300628151

तौशिफा ब्यूटी ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में रविवार को राजनंदनी गार्डन, बैरसिया में 'वन डे लुक एंड लर्न ब्यूटी मेकअप सेमिनार एवं अवॉर्ड शो' का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्यूटी प्रोफेशनल्स, मेकअप आर्टिस्ट एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सौंदर्य, मेकअप और व्यक्तित्व विकास से जुड़ी नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की आयोजक रानी साहू



के आमंत्रण पर इंदौर से विशेष अतिथि के रूप में प्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट देवरानी-जेठानी (रंजीता राजौरे एवं मोनिका राजौरे) ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं मुंबई से पधारीं मुख्य अतिथि एवं मेकअप आर्टिस्ट खुशी शेख ने प्रोफेशनल मेकअप स्किल्स, आधुनिक ब्यूटी तकनीकों तथा ब्यूटी इंडस्ट्री में करियर की असीम संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को सफलता के लिए निरंतर सीखने की प्रेरणा भी दी। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सरस्वती शर्मा, मुबीना खान, रत्ना श्रीवास्तव एवं शादफ खान का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## बैरसिया थाना प्रभारी वीरेंद्र सेन की पदोन्नति, निरीक्षक बनाए गए

पीपुल्स संवाददाता • बैरसिया
मो.नं. 9300628151

बैरसिया थाना प्रभारी वीरेंद्र सेन को पुलिस विभाग ने कार्यवाहक निरीक्षक से पदोन्नत कर निरीक्षक बना दिया है। सेन ने अपने सेवाकाल के दौरान हर जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया। बैरसिया में उनके कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता दी गई। सादगीपूर्ण



व्यक्तित्व, निष्पक्ष निर्णय, त्वरित कार्रवाई और जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार के कारण उन्होंने पुलिस और आमजन के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी बनाई।

## बैरसिया नगर पालिका में 6 एल्डरमैन नियुक्त

पीपुल्स संवाददाता • बैरसिया
मो.नं. 9300628151

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा बैरसिया नगर पालिका परिषद में 6 एल्डरमैनों की नियुक्ति की गई। रेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में विधायक विष्णु खत्री ने नवनियुक्त एल्डरमैनों को शुभकामनाएं दीं।

नवनियुक्त एल्डरमैनों में वार्ड-15 रेंज चौराहा निवासी कला बाई, वार्ड-13 तलैया चौक निवासी कुलदीप शर्मा, वार्ड-18 विदिशा रोड निवासी राकेश गुप्ता, वार्ड-12 मेला ग्राउंड निवासी



मोना शिल्पी, वार्ड-13 निवासी राधेश्याम शिल्पकार तथा वार्ड-5 सांवरिया मंदिर क्षेत्र निवासी जितेंद्र सोलंकी शामिल हैं। विधायक ने कहा कि बैरसिया के सर्वांगीण विकास में सभी एल्डरमैन की सहभागिता महत्वपूर्ण होगी और नगर की प्रगति के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुबेर सिंह गुर्जर, नगर मंडल अध्यक्ष अंशुल आगर आदि मौजूद थे।

## आज का दिन

ज्योतिषाचार्य पं. नारायण शंकर नाथूराम व्यास, कोतवाली बाजार जबलपुर

**मेष** कार्यक्षेत्र में चल रही उलझनें दूर होंगी। दिल की बातें अपनों से कह दें, तनाव कम होगा। कार्यों में विवेक के साथ काम लेना हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक रहेगा।

**वृष** भावुकता में लिये गये फैसले बदलना पड़ेंगे। आत्म विश्वास बनाये रखें, मुश्किलें कम होंगी। श्रमसाध्य कार्यों में प्रयास करने पर सफलता मिलेगी। आमोद प्रमोद के अवसर प्राप्त होंगे।

**मिथुन** नई जिम्मेदारियां आने से कार्यक्षेत्र में व्यस्तता रहेगीं। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। यश मान सम्मान कीर्ति मिलेगी बुजुर्ग व्यक्तियों के साथ स्वास्थ्यका ध्यान रखें।

**कर्क** मन ही मन किसी बात को लेकर परेशान रहेंगे। जोखिम के कार्य में समय बर्बाद होगा। सामाजिक कार्य बनेंगे। पूज्य व्यक्ति की सलाह हितकर रहेगी।

**सिंह** धार्मिक कार्यों में शामिल होने से खुशी मिलेगी। मित्र मिलेंगे। आर्थिक समस्या का हल होगा। किये गये प्रयास सार्थक होंगे।

**कन्या** सहकर्मी आपके सीधेपन का लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। पराक्रम में वृद्धि होगी। नये कार्यों के प्रति विशेष रुचि रहेगी। प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी।

**तुला** काननी मामले में लापरवाही से नुकसान होगा। साझेदारी लाभकारी रहेगी। अनावश्यक कार्यों पर खर्च होगा। कामकाज में बाधायें आयेंगी।

**वृश्चिक** व्यापारिक सौदे लाभकारी रहेंगे। मामूली बात पर दोस्तों से विवाद की संभावना है। आर्थिक संसाधनों में वृद्धि होगी। शारीरिक मानसिक सहयोग और शांति मिलेगी।

**धनु** विरोधियों केकारण काम करने में परेशानी होगी, जीवनसाथी का साथ खुशी देगा। राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी। सामाजिक कार्यों में सहयोग मिलेगा।

**मकर** महत्वपूर्ण मामले में फैसला लेने से बचेंगे। अनहोनी का भय वृंषभे बढ़ने से रोकेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। नवीन योजनाओं का विकास होगा।

**कुंभ** मेहमानों के कारण अपना कार्यक्रम बदलना पड़ेगा। धार्मिक आयोजन सुखद रहेंगे। अनावश्यक विवादों को टालना चाहिये।

**मीन** भाग्योदय के अवसर मिलेंगे। निजी कार्यों को पूरा करने में सफलता मिलेगी। शारीरिक सुख शांति तथा पारिवारिक दृष्टि से समय अनुकूल रहेगा।

**आज जन्मे बालक का फल**

**मंगलवार 21 जुलाई 2026:** आज जन्म लिया बालक दुबला पतला लंबे कद का फुतीर्ला स्वाभाव का, बुद्धिमान चतुर व्यवहारकुशल होगा। स्वास्थ्य नरम गरम रहेगा। ज्वर अतिसार, निमोनिया, आदि से 5 वर्ष की आयु तक कुछ तकलीफ होगी।बाद में स्वस्थ्य रहेगा। यात्राप्रिय एवं मनोरंजन का शौकीन होगा।

**व्यापार भविष्य**

आषाढ़ शुक्ल सप्तमीं को चित्रा नक्षत्र के प्रभाव से गुड़ खांड, शक्कर सरसों, सोयाबीन, पायोलिन आदि में तेजी होगी। चना, अनाज, पर नरमी रहेगी। भाग्यांक 2697 है।



ट्वीट ऑफ द डे

जापान ओपन में जीत हासिल करने के लिए पीवी सिंधु को बधाई। पूरे टूर्नामेंट के दौरान उनका दृढ़ संकल्प और बेहतरीन कौशल देखने को मिला। यह उपलब्धि इसलिए और भी खास है क्योंकि वह यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं।

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री भारत

## Sports ब्रीफ

### न्यूजीलैंड ने जीत से सीरीज अपने नाम की

ब्रिजटाउन (बारबाडोस)। मार्क चैपमैन ने 80 रन बनाए और मिचेल सैंटनर ने निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ अच्छा तालमेल बिठाया जिससे न्यूजीलैंड को रविवार को चौथे एकदिवसीय मैच में वेस्टइंडीज पर एक विकेट से जीत दर्ज करके पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। न्यूजीलैंड को जब तीन रन की जरूरत थी और एक विकेट हाथ में था, तभी सैंटनर को जीवनदान मिला। इसके बाद न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के 188 के स्कोर को नौ विकेट खोकर पार कर दिया।

### शूटर मनु भाकर और स्वप्निल साधेंगे निशाने

हांगझोउ (चीन)। ओलिंपिक पदक विजेता मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले के नेतृत्व में भारत का मजबूत दल बुधवार से शुरू हो रहे आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप के व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में अपनी चुनौती पेश करेगा। भारतीय टीम में मनु और कुसाले के अलावा ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, ईशा सिंह, सुरुचि, एलावेनिल वलारिवन, सिफत कौर सामरा शामिल हैं। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, नीरज कुमार और रुद्रांक्ष पाटिल जबकि महिलाओं में आशी चौकसे, विदार्सा के. विनोद और सिफ्ट कौर समरा मैदान में होंगी।

### आलोचनाओं से बेपरवाह रहता हूं: रोहित शर्मा



रोहित शर्मा

लंदन। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक वनडे में शतक जमाने वाले रोहित शर्मा ने कहा कि वह अपने फॉर्म को लेकर हो रही आलोचना से बेपरवाह हैं। उन्होंने कहा कि बाहरी शोर ने कभी उनके खेलने के तरीके पर असर नहीं डाला। भारत के पूर्व कप्तान के इंटरनेशनल भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो रही थीं। लॉर्ड्स वनडे से उन्होंने आलोचकों को जवाब दे दिया।

### कुशाग्र के शतक से भारत अंडर 19 की स्थिति मजबूत

कोलंबो। कुशाग्र ओझा के नाबाद शतक से भारत अंडर 19 टीम ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे युवा टेस्ट के पहले दिन सोमवार को खराब शुरूआत के बाद पारी को संभाला। भारत ने 65 ओवर में तीन विकेट पर 253 रन बना लिये थे जब खराब रोशनी के कारण अंपायरों ने दिन का खेल समाप्त करने की घोषणा की। ओझा 177 गेंद में 103 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान यशबर्धन चौहान ने 89 गेंद में 78 रन की पारी खेली जबकि मनल चौहान ने 108 गेंद में 55 रन बनाये। भारत के दो विकेट उस समय गिर गए थे जब खाता भी नहीं खुला था।

### चैंपियन को कमतर नहीं आंका जा सकता: साइना

नई दिल्ली। भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने पीवी सिंधू के आक्रामक खेल में आए बदलाव की सराहना करते हुए कहा कि जापान ओपन का खिताब इस बात का प्रमाण है कि उनके पास अब भी कई बड़े खिताब जीतने की क्षमता बाकी है। साइना ने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस जीत से सिंधू का आत्मविश्वास लौट आया है। किसी भी चैंपियन को कभी कमतर नहीं आंका जाना चाहिये। वह हमेशा वापसी करती है और अच्छा प्रदर्शन करती है। साइना ने कहा कि पिछले दो-तीन साल सिंधू के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहे। वह लगातार चोटों से उबरने की कोशिश कर रही थीं।

**फीफा वर्ल्ड कप : वर्ल्ड चैंपियन टीम के स्वदेश लौटने पर दुल्हन की तरह सजाया गया मैड्रिड शहर**

# चैंपियन टीम का स्वागत, स्पेन में विजय परेड



चैंपियन स्पेन टीम के कप्तान रोड्री एयर पोर्ट पर ट्रॉफी के साथ

एजेंसी • मैड्रिड
editor@peoplessamachar.co.in

स्पेन की विश्व कप विजेता टीम सोमवार की दोपहर को स्वदेश लौटी है, जहां टीम के 11 सदस्यों का स्वागत स्पेन के शाही महल और प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने किया। इसके बाद शाम को खिलाड़ी खुली छत वाली बस में सवार होकर शहर के मध्य भाग में विजय परेड में हिस्सा लिया। टीम के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसकों के जुटे।

परेड प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास मोनक्लोआ पैलेस के निकट से शुरू होकर सिबेल्स स्क्वायर तक निकाली गई। इसके बाद सिबेल्स स्क्वायर पर खिलाड़ियों के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया। यह वही ऐतिहासिक स्थल है, जहां स्पेन की राष्ट्रीय टीमें और उनके समर्थक बड़ी जीत के बाद पारंपरिक रूप से जश्न मनाते रहे हैं। स्पेन ने रविवार को न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में खेले गए फाइनल में मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। स्पेन ने इससे पहले 2010 में दक्षिण अफ्रीका में पहली बार यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती थी।

इस तरह यह उसके इतिहास का दूसरा विश्व कप खिताब है। फाइनल की समाप्ति के साथ ही मैड्रिड जश्न में डूब गया। हजारों समर्थक बार और रेस्तरां से निकलकर सड़कों पर उमड़ पड़े। कई लोग स्पेन का राष्ट्रीय ध्वज ओढ़े हुए थे, जबकि अनेक प्रशंसक टीम के रंगों वाली जर्सियां पहने हुए थे।

## फैंस में गजब का उत्साह, जश्न में जमकर की गई आतिशबाजी

राजधानी के पुर्ता देल सोल सहित प्रमुख चौक लोगों से खचाखच भर गए। समर्थकों ने गीत गाए, नृत्य किया, आतिशी की और पूरे शहर में वाहनों के हॉर्न गूंजते रहे। कई लोग सोमवार तड़के तक जीत का जश्न मनाते रहे। सोमवार सुबह 19 वर्षीय विक्टर आल्वारेज ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। मैंने केवल तीन-चार घंटे ही सोया है, लेकिन टीम के लिए मैं कुछ भी करने को तैयार हूं। पुरुष विश्व कप के साथ-साथ 2023 में स्पेन द्वारा जीते गए महिला विश्व कप को मिलाकर यह यूरोपीय देश एक साथ पुरुष और महिला दोनों विश्व कप खिताब अपने पास रखने वाला पहला देश बन गया है। जश्न के बीच एक दुखद घटना भी सामने आई। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, मैड्रिड के उत्तर-पश्चिम में स्थित सलामांका में 13 वर्षीय एक किशोर की उस समय मृत्यु हो गई, जब वह दोस्तों के साथ जश्न मनाने के लिए जिस फव्वारे पर चढ़ा था, वह ढह गया। स्पेन फुटबॉल टीम के कई युवा समर्थकों के लिए यह पहली बार है जब उन्होंने टीम को विश्व कप ट्रॉफी उठाते देखा है।

## एमबाप्पे को दूसरी बार 'गोल्डन बूट' और रौड्री को 'गोल्डन बॉल'

एजेंसी • ईस्ट रदरफार्ड
editor@peoplessamachar.co.in

फ्रांस के कीलियन एमबाप्पे लगातार दो विश्व कप में 'गोल्डन बूट' जीतने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर बन गए और टूनार्मेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का 'गोल्डन बॉल' पुरस्कार लियोनेल मेस्सी को नहीं बल्कि स्पेन के कप्तान रौड्री को मिला। स्पेन ने अर्जेंटीना का लगातार दूसरा विश्व कप जीतने का सपना तोड़ा और उसके कप्तान रौड्री ने मेस्सी को व्यक्तिगत पुरस्कार से भी वंचित कर दिया। सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का 'गोल्डन ग्लव' पुरस्कार टूर्नामेंट में महज एक गोल गंवाने वाले स्पेन के युनाइ सिमोन ने जीता जबकि स्पेन के ही पाउ कुबारासी ने लामिन यमाल को पछाड़कर सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया। फाइनल में अर्जेंटीना को स्पेन ने एक गोल से हरा दिया और लियोनेल मेस्सी एक भी गोल नहीं कर सके। मेस्सी को रिकॉर्ड तीसरी बार 'गोल्डन बॉल' मिलने की उम्मीद थी जो दो बार यह पुरस्कार जीत चुके हैं। 39 वर्ष की उम्र में लगातार दूसरी बार अर्जेंटीना को फाइनल तक ले जाने के कारण उनका दावा मजबूत भी था लेकिन स्पेन को 2010 के बाद दूसरा खिताब दिलाने वाले कप्तान रौड्री को चुना गया।



किलियन एमबाप्पे, अबतक विश्व कप में 22 और इसबार 10 गोल

### अवॉर्ड्स की लिस्ट

गोल्डन बूट: किलियन एमबाप्पे (फ्रांस, 10 गोल)
सिल्वर बूट: लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना, 8 गोल)
ब्रॉन्ज बूट: जूड बेलिंगहैम (इंग्लैंड, 7 गोल)
गोल्डन बॉल: रोड्री (स्पेन)
सिल्वर बॉल: लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना)
ब्रॉन्ज बॉल: किलियन एमबाप्पे (फ्रांस)
गोल्डन ग्लव: उनाई साइमन (स्पेन)
बेस्ट यंग प्लेयर: पाउ क्यूबार्सी (स्पेन) – इन सभी में राशि नहीं मिलती



### किसके कितने गोल

| नंबर | गोल+असिस्ट | नाम |
|---|---|---|
| 1. | 10+4 | एमबाप्पे |
| 2. | 8+4 | मेसी |
| 3. | 7+1 | बेलिंगहम |
| 4. | 7+0 | हॉलैंड |
| 5. | 6+1 | हैरी केन |

## जीत के जश्न के दौरान स्पेन और अर्जेंटीना खिलाड़ियों के बीच झड़प

ईस्ट रदरफोर्ड। विश्व कप फाइनल में अर्जेंटीना को हराने के बाद स्पेन का जश्न उस समय फीका पड़ गया जब अंतिम सीटी बजने के तुरंत बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच मैदान पर तीखी झड़प हो गई। वीडियो रीप्ले में कई खिलाड़ी आपस में उलझते दिखाई दिए। अर्जेंटीना के डिफेंडर लिएंड्रो पारेदेस ने कथित तौर पर स्पेन के एरिक गार्सिया का गला पकड़कर धक्का दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे स्पेन के स्थानापन्न खिलाड़ी गावी को भी पारेदेस ने धक्का देकर मैदान पर गिरा दिया। स्थिति को शांत कराने के लिए दोनों टीमों के खिलाड़ी और अर्जेंटीना के मुख्य कोच लियोनेल स्कालोनी तुरंत मौके पर पहुंचे, जिसके बाद मामला नियंत्रित हुआ। इस घटना में शामिल खिलाड़ियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के बारे में फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है। स्पेन ने अर्जेंटीना को मैच के दौरान बड़ा झटका तब लगा, जब एंजो फर्नांडिस को दूसरा पीला कार्ड मिलने के बाद मैदान छोड़ना पड़ा और टीम 10 खिलाड़ियों के साथ खेली। ट्रॉफी वितरण समारोह में अर्जेंटीना के खिलाड़ी अपने समर्थकों की ओर मुंह किए और पोडियम की ओर पीठ करके खड़े रहे, जबकि स्पेन टीम ने विजेता ट्रॉफी उठाकर अपनी जीत का जश्न मनाया।

## पोरो ने किया दादा जी का सपना पूरा

स्पेन के डिफेंडर पेड्रो पोरो ने कहा कि उन्होंने रविवार को विश्व कप फाइनल में अर्जेंटीना को 1-0 से हराने में मदद करके अपने दादाजी से किया वादा पूरा किया। मैच के बाद पोरो ने मिक्स्ड जोन में कहा कि कुछ दिन पहले मेरे दादाजी ने मुझसे कहा था, 'बेटा, कप घर लेकर आना। आज मैंने उनकी बात सच कर दिखाई। मैं यहां से निकलकर उन्हें फोन करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं, क्योंकि वह बहुत खुश और भावुक होंगे, और मैं भी। टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले पोरो ने माना कि उन्हें अभी भी इस कामयाबी पर यकीन नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा, ‘मुझे यकीन नहीं हो रहा है।

## चहेतों का सितारा मेसी फाइनल में कैसे हुआ बेनूर

### विश्व कप के अपने आखिरी मैच में चमक नहीं बिखेर सके लियोनेल मेसी, फैंस दिखे निराश

एजेंसी • ईस्ट रदरफार्ड
editor@peoplessamachar.co.in



लियोनेल मेसी

मेटलाइफ स्टेडियम में बैठे उनके समर्थकों के अलावा दुनिया के कोने कोने में देर रात टीवी के आगे नजरें गड़ाए बैठे करोड़ों प्रशंसकों की जुबां पर एक ही नाम था ..लियोनेल मेसी लेकिन विश्व कप में सुनहरे सफर के आखिरी पड़ाव पर उनका चहेता यह सितारा बेनूर हो गया।

खेल के 106वें मिनट में फेरान टोरेस के गोल के दम पर स्पेन ने अर्जेंटीना को हराकर खिताब जीता। दक्षिण अमेरिकी धुरंधर से छिनकर यूरोपीय दिग्गज ने विश्व फुटबॉल की बादशाहत पर कब्जा कर लिया। ब्राजील (1958 और 1962) के बाद लगातार दो खिताब जीतने वाली पहली टीम बनने का सपना लेकर फाइनल में उतरी थी अर्जेंटीना। मेसी लगातार दूसरी बार चैम्पियन नहीं बन सके। आखिरी सीटी बजने पर उनकी आंखों में नमी और चेहरे पर निराशा को सभी ने देखा। एक तरफ स्पेन के खिलाड़ी जश्न मना रहे थे तो दूसरी तरफ मेसी और उनकी टीम स्टेडियम के दक्षिणी छोर पर अर्जेंटीना के समर्थकों को धन्यवाद दे रही थी और शायद माफी भी मांग रही थी। अर्जेंटीना को फ्रांस के खिलाफ 2022 विश्व कप में खिताबी जीत और दो बार कोपा अमेरिका खिताब दिलाने में सूत्रधार रहे मेसी स्पेन का गोल होने के बाद सिर झुकाये और कमर पर हाथ रखकर स्तब्ध खड़े रहे। बासीलोना और पेरिस सेंट जर्मेन के साथ 12 लीग और चार चैम्पियंस लीग खिताब जीतने के बाद मेसी ने जब यूरोपीय फुटबॉल से विदा लेकर तीन साल पहले एमएलएस का रूख किया तो लोगों को लगा कि वह रिटायर होकर अमेरिका में बस जाएंगे। लेकिन वह एक बार फिर अर्जेंटीना को विश्व कप फाइनल तक ले गए जिनमें उनके खाते में आठ गोल आए और चार में वह सहायक रहे।

## टैलेंट सर्च में एथलीट्स ने दिखाया दम

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9981288659

प्रदेश के उभरते एथलीट्स को उचित मंच देने के उद्देश्य से राजधानी के टीटी नगर स्टेडियम में मंगलवार को आयोजित टैलेंट सर्च 2026-27 का पहले दिन उत्साह, ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा से भरपूर रहा। आयोजित एथलेटिक्स चयन ट्रायल्स के पहले दिन लगभग 400 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



ट्रायल देते हुए खिलाड़ी

मंगलवार को पूरे दिन स्टेडियम में खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बना, जहां प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे युवा खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल से चयनकर्ताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने बताया कि एथलेटिक्स चयन ट्रायल्स 21 एवं 22 जुलाई को भी टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। पहले दिन खिलाड़ियों ने दौड़, लॉन्ग जंप, हाई जंप, पोल वॉल्ट, शॉटपुट सहित विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं में भाग लिया।

## भोपाल फुटबॉल लीग 16 से

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9981288659

जिला फुटबॉल एसोसिएशन (डीएफए) भोपाल की वार्षिक बैठक सोमवार को भोपाल के केडीपीएस स्कूल में आयोजित की गई। बैठक में बैठक में निर्णय लिया गया कि भोपाल की प्रतिष्ठित भोपाल लीग फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 16 अगस्त से किया जाएगा। प्रतियोगिता के सफल संचालन एवं आयोजन हेतु पाँच सदस्यीय आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसमें जीके श्रीवास्तव, अनिल तंवर, तनवीर दाद, गुरविंदर एवं मुनीश अग्रवाल को शामिल किया गया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि डीएफए भोपाल द्वारा 22 जुलाई से तीन दिवसीय रेफरी वर्कशॉप और वर्कशॉप के समापन के उपरांत प्रतिभागियों की 25 जुलाई को अंतिम परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके योग्य रेफरी तैयार कर सकें।

**बैडमिंटन: सात्विक-चिराग की युगल जोड़ी चोट के चलते बाहर, विश्व चैंपियनशिप में करेंगे भागीदारी**

# सिंधू करेंगी चीन ओपन में भारतीय अभियान की अगुवाई

एजेंसी • चांग्झू (चीन)
editor@peoplessamachar.co.in

जापान ओपन का खिताब जीतकर शानदार लय में लौटी भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू मंगलवार से शुरू हो रहे चीन ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी लेकिन पुरुष युगल की शीर्ष जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी कंधे की चोट से उबर रहे सात्विक के कारण इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेगी। भारतीय टीम बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर पर पिछले सप्ताह के शानदार प्रदर्शन की लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। सिंधू लगभग दो वर्ष बाद जापान ओपन का खिताब जीतकर बेहतरीन लय में चीन पहुंची हैं। सिंधू ने जापान ओपन के फाइनल में जापान की अकाने यामागुची को हराया।



जापान ओपन टूर्नामेंट की चैंपियन पीवी सिंधू

### लक्ष्य, आयुष और प्रणय देंगे चुनौती

सिंधू अपने अभियान की शुरूआत हमवतन उन्नति हुड्डा के खिलाफ करेंगी। दूसरे दौर में उनका सामना चीन की चौथी वरीयता प्राप्त चेन यू फेई से हो सकता है। महिला एकल में भारत की अन्य खिलाड़ी देविका सिहाग अपने अभियान की शुरुआत थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ करेंगी। पिछले महीने सिंगापुर ओपन सुपर 750 का खिताब जीतने वाले सात्विक और चिराग ने जापान ओपन से भी सात्विक की बार-बार उभर रही कंधे की चोट के कारण नाम वापस ले लिया था। अब दोनों ने विश्व चैंपियनशिप से पहले पूरी तरह फिट होने के उद्देश्य से चीन ओपन नहीं खेलने का फैसला किया है। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन, काबिज आयुष शेट्टी और अनुभवी एचएस प्रणय संभालेंगे। लक्ष्य सेन शुरुआती दौर में जापान के युशी तनाका से भिड़ेंगे।

### पीपुल्स सुडोकू-268

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 4 | 6 | | | 9 | 1 | |
| 6 | | | 1 | | | 3 | 4 | |
| | | 8 | | | 2 | 5 | | |
| | 5 | 9 | 7 | 6 | | 4 | | 3 |
| 4 | 2 | | | | 3 | 7 | | 1 |
| | 1 | 3 | | | | | 5 | 6 |
| 9 | 6 | 1 | 5 | | 7 | | | 4 |
| 2 | 8 | 7 | | 1 | 9 | 6 | 3 | 5 |
| | 4 | 5 | | 8 | | | | 9 |

**कैसे खेलें** प्रस्तुत वर्ग को 1 से 9 तक के अंकों के प्रयोग से इस प्रकार भरें कि प्रत्येक आड़ी व खड़ी पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक आएं। ध्यान रखें

उत्तर-267

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 9 | 5 | 3 | 4 | 8 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 5 | 9 | 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 |
| 4 | 2 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 3 | 9 | 2 | 4 | 8 | 5 | 6 |
| 9 | 6 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 2 | 8 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 | 3 | 5 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 6 | 1 | 7 | 9 |

BEYOND LIMIT
PEOPLE'S UNIVERSITY

# PEOPLE'S DENTAL ACADEMY (PDA)

24 - YEARS OF - ACADEMIC EXCELLENCE

## COURSES OFFERED



### BDS
NRI Seats Available

**Bachelor of Dental Surgery**
Eligibility: NEET qualified

### MDS
NRI Seats Available



**Master of Dental Surgery**
Eligibility: NEET qualified
Specialization in **MDS:**
- Prosthodontics, Crown & Bridge
- Conservative Dentistry & Endodontics
- Public Health Dentistry
- Oral Medicine & Radiology
- Oral & Maxillofacial Surgery
- Periodontology
- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics
- Pedodontics & Preventive Dentistry

**DUAL DEGREE = UNLIMITED OPPORTUNITIES**
Dual Degree Program as per UGC Regulations (Pursue two degrees simultaneously)

**FIVE YEARS INTEGRATED UG & PG PROGRAM (SAVE ONE YEAR)**
in Engineering, Pharmacy & Management






People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.)
0755-4005361/62, 7024006656, 7024267716, 9538500200,
www.peoplesuniversity.edu.in








भारत कारोबार करने और वित्तपोषण की लागत कम करने के लिए संरचनात्मक सुधारों में तेजी लाकर आठ से नौ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल कर सकता है। वृहद आर्थिक स्थिरता ने भारत को सात प्रतिशत वृद्धि तक पहुंचाया। संस्थागत सुधार भारत को नौ प्रतिशत वृद्धि तक ले जा सकते हैं।

-कृष्णमूर्ति वी. सुब्रमण्यम, पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार

सेंसेक्स 77,708 (442.93) | निफ्टी 24,238 (95.80) | डॉलर 1$ = 96.44 (0.14) | सोना 146,900 (1400) | चांदी टंच 1,21,500 (1000)

## बिजनेस न्यूज

### अल्ट्राटेक सीमेंट को तिमाही में 2,604 करोड़ का मुनाफा

**मुंबई।** आदित्य बिरला समूह की निर्माण सामग्री बनाने वाली कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में समेकित आधार पर 2,604 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ जो सालाना आधार पर 17.24 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने सोमवार को वित्तीय परिणामों की घोषणा की। उसने बताया कि तिमाही के दौरान उसकी शुद्ध बिक्री 24,465 करोड़ रुपए रही। यह पिछले वित्त वर्ष की शुद्ध बिक्री से 16.28 प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है। तिमाही में घरेलू बिक्री 3.92 करोड़ टन रही जो सालाना आधार पर 13.1 प्रतिशत अधिक है। कंपनी का परिचालन लाभ भी 12.09 फीसदी की वृद्धि के साथ 5,146 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। प्रति टन परिचालन लाभ 1,214 रुपए से बढ़कर 1,198 करोड़ टन हो गया।

### वीआई को कर्ज पर बैंकों की शर्त, प्रमोटर दें गारंटी

**मुंबई।** वोडाफोन आइडिया (वीआई) को 35,000 करोड़ रुपए के नए कर्ज की अंतिम मंजूरी मिलने में बाधा आ रही है। सूत्रों के मुताबिक ऋणदाता कंपनी के वित्तीय अनुमानों पर मोटे तौर पर सहमत हैं, लेकिन 5जी नेटवर्क विस्तार और पूंजीगत व्यय के लिए इस बड़ी वित्तीय मदद को हरी झंडी देने से पहले प्रवर्तकों से अतिरिक्त आश्वासन या स्पष्ट प्रतिबद्धता की मांग कर रहे हैं। बैंक चाहते हैं कि प्रवर्तक गारंटी दें, अतिरिक्त पूंजी डालें या भुगतान में चूक होने पर सहायता करने की स्पष्ट प्रतिबद्धता दें। एक सरकारी बैंक के वरिष्ठ बैंकर ने पुष्टि की, कंपनी की आय और कर्ज भुगतान के अनुमानों पर हम सहमत हैं, लेकिन जोखिम के प्रति अतिरिक्त आश्वासन जरूरी है।

### लोहिया कॉर्प का आईपीओ 23 जुलाई को खुलेगा

**नई दिल्ली।** औद्योगिक मशीनरी विनिर्माता लोहिया कॉर्प लिमिटेड ने अपने 1,102 करोड़ रुपए के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 404-425 रुपए प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर कंपनी का मूल्यांकन लगभग 4,500 करोड़ रुपए आंका गया है। कंपनी ने कहा कि उसका 1,102 करोड़ रुपए का आईपीओ 23 जुलाई को खुलेगा और 27 जुलाई को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 22 जुलाई को शेयरों के लिए बोली लगा पाएंगे। यह आईपीओ पूरी तरह 2.59 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश पर आधारित है। इसलिए कंपनी को इस सार्वजनिक निर्गम से कोई राशि प्राप्त नहीं होगी।

### एलएंडटी को मिले 10,000-15,000 करोड़ रुपए के ठेके

**नई दिल्ली।** अवसंरचना क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों समेत देश की प्रमुख धातु एवं खनन कंपनियों से कई ठेके मिले हैं। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि उसकी धातु एवं खनिज (एमएंडएम) कारोबार इकाई को मिले इन बड़े ठेकों का मूल्य 10,000 करोड़ रुपए से 15,000 करोड़ रुपए के बीच है। बयान के अनुसार, कंपनी को पहला ठेका सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी से मिला है। यह लौह अयस्क उत्पादक कंपनी वर्ष 2030 तक अपनी लौह अयस्क उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 10 करोड़ टन प्रतिवर्ष (एमटीपीए) करने के लिए विस्तार कर रही है। दूसरा ठेका सार्वजनिक क्षेत्र की एक अन्य नवरत्न कंपनी से मिला है।

## भारत-मोल्दोवा व्यापार एवं निवेश बढ़ाने पर सहमत: राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी • किशनॉउ (मोल्दोवा)

editor@peoplessamachar.co.in

भारत और मोल्दोवा ने सोमवार को व्यापार एवं निवेश बढ़ाने, आपूर्ति शृंखलाओं को अधिक मजबूत बनाने और संपर्क सुधारने पर सहमति जताई। पूर्वी यूरोपीय देश मोल्दोवा की यात्रा पर पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों में आर्थिक सहयोग एक प्रमुख आधार बना हुआ है। उन्होंने मोल्दोवा की राष्ट्रपति माया संदू के साथ व्यापक और भविष्य उन्मुख वार्ता की, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की गई। मुर्मू मोल्दोवा की यात्रा करने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक सहयोग हमारी साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ है। हमने व्यापार एवं निवेश बढ़ाने,



आपूर्ति शृंखलाओं को सुदृढ़ बनाने, संपर्क बेहतर करने और कारोबारी समुदायों के बीच करीबी सहभागिता को प्रोत्साहन देने पर सहमति जताई है। राष्ट्रपति ने कहा कि इस यात्रा के दौरान आयोजित भारत-मोल्दोवा व्यापार मंच दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को नई गति देगा। दोनों देशों ने कृषि, लॉजिस्टिक और अवसंरचना, स्वास्थ्य और औषधि, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, कृत्रिम मेधा और नवोन्मेषण जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की। मुर्मू ने कहा कि उनकी यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों में एक ऐतिहासिक पड़ाव है और यह दोनों देशों के बीच बढ़ती मित्रता तथा आपसी विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने कहा, भारत और मोल्दोवा के बीच तीन दशक से अधिक समय से सौहार्दपूर्ण संबंध रहे हैं। भौगोलिक दूरी के बावजूद यह साझेदारी शांति, विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के साझा मूल्यों पर आगे बढ़ी है। मोल्दोवा में करीब 2,000 भारतीय नागरिक रहते हैं, जिनमें लगभग 1,800 मेडिकल की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी शामिल हैं। यह देश भारतीय छात्रों के प्रमुख विदेशी केंद्रों में से एक बनकर उभरा है। यह यात्रा मुर्मू के तीन यूरोपीय देशों के दौरे का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य व्यापार, प्रौद्योगिकी, पर्यटन और अन्य क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करना है। दोनों पक्षों ने हाल के वर्षों में हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए सहयोग को और गहरा करने पर सहमति जताई। शिक्षा क्षेत्र में आदान-प्रदान और संस्थागत साझेदारी बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। भारत ने मोल्दोवा के पेशेवरों के लिए आईटीईसी प्रशिक्षण स्लॉट की संख्या दोगुनी करने की घोषणा की है, जिसमें कृत्रिम मेधा (एआई) और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों के विशेष पाठ्यक्रम शामिल होंगे। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और शांति, संवाद तथा अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## ऑल न्यू निसान की लॉन्चिंग

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर

मो.नं. 8962564280

इंदौर में निसान की एकमात्र अधिकृत डीलरशिप, सांघी निसान ने आज अपने राजेंद्र नगर शोरूम में ऑल-न्यू निसान टेक्टन लॉन्च की। इस लॉन्च के साथ इंदौर एवं मध्य प्रदेश के ग्राहकों के लिए निसान की नई प्रीमियम एसयूवी आधिकारिक रूप से उपलब्ध हो गई है। नई निसान टेक्टन आकर्षक डिज़ाइन, प्रीमियम गुणवत्ता, अत्याधुनिक तकनीक और दमदार प्रदर्शन का उत्कृष्ट संगम है। निसान की एक कार, एक विश्व फिलॉसफी पर आधारित यह एसयूवी भारत में निर्मित है और घरेलू बाजार के



साथ-साथ वैश्विक बाजारों के लिए भी तैयार की गई है। नई टेक्टन में 100 प्रतिशत टर्बोचार्ज्ड इंजन लाइन-अप दिया गया है। तकनीक के क्षेत्र में भी टेक्टन कई आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसके अलावा ड्यूल डिजिटल डिस्प्ले, पैनोरमिक सनरूफ, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, वायरलेस चार्जिंग, कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी, प्रीमियम ऑडियो सिस्टम और अपने सेगमेंट का बड़ा बूट स्पेस इसे एक बेहतरीन प्रीमियम एसयूवी बनाते हैं।

### कैंपबेल विल्सन तथा सत्य रामास्वामी ने प्राप्त किया पुरस्कार

## एयर इंडिया को डिजिटल लीडरशिप के लिए 'एयरलाइन स्ट्रैटेजी अवॉर्ड'

एजेंसी • नई दिल्ली

editor@peoplessamachar.co.in

देश की अग्रणी विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया को फ्लाइटग्लोबल ने 'एयरलाइन स्ट्रैटेजी अवॉर्ड फॉर डिजिटल लीडरशिप' से सम्मानित किया है। फ्लाइटग्लोबल विमानन एवं एयरोस्पेस उद्योग की प्रतिष्ठित ब्रिटेन-आधारित समाचार एवं डेटा संस्था है। यह पुरस्कार एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन तथा मुख्य डिजिटल एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी सत्य रामास्वामी ने लंदन में आयोजित एक समारोह में प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन फ्लाइटग्लोबल ने प्रबंधन परामर्श कंपनी कॉर्न फेरी के सहयोग से किया था। टाटा समूह की कंपनी एयर इंडिया ने सोमवार को बताया कि एयरलाइन स्ट्रैटेजी अवॉर्ड्स विमानन क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कारों में से एक माना जाता है। यह विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट नेतृत्व और उपलब्धियों को सम्मानित करता है। पुरस्कार




विजेताओं का चयन उद्योग विश्लेषकों, सलाहकारों और पूर्व एयरलाइन अधिकारियों सहित स्वतंत्र विशेषज्ञों के पैनल द्वारा किया जाता है। इस वर्ष इस पुरस्कार की एकमात्र विजेता एयर इंडिया रही। पिछले साल यूनाइटेड एयरलाइंस और रेयांग एयर ने सम्मान हासिल किया था। विल्सन ने फ्लाइटग्लोबल से मिले इस पुरस्कार को गर्व की बात करार देते हुए कहा, यह सम्मान टाटा समूह में वापसी के बाद एयर इंडिया द्वारा हासिल की गई प्रगति का प्रमाण है और हमारे परिवर्तन अभियान को आगे बढ़ाने वाले सभी कर्मचारियों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारी डिजिटल पहलें ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने, कर्मचारियों को सशक्त बनाने और परिचालन उत्कृष्टता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। विमानन उद्योग की सबसे सम्मानित संस्थाओं में से एक द्वारा हमारी डिजिटल यात्रा के पैमाने, गति और प्रभाव को मान्यता मिलना हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। इससे हमारा यह विश्वास और मजबूत होता है कि तकनीक एयर इंडिया को विश्वस्तरीय वैश्विक एयरलाइन बनाने की हमारी महत्वाकांक्षा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी।

### पीएम मोदी एक अगस्त को करेंगे भोगापुरम हवाई अड्डे का उद्घाटन

**विशाखापत्तनम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी एक अगस्त को आंध्र प्रदेश के भोगापुरम स्थित अल्लूरी सीताराम राजू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (विजाग एयरपोर्ट) का उद्घाटन करेंगे। भोगापुरम में रणनीतिक रूप से स्थित यह हवाई अड्डा विशाखापत्तनम, विजयनगरम, श्रीकाकुलम और दक्षिणी ओडिशा तथा छत्तीसगढ़ के पड़ोसी जिलों के लिए प्रमुख विमानन प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करेगा। इस हवाई अड्डे का विकास जीएमआर विशाखापत्तनम इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीवीआईएएल) द्वारा किया गया है। यह जीएमआर एयरपोर्ट्स लिमिटेड की सहायक कंपनी है। जीएमआर एयरपोर्ट्स ने सोमवार को बताया कि इस हवाई अड्डे का निर्माण क्षेत्र की बढ़ती विमानन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। शुरुआती चरण में इसकी वार्षिक यात्री क्षमता 60 लाख यात्रियों की है। बाद में इसे बढ़ाकर चार करोड़ से अधिक करने की योजना है। हवाई अड्डे में 3,800 मीटर लंबा कोड 4ई रनवे है।

## सोना 1,400 रुपए चढ़ा, चांदी में गिरावट का सिलसिला जारी

एजेंसी • नई दिल्ली।

editor@peoplessamachar.co.in

मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतों में 1,400 रुपए की तेजी आई और यह करीब 1.47 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,400 रुपए बढ़कर 1,46,900 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गया जबकि शुक्रवार को यह 1,45,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमतों में लगातार छठे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही।

चांदी 1,000 रुपए टूटकर 2,21,500 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में यह 2,22,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। चांदी में 10 जुलाई के बाद से अब तक कुल 15,500 रुपए यानी करीब 6.5 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। सराफा कारोबारियों ने कहा कि पिछले सप्ताह की तेज गिरावट के बाद सोने में निचले स्तर पर खरीदारी देखने को मिली, जिससे इसकी कीमतों को सहारा मिला। वहीं, चांदी में बिकवाली का दबाव बना रहा, क्योंकि निवेशक भू-राजनीतिक जोखिमों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों को ऊंचे स्तर पर बनाए रखने की संभावनाओं



का आकलन कर रहे हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, अंतरराष्ट्रीय बाजारों से सकारात्मक संकेत मिलने और पिछले सप्ताह की गिरावट के बाद सस्ते स्तर पर खरीदारी आने से सोमवार को सोने में तेजी आई। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर में नरमी से भी विदेशी खरीदारों के लिए सोना अधिक आकर्षक बना। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ करीब 4,020 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी करीब दो प्रतिशत चढ़कर 57 डॉलर प्रति औंस के आसपास पहुंच गई।

कोटक सिक्योरिटीज की सहायक उपाध्यक्ष कायनात चैनवाला ने कहा कि अमेरिका-ईरान तनाव के बीच मध्यस्थता के प्रयास जारी रहने से बाजार पर असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव एक प्रमुख कारक बना हुआ है। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ब्रेंट क्रूड 91 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया।

## आईएलएंडएफएस समूह ने 50,387 करोड़ रुपए का बड़ा कर्ज चुकाया

एजेंसी • नई दिल्ली

editor@peoplessamachar.co.in

कर्ज संकट से जूझ रहे आईएलएंडएफएस समूह ने जून, 2026 तक अपने लेनदारों को कुल 50,387 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया है। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय अधिकरण (एनसीएलएटी) के समक्ष दाखिल नवीनतम स्थिति रिपोर्ट हलफनामे में यह जानकारी दी गई है। समूह की तरफ से किया गया यह भुगतान सितंबर, 2025 में दाखिल पिछली रिपोर्ट के मुकाबले करीब चार प्रतिशत अधिक है। उस समय तक 48,463 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया था। आईएलएंडएफएस ने बताया कि 50,387 करोड़ रुपए के भुगतान के साथ ही उसका कुल ऋण समाधान 61,000 करोड़ रुपये के लक्ष्य का करीब 82.6 प्रतिशत हो चुका है। यह राशि समूह के कुल बाहरी कर्ज 99,377 करोड़ रुपये का लगभग 61.38 प्रतिशत है। ताजा हलफनामे के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों का बकाया चुकाने में समूह ने बेहतर प्रगति की है। इन संस्थानों के कुल 91,000 करोड़ रुपए के कर्ज में से लगभग 88.4 प्रतिशत यानी करीब 57,000 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

आईएलएंडएफएस समूह में सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है। इनमें भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रमुख हैं।

## जेके सीमेंट का शुद्ध लाभ 15.3% तक घटा

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में जेके सीमेंट लिमिटेड का मुनाफा 15.3 प्रतिशत घटकर 274.62 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 324.25 करोड़ रुपए था।


जेके सीमेंट की परिचालन आय जून तिमाही में 20.25 प्रतिशत बढ़कर 4,031.72 करोड़ रुपए हो गई, जो 2025-26 की पहली तिमाही में 3,352.53 करोड़ रुपए थी। कंपनी का कुल खर्च आलोच्य तिमाही में 25.5 प्रतिशत बढ़कर 3,664.82 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी की कुल आय जून 2026 को समाप्त तिमाही में 19.41 प्रतिशत बढ़कर 4,070.97 करोड़ रुपए रही।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने 4,666 करोड़ का भुगतान किया

एजेंसी • मुंबई

editor@peoplessamachar.co.in

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने जून 2026 में समाप्त पहली तिमाही में 386 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया, जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 27.8 प्रतिशत ज्यादा है। इस दौरान, कंपनी के टर्म प्लान (रिटेल प्रोटेक्शन) कारोबार में भी 60.4 प्रतिशत की मजबूत बढ़त दर्ज की गई। साथ ही, कंपनी के निदेशक मंडल ने कंपनी का नाम बदलकर 'आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। कंपनी के एमडी और सीईओ अनुप बागची ने कहा, हमारी सबसे




बड़ी प्राथमिकता हमेशा ग्राहक रहे हैं। पहली तिमाही में 99.3 प्रतिशत का क्लेम सेटलमेंट रेशियो और बिना जाँच की जरूरत वाले दावों का औसतन सिर्फ एक दिन में भुगतान इस बात का प्रमाण है कि मुश्किल समय में हम अपने ग्राहकों और उनके परिवारों के साथ खड़े हैं। इस तिमाही के दौरान हमने मृत्यु दावों के तहत 1,306 करोड़ रुपए का भुगतान किया, जबकि मैच्योरिटी और सर्वाइवल बेनेफिट्स के रूप में 3,360 करोड़ रुपए का भुगतान किया। वित्त वर्ष 2025-26 में भी कंपनी ने मृत्यु दावों के तहत 5,149 करोड़ रुपए और मैच्योरिटी व सर्वाइवल बेनेफिट्स के रूप में 15,363 करोड़ रुपए का भुगतान किया। उन्होंने आगे कहा, पहली तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 27.8 प्रतिशत बढ़कर 386 करोड़ रुपए रहा। वहीं, हमारे रिटेल प्रोटेक्शन कारोबार में 60.4 प्रतिशत की मजबूत बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह इस बात का संकेत है कि हम देश में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक जीवन बीमा सुरक्षा पहुँचाने के अपने लक्ष्य पर लगातार काम कर रहे हैं।

## एचडीएफसी, एक्सिस बैंक में भारी बिकवाली से सेंसेक्स 443 अंक टूटा

एजेंसी • मुंबई

editor@peoplessamachar.co.in

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के साथ मार्जिन संबंधी दबाव को लेकर एचडीएफसी और एक्सिस बैंक जैसे प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 443 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 96 अंक के नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 442.93 अंक यानी 0.57 प्रतिशत टूटकर 77,708.52 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 783.16 अंक टूटकर 77,368.29 अंक पर आ गया था।

पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 95.80 अंक यानी 0.39 प्रतिशत टूटकर



24,238.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में, एक्सिस बैंक सबसे अधिक नुकसान में रहा। बीते शनिवार को तिमाही नतीजों के बाद इसमें 5.48 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं एचडीएफसी बैंक में 5.12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, "एचडीएफसी बैंक ने खासकर शुद्ध ब्याज मार्जिन के मोर्चे पर निराश किया है।

**उत्साह** निवेशकों को 18 फीसदी तक बंपर मुनाफे की उम्मीद, 41.73 गुना सब्सक्राइब हुआ

## एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट का आईपीओ लिस्टिंग के लिए तैयार

एजेंसी • नई दिल्ली

editor@peoplessamachar.co.in

एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट के बहुप्रतीक्षित आईपीओ का अलॉटमेंट पूरा हो चुका है, और अब सभी की नजरें 21 जुलाई को होने वाली इसकी लिस्टिंग पर टिकी हैं। लिस्टिंग से पहले ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर जोरदार तेजी दिखा रहे हैं, जिससे निवेशकों को मजबूत लिस्टिंग गेन मिलने की उम्मीद है। आईपीओ का ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) 103 रुपए रहा, जिसके आधार पर शेयर 574 रुपए के इश्यू प्राइस से करीब 18 फीसदी ऊपर 677 रुपए पर लिस्ट हो सकते हैं। इससे एक लॉट पाने वाले निवेशकों को लगभग 2,678 रुपए का लिस्टिंग गेन मिलने का अनुमान है। इस आईपीओ को निवेशकों का शानदार समर्थन मिला था और यह कुल 41.73 गुना सब्सक्राइब हुआ।




मजबूत सब्सक्रिप्शन ने लिस्टिंग को लेकर बाजार में सकारात्मक उम्मीदें बढ़ा दी हैं। करीब 11,693 करोड़ रुपए का यह इश्यू पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल था, जिसमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने 6.3 फीसदी और एमंडी इंडिया होल्डिंग ने 3.7 फीसदी हिस्सेदारी बेची। भारत की सबसे बड़ी म्यूचुअल फंड कंपनी, एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट, जिसका एसेट अंडर मैनेजमेंट लगभग 16.32 लाख करोड़ रुपए है, को निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी।

### एब्सोल्यूट प्रोजेक्ट्स, जिंदल सुप्रीम को मिली आईपीओ लाने की मंजूरी

बाजार नियामक सेबी ने एब्सोल्यूट प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड और जिंदल सुप्रीम (इंडिया) लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने की मंजूरी दे दी है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की तरफ से सोमवार को जारी अद्यतन सूचना के मुताबिक, दोनों कंपनियों को 17 जुलाई को नियामकीय टिप्पणी मिली है, जो आईपीओ लाने की मंजूरी है। दोनों कंपनियों ने अप्रैल-मई के दौरान आईपीओ की मंजूरी के लिए दस्तावेज दाखिल किए थे। बिजली पारेषण और वितरण अवसंरचना परियोजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़ी एब्सोल्यूट प्रोजेक्ट्स का आईपीओ पूरी तरह दो करोड़ नए इक्विटी शेयरों का निर्गम होगा। इसमें बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल नहीं होगी। वहीं, जिंदल सुप्रीम के आईपीओ में 1.07 करोड़ इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और 26.87 लाख शेयरों का ओएफएस शामिल होगा।

### इंडो एमआईएम ला रही 3,812 करोड़ का आईपीओ, तय हुआ मूल्य दायरा

इंजीनियरिंग कलपुर्जे बनाने वाली प्रमुख कंपनी इंडो एमआईएम लिमिटेड ने अपने महत्वाकांक्षी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की घोषणा की है। कंपनी ने 3,812 रुपए करोड़ के इस आईपीओ के लिए 461 से 485 रुपए प्रति शेयर का मूल्य दायरा निर्धारित किया है। यह निर्गम 23 जुलाई से 27 जुलाई तक निवेशकों के लिए खुला रहेगा। बेंगलुरु मुख्यालय वाली इस कंपनी ने बताया कि मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर उसका मूल्यांकन करीब 24,000 करोड़ रुपए का आंका गया है। यह आईपीओ 500 करोड़ रुपए तक के नए शेयर जारी करने और 6.83 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ऐफएस) का मिश्रण है। कंपनी नए निर्गम से प्राप्त 400 करोड़ का उपयोग ऋणों के पुनर्भुगतान में करेगी, जबकि शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए होगी। बड़े (एंकर) निवेशक 22 जुलाई को बोली लगा सकेंगे और शेयर 30 जुलाई को बीएसई व एनएसई पर सूचीबद्ध होंगे।



भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े गए।

# दुनिया तक पहुंची 'संसद मार्च' की गूंज

## सीजेपी आंदोलन को वैश्विक मीडिया ने प्रमुखता से छापा, कहा- सरकार को देना होगा ध्यान

एजेंसी • नई दिल्ली
editor@peoplessamachar.co.in

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के चलो संसद मार्च ने देश के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय मीडिया का भी व्यापक ध्यान आकर्षित किया है। संसद के मानसून सत्र के पहले दिन आयोजित इस प्रदर्शन को लेकर ब्रिटेन, अमेरिका, फ्रांस और दक्षिण एशिया के कई प्रमुख समाचार संस्थानों ने प्रमुखता से रिपोर्ट प्रकाशित की।



प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।



भीम आर्मी चीफ और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद सपोर्ट करने जंतर-मंतर पहुंचे।

### क्या बोले छात्र

**पेपर लीक की समस्या रुके**
इस प्रदर्शन में शामिल होने दिल्ली के रोहिणी से आए निहाल सिंह ने बताया कि वह बीते एक महीने में तीन से चार बार धरनास्थल पर आ चुके हैं और उनका यहां आने का एक ही मकसद है कि किसी तरह ये पेपर लीक की समस्या रुके, क्योंकि उनके अनुसार यह छात्रों में सबसे बड़े मानसिक तनाव का कारण है।

**पूजा बोलीं- सरकार की उदासीनता है आक्रोश का कारण** : दिल्ली विवि की छात्रा पूजा ने बताया कि यह जनसैलाब और छात्रों का आक्रोश सरकार की उदासीनता की देन है।

**आस्था बोलीं- बच्चों के भविष्य के लिए आई हूं** : गाजियाबाद की आस्था बताती हैं कि वे अपने बच्चों के भविष्य के लिए आई हैं, जो भविष्य में ये परीक्षाएं देंगे।



प्रदर्शन में महिला सुरक्षा कर्मी घायल हुई।



छात्रा को इस तरह कंट्रोल में किया गया।

### वर्ल्ड मीडिया ने कहा, यह युवाओं का आक्रोश है

**द गार्डियन- पुलिस की अनुमति बगैर बढ़े प्रदर्शनकारी** :ब्रिटेन के द गार्डियन ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि हजारों प्रदर्शनकारी पुलिस अनुमति के बिना संसद की ओर बढ़े और यह मार्च संसद के मानसून सत्र की शुरुआत के दिन आयोजित किया गया।

**बीबीसी- सरकार का ध्यान आकर्षित करना था उद्देश्य** :बीबीसी ने प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तनावपूर्ण स्थिति का जिक्र करते हुए बताया कि सीजेपी नेताओं का कहना है कि उनका उद्देश्य सरकार का ध्यान आकर्षित करना था, जिसमें वे सफल रहे। बीबीसी ने इस आंदोलन के उभार पर एक विशेष वीडियो रिपोर्ट भी प्रकाशित की।

**एबीसी न्यूज - संसद की ओर बढ़े छोटे-छोटे ग्रुप** :अमेरिकी मीडिया ने भी आंदोलन को प्रमुखता दी। एबीसी न्यूज ने प्रदर्शनकारियों द्वारा सुरक्षा बैरिकेड पार करने की कोशिश और संसद की ओर बढ़ते छोटे-छोटे समूहों का उल्लेख किया।

**न्यूयॉर्क टाइम्स - युवाओं में असंतोष का प्रतीक** :न्यूयॉर्क टाइम्स ने सीजेपी को हाल के महीनों में उभरे युवा आंदोलन के रूप में पेश करते हुए लिखा कि यह परीक्षा प्रणाली और बेरोजगारी को लेकर युवाओं के असंतोष का प्रतीक बन चुका है।

**वॉशिंगटन पोस्ट : युवाओं की अगुवाई वाला जन-आंदोलन** :वॉशिंगटन पोस्ट ने रिपोर्ट में पुलिस द्वारा प्रदर्शन रोकने के प्रयास, जंतर-मंतर पर उमड़ी भीड़ और सरकार द्वारा पहली बार आंदोलन के नेताओं से संवाद शुरू किए जाने को प्रमुखता दी। अखबार ने इसे युवाओं की अगुवाई वाला बड़ा जनआंदोलन बताया।

**- ले मोंडे : जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई** : फ्रांस के प्रतिष्ठित दैनिक ले मोंडे ने लिखा कि आंदोलन से जुड़े प्रदर्शनकारी पिछले कई सप्ताह से जंतर-मंतर पर डटे हुए हैं और उनकी प्रमुख मांगों में शिक्षा व्यवस्था में सुधार, परीक्षा अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच तथा जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई शामिल है।

**डॉन : शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग** :पाकिस्तान अखबार डॉन ने लिखा कि प्रदर्शनकारी प्रश्नपत्र लीक और तकनीकी गड़बड़ियों सहित परीक्षा अनियमितताओं को लेकर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

### युवाओं में बढ़ता आक्रोश

**हम तो शहीद हैं हर युग में जन्म लेंगे**



संसद मार्च के दौरान का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक शख्स पुलिस के लाठीचार्ज के बीच खून से लथपथ हालत में कहता हुआ दिखा, हम तो शहीद हैं, हर युग में जन्म लेंगे। वीडियो में वह पुलिस से कहता है, तुम हमारे नौकर हो, हम तुम्हारे मालिक हैं।

**संसद भवन को उखाड़ दिया जाएगा**



मार्च के दौरान 2 प्रदर्शनकारियों ने कैमरे पर धमकी देते हुए कहा कि अगर धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते हैं तो संसद भवन को उखाड़ दिया जाएगा और नेपाल बना दिया जाएगा। वह नेपाल में हुए हिंसक जेन-जी प्रदर्शनों का जिक्र कर रहे थे।

**छात्रा ने कहा, सरकार ले नाकामियों का जिम्मा**



पुलिस हिरासत में ली गई एक छात्रा को पुलिस ने बस में बैठाया था, तो उसने कहा कि सरकार को शिक्षा व्यवस्था की हाल की नाकामियों का जिम्मा लेना होगा। इस्तीफा भले कुछ बड़ा बदलाव न करे, लेकिन जवाबदेही तो तय होगी।

**पुलिस से कहा- मारो सर, मुझे मारो**



मार्च के दौरान सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक शख्स पुलिस के लाठीचार्ज के बीच खड़े होकर बार-बार मारो सर, मुझे मारो। चिल्लाता दिखाई दे रहा है। इसके बाद पुलिसकर्मी उसे वहां से हटाते नजर आए।

पीपुल्स समाचार

## न्यूज ब्रीफ

### पाकिस्तान ने लॉन्च की साइकल एम्बुलेंस



**कराची।** कराची के मेयर ने साइकल एम्बुलेंस लॉन्च की, जिसके बाद पाकिस्तान को ट्रोल किया जा रहा है। सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, दुनिया में फ्लाइंग आईसीयू बन रहे हैं। मेयर साइकल एम्बुलेंस सेवा शुरू कर रहे हैं। अन्य यूजर ने लिखा, पाक ने 77 साल के इनोवेशन के बाद अब साइकल एम्बुलेंस शुरू कर दी है।

### अजित डोभाल को मिलेगा लोकमान्य तिलक पुरस्कार

**पुणे।** देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल को इस वर्ष के प्रतिष्ठित लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान 1 अगस्त को पुणे में आयोजित समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह प्रदान करेंगे। ट्रस्ट ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी अभियानों और रणनीतिक नेतृत्व में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए यह सम्मान देने का निर्णय लिया गया है।



अजित डोभाल

### गोल्ड मेडलिस्ट को नौकरी नहीं मिली तो आत्महत्या की

**कानपुर।** पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन करने वाले और गोल्ड मेडल हासिल कर चुके आनंद कुमार (23) की मौत ने आत्महत्या कर ली। कानपुर के आनंद ने 2024 में पीएसआईटी कॉलेज से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया था और पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया था। उनकी इस उपलब्धि पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उन्हें गोल्ड मेडल से सम्मानित किया था। परिवार के मुताबिक, आनंद सरकारी नौकरी हासिल करने 50 बार प्रयास कर चुके थे।



आनंद कुमार

## राष्ट्रपति ट्रंप के बयान पर भड़का ईरान, अमेरिका दी सख्त चेतावनी

# अमेरिका ने खार्ग आइलैंड पर कब्जे की कोशिश की, तो कोई जिंदा नहीं बचेगा

एजेंसी • तेहरान/वॉशिंगटन
editor@peoplessamachar.co.in

ईरान ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसने खार्ग आइलैंड पर कब्जे की कोशिश की तो उसके सैनिक जिंदा वापस नहीं लौट पाएंगे। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की खार्ग आइलैंड पर कब्जे से जुड़े बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ईरान में ऐसे लोग हैं जो अमेरिकी सैनिकों के आने का इंतजार कर रहे हैं। खार्ग आइलैंड और उसके आसपास सामना करने के लिए पूरी तैयारी है।

ईरानी सेना के प्रवक्ता मोहम्मद अकरामिनिया ने भी चेतावनी दी कि जो देश अमेरिका का साथ देंगे, उन्हें होर्मुज स्ट्रेट में परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। अकरामिनिया ने कहा कि कोई भी होर्मुज का इस्तेमाल सैन्य उपकरण और हथियार लाकर हमारे खिलाफ नहीं कर सकता। जो देश अमेरिका के साथ सहयोग करते हुए होर्मुज स्ट्रेट के जरिए व्यापार और तेल निर्यात जारी रखेंगे, उनके साथ ईरान के संबंध प्रभावित हो सकते हैं।



सना में हूती समर्थकों का शक्ति प्रदर्शन कर अमेरिका-इजराइल विरोधी नारे लगाए।

**मध्य पूर्व में बढ़ा तनाव**

- ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने जॉर्डन, कुवैत, ओमान समेत कई देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं।
- कुवैत के बिजली उत्पादन एवं समुद्री जल शोधन संयंत्र पर दो दिनों में दूसरी बार हमला हुआ, जिससे कई इकाइयों में आग लग गई।
- इराक ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भरता कम करने बसरा-तुर्किये, सीरिया तक नई तेल पाइपलाइन परियोजना पर काम तेज किया।

अमेरिका से डील ईरान के राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रख कर हुआ था। इसमें देश ने किसी भी अधिकार से समझौता नहीं किया।
**-मसूद पेजशकियान**, राष्ट्रपति, ईरान

**नेतन्याहू को नहीं किया जाएगा गिरफ्तार: ट्रंप**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट कहा है कि यदि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका आते हैं तो उनकी किसी भी परिस्थिति में गिरफ्तारी नहीं होगी। ट्रंप ने यह बयान सोशल मीडिया पर उस समय दिया, जब न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने कहा था कि यदि नेतन्याहू सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेने न्यूयॉर्क आते हैं, तो उनकी गिरफ्तारी की कानूनी संभावना पर शहर के अधिकारियों से विचार-विमर्श किया जा रहा है। ट्रंप की टिप्पणी को नेतन्याहू के प्रति उनके खुले समर्थन को प्रदर्शित कर रहा है।

**हमास को मिला नया प्रमुख, खालिल अल-हय्या बने संगठन के मुखिया**

इधर फिलिस्तीनी संगठन हमास ने अपने नए प्रमुख के रूप में वरिष्ठ नेता खालिल अल-हय्या के नाम की घोषणा की है। उन्होंने संगठन के आंतरिक चुनाव में पूर्व राजनीतिक प्रमुख खालिद मशाल को हराकर यह जिम्मेदारी हासिल की। अल-हय्या, अक्टूबर 2024 में इजरायली सेना की कार्रवाई में मारे गए हमास प्रमुख याा सिनवार की जगह लेंगे। कई महीनों तक चली बहु-स्तरीय चुनाव प्रक्रिया के बाद यह फैसला लिया गया। इस प्रक्रिया में गाजा, वेस्ट बैंक, इजराइली जेलों में बंद हमास सदस्यों और विदेशों में रह रहे प्रतिनिधियों की भागीदारी रही।



खालिल अल-हय्या

**सबसे प्रभावशाली नेताओं में शुमार** :1960 में गाजा पट्टी में जन्मे खालिल अल-हय्या, 1987 में हमास की स्थापना के समय से ही संगठन से जुड़े रहे हैं। वर्ष 2006 में वे फिलिस्तीनी प्राधिकरण की संसद के सदस्य भी चुने गए थे।

### बच्चों की मोबाइल लत छुड़ाने फोन में होगा माइनर मोड

नई दिल्ली। बच्चों में बढ़ती मोबाइल निर्भरता और ऑनलाइन सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं के बीच केंद्र सरकार स्मार्टफोन के लिए माइनर मोड अनिवार्य करने पर विचार कर रही है। प्रस्ताव के तहत भारत में बिकने वाले नए स्मार्टफोन में यह फीचर डिफॉल्ट रूप से उपलब्ध हो सकता है, जिससे अभिभावक बच्चों के फोन उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण रख सकेंगे। इस मोड के जरिए स्क्रीन टाइम तय करना, ऐप डाउनलोड पर रोक, देर रात सोशल मीडिया और फोन के उपयोग को सीमित करना, साथ ही उम्र के अनुसार कंटेंट फिल्टर करने जैसी सुविधाएं मिल सकती हैं। हालांकि, पढ़ाई से जुड़े ऐप और आपातकालीन संपर्क इस प्रतिबंध से बाहर रहेंगे।

# पूरा काम नहीं तो आधी सैलरी दें, क्षमता के अनुरूप पोस्टिंग करें

## आईएएस रिंकू सिंह राही का नया लेटर बम

एजेंसी • लखनऊ
editor@peoplessamachar.co.in

यूपी कैडर के आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही ने एक बार फिर अपने पत्र से प्रशासनिक हलकों में हलचल मचा दी है। पांच पन्नों के पत्र में उन्होंने मौजूदा कार्य व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि उनकी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं हो रहा है तो उन्हें आधी तनख्वाह दी जाए या फिर ऐसी जिम्मेदारी सौंपी जाए, जहां वे पूरी दक्षता के साथ काम कर सकें। वर्तमान में उपजिलाधिकारी (न्यायिक) के पद पर तैनात राही ने लिखा कि उनके पास औसतन केवल 4 घंटे का काम रहता है। उनका कहना है कि प्रशासनिक सेवा में अधिकारियों की विशेषज्ञता और क्षमता का प्रभावी उपयोग होना चाहिए। यदि राज्य में उपयुक्त जिम्मेदारी नहीं मिल सकती तो उन्हें दूसरे राज्य में प्रतिनियुक्ति पर भेजने पर विचार किया जाए। राही ने केवल व्यवस्था की आलोचना ही नहीं की, बल्कि सुशासन के लिए कई सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य सिर्फ शिकायतों का निस्तारण नहीं, बल्कि समस्याओं का स्थायी समाधान होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मामलों में कार्रवाई रोकने के निर्देश मिले।



रिंकू सिंह राही

# एथेनॉल से जलेगा चूल्हा, मिलेगी सब्सिडी

एजेंसी • नई दिल्ली
editor@peoplessamachar.co.in

पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण के बाद अब केंद्र सरकार घरेलू रसोई में भी इस स्वच्छ ईंधन के इस्तेमाल की तैयारी कर रही है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ऐसी नई नीति पर काम कर रहा है, जिसके तहत एथेनॉल आधारित कुकिंग स्टोव को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रस्तावित नीति में एथेनॉल को घरेलू खाना पकाने के वैकल्पिक ईंधन के रूप में स्थापित करने, इसकी आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने और उपभोक्ताओं को सब्सिडी देने जैसे प्रावधान शामिल हो सकते हैं। इस नीति का मसौदा सितंबर तक तैयार होने की संभावना है। सरकार का उद्देश्य देश की एलपीजी आयात पर निर्भरता कम करना, ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाना और पर्यावरण-अनुकूल ईंधन को बढ़ावा देना है। बता दें, एथेनॉल गन्ना, मक्का, टूटे चावल और अन्य कृषि उत्पादों से तैयार होने वाला जैव ईंधन है।

**वर्ष 2050 तक 2 लाख करोड़ की होगी बचत**

इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट की रिपोर्ट के अनुसार, यदि भारत धीरे-धीरे स्वच्छ खाना पकाने के विकल्पों जैसे एथेनॉल, ई-कुकिंग और बायोगैस की ओर बढ़ता है, तो 2050 तक एलपीजी सब्सिडी पर करीब दो लाख करोड़ रुपये की बचत संभव है। यही वजह है कि सरकार अब एथेनॉल को रसोई गैस के विकल्प के रूप में गंभीरता से देख रही है।

## सिर्फ 9 लाख रुपए में डो हिएमोन बॉक्स तैयार किया गया, 5 मिनट में ही मिलेगी राहत

# जापान ने इंसान को कूल रखने बनाया ह्यूमन रेफ्रिजरेटर

एजेंसी • टोक्यो
editor@peoplessamachar.co.in

जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया भर में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ रही है। ऐसे में जापान की एक कंपनी ने इंसानों को भीषण गर्मी से राहत देने अनोखी तकनीक विकसित की है। जापानी रेफ्रिजरेशन और वेंडिंग मशीन निर्माता एसडीआरएस ने डो हिएमोन बॉक्स नाम से एक 'ह्यूमन रेफ्रिजरेटर' लॉन्च किया है। यह एक छोटे रेफ्रिजरेटर जैसी केबिन है, जिसमें एक व्यक्ति बैठकर कुछ ही मिनटों में अपने शरीर का तापमान कम कर सकता है।

**केबिन के साथ कुर्सी भी**
कूलिंग बॉक्स को जापान में जगह-जगह लगे रेफ्रिजरेटेड वेंडिंग मशीनों से प्रेरित होकर तैयार किया गया है। इसमें एक आरामदायक कुर्सी है। केबिन का अंदरूनी तापमान पहले से 15 डिग्री पर बनाए रखा जाता है। जैसे ही व्यक्ति इसमें बैठता है, 5 डिग्री सेल्सियस की ठंडी हवा सिर, गर्दन, कंधों और पीठ पर प्रवाहित होने लगती है, जिससे ठंडक मिलती है।



**हीट एग्जॉशन से मिलेगी बड़ी राहत**
कंपनी के अनुसार, 5 मिनट में व्यक्ति को गर्मी से राहत मिलने लगती है, जबकि 10 मिनट तक बैठने पर शरीर का तापमान तेजी से कम होता है और हीट एग्जॉशन (गर्मी से थकावट) के लक्षणों में राहत मिलती है। यह फैक्ट्रियों, गोदामों और खुले में काम करने वालों को राहत देगी।

**कंपनियों के लिए पेश:** फिलहाल डो हिएमोन बॉक्स का मानक मॉडल 15 लाख येन (करीब 9 लाख रुपए) में उपलब्ध है और इसे केवल कंपनियों, संस्थानों और संगठनों के लिए बिक्री के लिए पेश किया गया है।

**50% बिजली की होगी बचत, 20 मिनट बाद खुद होती है बंद**

कंपनी का दावा है कि यह पारंपरिक स्पॉट एयर कंडीशनर की तुलना में 50% कम बिजली की खपत करता है। इसमें 3 अलग-अलग कूलिंग और एयरफ्लो मोड दिए गए हैं। सुरक्षा के लिए यह मशीन 20 मिनट बाद स्वतः बंद हो जाती है, ताकि अत्यधिक ठंडक से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर न पड़े। पहियों की मदद से इसे एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाया जा सकता है। और इसे लगाने के लिए किसी विशेष इंस्टॉलेशन की आवश्यकता नहीं होती।

# दिल्ली में बनवाया टैटू, यूपी की महिला एचआईवी पॉजिटिव हुई

## डॉक्टर बोले, दूषित सुई से हुआ संक्रमण

एजेंसी • कानपुर
editor@peoplessamachar.co.in

उत्तर प्रदेश के कानपुर की एक महिला के टैटू बनवाने के कुछ सप्ताह बाद HIV संक्रमित पाए जाने का मामला सामने आया है। महिला ने दिल्ली के एक टैटू पार्लर में टैटू बनवाया था। इसके बाद उसे गंभीर संक्रमण की शिकायत हुई और इलाज के लिए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज पहुंची, जहां जांच में वह HIV पॉजिटिव पाई गई। डॉक्टरों का कहना है कि प्रारंभिक जांच के आधार पर संक्रमण का संभावित कारण टैटू बनाते समय इस्तेमाल की गई दूषित या बिना स्टरलाइज की गई सुई हो सकती है। हालांकि, संक्रमण का वास्तविक स्रोत पता लगाने के लिए विस्तृत जांच जारी है। डर्मेटोलॉजी विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार, महिला को एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी (ART) शुरू कर दी गई है, जो सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है। चिकित्सकों ने स्पष्ट किया कि HIV का प्रभावी उपचार संभव है, लेकिन मरीज को लंबे समय तक नियमित दवाएं लेनी पड़ती हैं।

पीपुल्स समाचार @peoplesupdateofficial 9827080406

iam BHOPAL



## नितांशी गोयल की फिल्म 'तक्षाकुडू' की शूटिंग पूरी

फिल्म 'लापता लेडीज' फेम नितांशी गोयल अपनी अपकमिंग फिल्म 'तक्षाकुडू' को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। उन्होंने सेट से कई बीटीएस तस्वीरें भी शेयर कीं।


## Glimpses

### नसीरुद्दीन शाह ने सेलिब्रेट किया अपना 76वां बर्थडे



नसीरुद्दीन शाह ने सोमवार को अपना 76 वां जन्मदिन मनाया। उनके पिता चाहते थे कि वो डॉक्टर बनें, अफसर बनें या फौज में जाएं, लेकिन नसीरुद्दीन शाह के दिल में एक्टर बनने का सपना बसा था। नसीरुद्दीन शाह की पहली शादी परवीन मुराद उर्फ मनारा सीकरी से हुई थी। परवीन पाकिस्तान की नागरिक थीं और एमबीबीएस की पढ़ाई के दौरान नसीर से मिली थीं। उम्र में वह नसीरुद्दीन से 14-15 साल बड़ी थीं। उनकी बेटी के जन्म के बाद यह रिश्ता टूट गया। फिर उनकी जिंदगी में रत्ना पाठक आईं। नसीर में अपनी मां से कहा था कि रत्ना अपनी पहचान और अपने धर्म के साथ ही इस रिश्ते में आएंगी। वे उन पर कोई दबाव नहीं डालेंगे।

### नाखुश शादियों के लिए करण जिम्मेदार: सामंथा



सामंथा रुथ प्रभु फिल्ममेकर करण जौहर के मशहूर शो 'कॉफी विद करण' के सातवें सीजन में पहुंचीं। सामंथा ने मजाक में करण से कहा कि देश में होने वाली कई नाखुश शादियों के जिम्मेदार कहीं न कहीं वही हैं। सामंथा ने इसकी वजह बताते हुए कहा कि करण ने अपनी फिल्मों में शादी, महंगे लहंगे और गानों को इतने शानदार तरीके से दिखाया है कि लोगों की उम्मीदें हकीकत से बहुत दूर हो गई हैं। बचपन से ही आपने लोगों को दिखाया है कि जिंदगी 'कभी खुशी कभी गम' जैसी खूबसूरत होती है, जबकि असल जिंदगी केजीएफ जैसी मुश्किलों से भरी होती है।

### मैंने दिहाड़ी मजदूर का काम भी किया: सेतुपति



एक पॉडकास्ट में बात करते हुए एक्टर विजय सेतुपति ने बताया कि कैसे आर्थिक तंगी के बीच बड़े होने से वो कम उम्र में ही समझदार हो गए। उन्होंने कहा कि गरीबी उनके शुरुआती जीवन का एक अहम हिस्सा थी। एक्टर ने यह भी बताया कि एक्टिंग कभी उनके शुरुआती प्लान का हिस्सा नहीं थी। उन्होंने कहा, 'मेरी फिल्मों में काम करने की कोई इच्छा नहीं थी। मैं एक बिजनेसमैन बनना चाहता था। जब मैं स्कूल में था, तो मैंने दिहाड़ी मजदूरी के रूप में भी काम किया। उसके बाद मैंने एक टेलीफोन बूथ पर काम किया।' विजय अपनी यूनिक फिल्मोग्राफी के लिए जाने जाते हैं।

### नगर में आज

- मानव संग्रहालय में माह का प्रादर्श दोपहर 12 बजे से।
- भारत भवन में पेंटिंग एग्जीबिशन शाम 5 बजे से।

## जंक फूड डे

# जंक फूड का नया चेहरा: ग्लोबल फ्लेवर्स के साथ बदल रही यूथ की स्मार्ट फूड चॉइस

### रामेन से लेकर कॉर्न डॉग तक, टेस्ट के साथ बैलेंस्ड इंग्रेडिएंट्स की डिमांड

iam BHOPAL Special

प्रीति जैन • IamBhopal
Mobile no. 9827080406

कभी भोपाल की पहचान पोहा, जलेबी, चाट और समोसे से होती थी, लेकिन अब शहर का फूड मैप तेजी से बदल रहा है। कॉलेज स्टूडेंट्स, यंग प्रोफेशनल्स और फूड ब्लॉगर्स की नई पसंद ने फूड कल्चर को नई रफ्तार दी है। आज मोमोज, जापानी रामेन, कोरियन कॉर्न डॉग, बॉम्बोलोनी, बबल टी और आर्टिजन कॉफी जैसे ग्लोबल फूड ट्रेंड शहर के कैफे और स्ट्रीट फूड मार्केट में आसानी से मिल रहे हैं। इन्हें जंक फूड की कैटेगरी में जरूर रखा जाता है, लेकिन अब इनकी पहचान सिर्फ डीप फ्राइड स्नैक्स तक सीमित नहीं रही। कई डिशेज में ताजी सब्जियां, सूप, किमची, मशरूम, कॉर्न और दूसरे इंग्रेडिएंट्स के साथ फ्लेवर और पोर्शन का संतुलन भी देखने को मिल रहा है। यही वजह है कि युवाओं के बीच अब जंक फूड का मतलब सिर्फ पेट भरना नहीं, बल्कि नया स्वाद और नया एक्सपीरियंस भी बन गया है।



### युवाओं को भा रहा जापानी रामेन

जापानी रामेन को मिला देसी टच



"एनिमे की पॉपुलैरिटी के साथ जापानी फूड भी शहर की प्लेट तक पहुंच गया है। हमारे यहां जापानी रामेन सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। इसमें पनीर, स्वीट कॉर्न, बेबी कॉर्न, मशरूम, गाजर और सीसम सीड्स जैसी टॉपिंग्स शामिल की जाती हैं। उमामी फ्लेवर वाले सूप के कारण इसका स्वाद अलग होता है। हमने इसमें इंडियन मसालों के साथ देसी टच भी दिया गया है।
–सुशील रायकवार, ऑनर, टॉम एंड जैरी

### इंस्टा रील, फूड ब्लॉग से बढ़ा ट्रेंड

इस बदलाव में सोशल मीडिया की बड़ी भूमिका है। इंस्टा रील्स, फूड ब्लॉग्स और फूड डिलीवरी ऐप्स पर ट्रेंड होने वाली डिशेज कुछ ही दिनों में भोपाल के कैफे और स्ट्रीट फूड तक पहुंच जाती हैं। युवा नए फ्लेवर्स को ट्राई करने के लिए लगातार नए आउटलेट्स तलाश रहे हैं। इसका असर यह है कि शहर का फूड बिजनेस भी तेजी से ग्लोबल टेस्ट और नए प्रयोगों की ओर बढ़ रहा है।



### के-ड्रामा के बाद कोरियन फूड का अट्रैक्शन

के-ड्रामा की लोकप्रियता के बाद यूथ में कोरियन फूड की डिमांड बढ़ रही है। सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है कोरियन कॉर्न डॉग, जो अपनी क्रिस्पी गोल्डन कोटिंग, मेल्टी मोजरेला चीज और सॉफ्ट फिलिंग की वजह से युवाओं की पसंद बना हुआ है। इसके अलावा कोरियन स्पाइसी रामेन भी ऑर्डर किया जा रहा है, जिसमें गोचुजांग बेस्ड स्पाइसी फ्लेवर और नूडल्स का बेहतरीन कॉम्बिनेशन मिलता है। किमची सिजलर भी फूड लवर्स को आकर्षित कर रहा है।
–मयंक गुप्ता, ऑनर, राउडी कैफे



### झोल मोमोज और थुकपा का बढ़ा क्रेज

अगर किसी एक स्ट्रीट फूड ने पिछले दशक में सबसे ज्यादा लोकप्रियता हासिल की है तो वह मोमोज हैं। अब सिर्फ स्टीम्ड या फ्राइड मोमोज नहीं, बल्कि झोल मोमोज, थुकपा, लाल चटनी, अफगानी, तंदूरी, चीज, पेरी-पेरी, कुरकुरे और चॉकलेट मोमोज जैसे कई फ्यूजन विकल्प भी युवाओं को आकर्षित कर रहे हैं। हमारे यहां झोल मोमोज सबसे ज्यादा पसंद किए जाते हैं। सूप और मसालों के साथ मिलने वाला इनका अलग स्वाद युवाओं को बार-बार यहां तक खींच लाता है।
–शर्मिला थापा, ऑनर, आरएस हंग्री मोमोज



### शहर के सबसे ट्रेंडी जंक फूड

- मोमोज (स्टीम्ड, तंदूरी, अफगानी, झोल, चीज)
- कोरियन कॉर्न डॉग
- रामेन और स्पाइसी कोरियन नूडल्स
- पिज्जा और वुड-फायर्ड पिज्जा
- गॉरमेट बर्गर
- लोडेड फ्राइज
- बॉम्बोलोनी

| पीपुल्स समाचार |

## वर्किंग विद कम्युनिटी प्रोग्राम में स्टूडेंट्स ने किया गांवों में काम




रिपोर्टर • IamBhopal
Mobile no. 9827080406

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित वर्किंग विद कम्युनिटी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें स्टूडेंट्स ने मेंडोरा, मेंडोरी एवं बेरखेड़ी गांवों में विभिन्न कम्युनिटी एक्टिविटीज में भाग लिया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. पवन कुमार रहे। विभिन्न समूहों को डॉ. अलका सिंह, डॉ. प्रद्युम्न सिंह लाखावत, डॉ. कुलवीर सिंह चौहान, डॉ. मनोज मंडल, डॉ. दीवान सिंह राणा एवं डॉ. आस्था केसरवानी द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। | पीपुल्स समाचार |

## वॉटर कलर पर बेस्ड एग्जीबिशन आज से

**भोपाल।** वॉटर कलर पर बेस्ड पेंटिंग एग्जीबिशन आर्ट ओडिसी जलरंग चित्र प्रदर्शनी का आयोजन भारत भवन में 21 जुलाई से होने जा रहा है। गैलरी में आठ चुनिंदा और प्रतिभाशाली कलाकारों की कृतियों को देखने का अवसर मिलेगा। यहां कलाकार अपने चित्रों के जरिए अपने एक्सप्रेशंस जाहिर करेंगे। प्रदर्शनी 21 से 26 जुलाई तक चलेगी। पहले दिन प्रदर्शनी का समय शाम 5 बजे से रहेगा। शेष दिन दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक प्रदर्शनी देख सकते हैं। इस दौरान दिनेश दुबे, विनय सप्रे, केके मालवीय, महेश शावरीकर, आशीष नाइक, मंजू सिंह, डॉ. विजय गहरवार और पंकज सेन के चित्रों को दर्शक देख सकेंगे।

## कॉलेज के 27 साल पूरे होने पर दीं डांस परफॉर्मेंस

**फाउंडेशन डे** वनिता समाज का आनंद विहार कॉलेज फॉर वूमेन में कार्यक्रम

रिपोर्टर • IamBhopal
Mobile no. 9827080406

वनिता समाज द्वारा संचालित आनंद विहार कॉलेज फॉर वूमेन का 27वां स्थापना दिवस समारोह गीत-संगीत और नृत्यों के साथ सेलिब्रेट किया गया। इस मौके पर स्टूडेंट्स ने गुजराती और कश्मीरी नृत्यों को पेश किया। कार्यक्रम में डॉ. मधु मिश्रा, वनिता समाज की प्रेसिडेंट मधुसरन, कॉलेज की चेयरपर्सन हेना बोस, प्रबंधन समिति की सेक्रेटरी कृष्णा विजयवर्गीय एवं कोषाध्यक्ष जीवन राव मौजूद रहे।

इस मौके पर स्टूडेंट्स ने 'शुभ दिन आयो रे', 'आया सावन झूम के' और भदरवाही फोक डांस प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. नीलम मिश्रा द्वारा किया गया। इस मौके पर कॉलेज की चेयरपर्सन हेना बोस ने कहा कि वनिता समाज सदैव छात्राओं के उत्थान व बहुमुखी व्यक्तित्व विकास के लिए कार्य करता आया है। उन्होंने छात्राओं को नई स्किल्स सीखने की प्रेरणा और शुभकामनाएं दीं। | पीपुल्स समाचार |



## फ्रेंच फ्लोरल

### पर्पल एम्ब्रॉयडरी पैंट सूट में रसिका का ग्लैम लुक

एक्ट्रेस रसिका दुग्गल ने हैंड वूवन सैटिन फैब्रिक का पैंट सूट पहकर अवॉर्ड सेरेमनी में हिस्सा लिया। इसके ऊपर फ्रेंच फ्लोरल बुके टाइड एम्ब्रॉयडरी नजर आई। चीयरफुल पर्पल कलर को आर्टिस्टिक टच दिया गया। यह पैंट सूट अनाविला ब्रांड ने तैयार किया था। रसिका जल्दी ही 'मिर्जापुर' फिल्म में नजर आएंगी।



| पीपुल्स समाचार |

## स्टूडेंट्स ने डेमो से समझी चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग

**साइंस सेंटर** इंटरनेशनल मून डे पर इंटरैक्टिव साइंस एक्टिविटीज

रिपोर्टर • IamBhopal
Mobile no. 7309757475

रीजनल साइंस सेंटर में इंटरनेशनल मून डे के अवसर पर स्टूडेंट्स, टीचर्स और साइंस लवर्स के लिए कई इंटरैक्टिव साइंस एक्टिविटीज आयोजित की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लूनर एक्सप्लोरेशन, इंडियन स्पेस मिशन्स और साइंटिफिक टेंपर के प्रति जिज्ञासा बढ़ाना रहा।

सबसे अधिक आकर्षण रॉकेट लॉन्च और सॉफ्ट लैंडिंग डेमो का रहा, जहां स्टूडेंट्स ने रॉकेट साइंस, लॉन्च प्रोसेस और चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की वैज्ञानिक अवधारणा को लाइव समझा। इसके बाद आईआईएसईआर के फिजिक्स डिपार्टमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर प्रो. मयूरेश सुर्निस ने 'हम पुनः चंद्रमा पर क्यों लौट रहे हैं?' विषय पर लोकप्रिय साइंस लेक्चर दिया। लाइव वैक्यूम डेमो में भी स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया। | पीपुल्स समाचार |



## टैगोर द्वारा लिखित 'पोस्टमास्टर' का मंचन

**भोपाल।** चेतना ऑडिटोरियम में रवींद्रनाथ टैगोर के नाटक 'पोस्टमास्टर' का मंचन कोलकाता के रंगकर्मी सुवोजित बंद्योपाध्याय के निर्देशन में हुआ। आयोजन चेतना रंग समूह द्वारा किया गया। नाटक में ग्रामीण बंगाल की पृष्ठभूमि में एक छोटे से गांव में नियुक्त युवा पोस्टमास्टर और एक अनाथ बालिका रतन के बीच विकसित होते संवेदनशील मानवीय संबंधों को दर्शाया गया है। उलापुर गांव में पराएपन से जूझता पोस्टमास्टर रतन के साथ भावनात्मक जुड़ाव महसूस करने लगता है। कहानी मानवीय अस्तित्व की नाजुकता उजागर करती है।

**नेचर कनेक्ट** भोपाल बाइकिंग क्लब की एडवेंचर राइड में 35 राइडर्स ने किया पार्टिसिपेट

## ऑफ रोड चैलेंज संग बाइकर्स ने मृगनाथ में की ट्रैकिंग

रिपोर्टर • IamBhopal
Mobile no. 7309757475

भोपाल बाइकिंग क्लब- बीबीसी की एडवेंचर राइड रोमांच, फिटनेस और नेचर एक्सप्लोर का शानदार कॉम्बिनेशन बनी। क्लब के 35 राइडर्स ने भोपाल से बुधनी स्थित मृगनाथ ट्रैक तक 140 किमी की राइड पूरी की।

सफर का सबसे रोमांचक हिस्सा लगभग 10 किमी की ऑफ रोड बाइक राइड रही, जहां राइडर्स ने कठिन और प्राकृतिक रास्तों पर अपनी राइडिंग स्किल्स का दम दिखाया। इसके बाद सभी राइडर्स ने 6 किमी की ट्रैकिंग कर मृगनाथ की खूबसूरत वादियों और शांत वातावरण का आनंद लिया। एडवेंचर के साथ क्लब ने एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन का मैसेज भी दिया।



### ट्रैक के दौरान वेस्टे वापस लाए

"इस एडवेंचर राइड का मकसद सिर्फ लॉन्ग राइड का रोमांच नहीं, बल्कि सेफ राइडिंग, नेचर कनेक्ट और क्लब में भाईचारे को मजबूत करना भी था। पूरे सफर के दौरान सभी राइडर्स ने ट्रैफिक और सेफ्टी नियमों का पूरी जिम्मेदारी से पालन किया। जहां भी घूमने जाएं, वहां खुलकर एंजॉय करें, लेकिन अपनी वजह से प्रकृति को नुकसान न पहुंचाएं। ट्रैकिंग और राइड के दौरान निकला पूरा वेस्ट राइडर्स अपने साथ वापस लेकर आए। खूबसूरत जगहों को साफ रखना हर ट्रैवलर की जिम्मेदारी है।
–जीत भोपाली, बीबीसी फाउंडर



मनोरंजन जगत में काम के दिन और छुट्टियों का कोई निश्चित नियम नहीं होता। इस क्षेत्र में कलाकारों को कई बार लंबे समय तक काम करना पड़ता है। ऐसे में अपने निजी जीवन और काम के बीच संतुलन बनाना बड़ी चुनौती होती है, जिससे काम भी प्रभावित न हो और आपकी मानसिक सेहत भी ठीक रहे। –**महिमा मकवाना**, एक्ट्रेस



## जन्मदिन की बधाई

### राजीव कुमार मिश्रा (आईपीएस)



**वर्तमान पदस्थापना**– पुलिस अधीक्षक, जिला अशोक नगर।
**जन्मतिथि**–21 जुलाई 1970।
**जन्मस्थान**–रतलाम, मध्यप्रदेश।
**शिक्षा**–बीकॉम, एलएलबी
**राज्य पुलिस सेवा में चयन**–1995
**आईपीएस अवॉर्ड**–2011 मध्यप्रदेश।
**प्रशिक्षु पदस्थापना**–सागर जिला।
**पदस्थापना**–सीहोरा, उज्जैन, बुरहानपुर, पीथमपुर, सेंधवा में एसडीओपी और सीएसपी रहे।
**एडीशनल एसपी**–धार, नरसिंहपुर, नीमच।
**पुलिस अधीक्षक**–पीटीएस सागर, गुना जिला।
**सहायक पुलिस महानिरीक्षक**–महिला सुरक्षा, पुलिस मुख्यालय, भोपाल।
**एसपी**- मणिपुर (ऑन स्पेशल ड्यूटी फॉर मणिपुर केसेस)। सहायक पुलिस महानिरीक्षक–महिला सुरक्षा, पुलिस मुख्यालय, भोपाल। अतिरिक्त प्रभार–डिप्टी डायरेक्टर, पुलिस ट्रेनिंग एकेडमी, भौंरी, भोपाल।
**अभिरुचि**–बैडमिंटन, क्रिकेट।
**बधाई**–पीपुल्स समाचार परिवार की ओर से बधाई।

### साहिल गर्ग (आईएफएस)



**वर्तमान पदस्थापना**–जिला वन मंडल अधिकारी पश्चिम छिंदवाड़ा
**जन्म तिथि**–21 जुलाई 1987
**जन्म स्थान**–पटियाला (पंजाब)
**शिक्षा**–बीटेक, बॉयोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड बायोटेक्नोलॉजी
**चयन हुआ**–भारतीय वन सेवा
**कॉडर एवं बैच**–मध्यप्रदेश, वर्ष 2015
**इन पदों पर रहे**–प्रभारी डीएफओ और डीएफओ छिंदवाड़ा और डिंडोरी
**बधाई**–पीपुल्स समाचार परिवार की ओर से बधाई।

### सुदर्शन गुप्ता (पूर्व विधायक)



**दल**–भाजपा
**निर्वाचन क्षेत्र**– इंदौर–1
**जन्म तिथि**– 21 जुलाई 1960
**जन्म स्थान**– इंदौर
**शिक्षा**– एम.कॉम, एलएलबी
**राजनीकि कॅरियर**– राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से संबद्ध रहे, छात्र राजनीति के बाद भाजयुमो एवं भाजपा में नगर महामंत्री बने। नगर निगम पार्षद भी रहे। 2008 एवं 2013 में विधायक चुने गए।
**बधाई**–पीपुल्स समाचार परिवार की ओर से बधाई।



# सिर्फ एक्सरसाइज नहीं, म्यूजियम और सिनेमा भी बढ़ाते हैं उम्र

## ब्रिटिश वैज्ञानिकों ने 1900 लोगों पर शोध के बाद किया चौंकाने वाला खुलासा

एजेंसी • लंदन
editor@peoplessamachar.co.in

ब्रिटिश वैज्ञानिकों ने दावा किया कि जो लोग नियमित रूप से सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं, उनका शरीर जैविक रूप से उन लोगों की तुलना में अधिक युवा दिखाई देता है, जो ऐसी गतिविधियों से दूर रहते हैं। यह रिसर्च जर्नल ऑफ एपिडेमियोलॉजी एंड कम्यूमिटी हेल्थ में प्रकाशित हुई है।

### सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रहना जरूरी

हर व्यक्ति की वास्तविक (क्रोनोलॉजिकल) उम्र और शरीर की कार्यक्षमता के आधार पर आंकी जाने वाली जैविक (फिजियोलॉजिकल) उम्र अलग-अलग हो सकती है।

कुछ का शरीर उनकी वास्तविक उम्र से अधिक युवा या अधिक वृद्ध की तरह काम करता है।

इसी जैविक उम्र को समझने वैज्ञानिकों ने यह अध्ययन किया। शोध के अनुसार सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रहना स्वस्थ उम्र बढ़ने (हेल्दी एजिंग) का महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है।

### अकेलापन होता है दूर

विशेषज्ञों का मानना है कि म्यूजियम, थिएटर, सिनेमा या कॉन्सर्ट जैसी गतिविधियां लोगों को सामाजिक रूप से अधिक सक्रिय बनाती हैं। इससे अकेलापन कम होता है, मानसिक तनाव घटता है, अवसाद खतरा कम होता है और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिलती है। यही कारण शरीर की कार्यक्षमता पर सकारात्मक असर डाल सकते हैं।

### यूं जांची गई हेल्थ

शोध में 50 वर्ष या उससे अधिक आयु के 1,899 लोगों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। प्रतिभागियों के स्वास्थ्य का आकलन करने के लिए 10 महत्वपूर्ण मानकों को शामिल किया गया, जिनमें रक्तचाप, फेफड़ों की क्षमता, हीमोग्लोबिन, कोलेस्ट्रॉल, बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई), पकड़ने की ताकत (ग्रिप स्ट्रेंथ) और चलने की गति जैसे संकेतक शामिल थे।

# न्यूयॉर्क के 11वीं-12वीं के बच्चों को पढ़ाएगा ह्यूमनॉइड रोबोट



## सलामांका हाईस्कूल ने सैली को 55 लाख रुपए में खरीदा

एजेंसी • न्यूयॉर्क
editor@peoplessamachar.co.in

अमेरिका में शिक्षा के क्षेत्र में नया प्रयोग शुरू होने जा रहा है। न्यूयॉर्क के सलामांका हाई स्कूल में पहली बार एक ह्यूमनॉइड (मानव जैसी दिखने वाली) रोबोट टीचिंग असिस्टेंट कक्षा में छात्रों की पढ़ाई में मदद करेगी। सैली नाम की रोबोट इस वर्ष शरद सत्र (ऑटम) से 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के साथ काम करेगी। रियलबॉटिक्स कंपनी की सैली की कीमत 57,590 अमेरिकी डॉलर (करीब 55.52 लाख रुपए) है।

### यह होगा लाभ

- सैली को स्कूल के पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षित किया गया है।
- छात्र अपने यूनिक स्टूडेंट आईडी से लॉग-इन कर उससे बातचीत कर सकेंगे।
- रोबोट उनकी पिछली पढ़ाई, कमजोरियों और प्रगति के आधार पर मार्गदर्शन देगी।
- यदि किसी छात्र की पढ़ाई बीच में छूट गई हो, तो सैली पिछली बातचीत को याद रखते हुए वहीं से पढ़ाई आगे बढ़ा सकेगी।
- स्कूल ने छात्रों के लिए एक एआई अवतार भी उपलब्ध कराया है, जिससे वे लैपटॉप पर घर से भी पढ़ाई कर सकेंगे।
- छात्र होमवर्क की तस्वीर अपलोड कर फीडबैक प्राप्त कर सकेंगे, अपनी पसंद के विषय पर नए पाठ तैयार करा सकेंगे और 100 से अधिक भाषाओं में रियल-टाइम अनुवाद की सुविधा भी ले सकेंगे।

### छात्र के मन में बुरे ख्याल, तो करेगा अलर्ट



यदि छात्र आत्महत्या, हिंसा या बदले जैसी बात करेगा, तो सिस्टम स्वतः स्कूल प्रशासन को अलर्ट भेजेगा। परीक्षण में जब रोबोट से कहा गया कि उसे स्कूल में तंग किया जा रहा है और वह बदला लेना चाहता है, तो सैली ने जवाब दिया कि ऐसे मामलों में शिक्षक-पैरेंट्स से मदद के लिए कहा।

### फिलहाल एआई और रोबोटिक्स कोर्स तक सीमित



शुरूआत में सैली का उपयोग केवल एआई और रोबोटिक्स से जुड़े विशेष पाठ्यक्रमों में किया जाएगा। यह कोर्स एप्पल के सह-संस्थापक स्टीव वॉजनिएक द्वारा विकसित वोज एड स्टेम कार्यक्रम का हिस्सा है। यदि यह पायलट परियोजना सफल रहती है, तो भविष्य में अन्य विषयों में भी इसका विस्तार किया जा सकता है।

### शिक्षकों का विकल्प नहीं बनेगा

हालांकि इस पहल का स्थानीय स्तर पर विरोध हो रहा है। कई पैरेंट्स का कहना है कि पहले से कई सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे समुदाय में एआई को बढ़ावा देना उचित नहीं है। स्कूल प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि रोबोट कभी भी शिक्षकों का विकल्प नहीं बनेगी। मानव शिक्षक ही शिक्षा व्यवस्था के केंद्र में रहेंगे। सैली केवल सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने में सहयोग करेगी।

### स्टूडेंट्स की मददगार होगी

रोबोट सैली के ऊपरी शरीर की गतिविधियां और चेहरे के भाव काफी स्वाभाविक होंगे, जिससे छात्र उससे सहजता से संवाद कर सकेंगे। यदि यह प्रयोग सफल रहा, तो आने वाले वर्षों में दुनिया भर के स्कूलों में एआई आधारित ह्यूमनॉइड टीचिंग असिस्टेंट का उपयोग तेजी से बढ़ सकता है।
– **एंड्रयू किगुएल**, सीईओ, रियलबॉटिक्स



# बांके बिहारी मंदिर से चांदी का रथ, सिंहासन और पलंग हो गए गायब

एजेंसी • वृंदावन
editor@peoplessamachar.co.in

विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर से भगवान के उपयोग में आने वाले चांदी के रथ, सिंहासन, पलंग और अन्य बहुमूल्य सामान के कथित रूप से गायब होने का दावा किया गया है। संत फलाहारी महाराज ने मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिखकर पूरे मामले की CBI या SIT से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनके आरोपों के बाद साधु-संतों में भी नाराजगी देखने को मिल रही है। फलाहारी महाराज का कहना है कि ठाकुर बांके बिहारी जी पिछले करीब 20 वर्षों से रथयात्रा के दौरान चांदी के रथ पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देते रहे हैं, लेकिन इस वर्ष वह रथ उपयोग में नहीं आया। उनका आरोप है कि मंदिर से चांदी का सिंहासन, 4 चांदी के पलंग और अन्य कीमती वस्तुएं भी गायब हैं। उन्होंने कहा कि देश-विदेश से श्रद्धालु भगवान की सेवा के लिए बहुमूल्य दान करते हैं और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित हो।

# 38 वर्ष पहले हॉस्पिटल ने बच्चे बदले, अब DNA से खुला राज तो किया केस

एजेंसी • वॉशिंगटन
editor@peoplessamachar.co.in

अमेरिका के नॉर्थ डकोटा राज्य में लगभग 38 वर्ष पहले अस्पताल में नवजात बच्चों की अदला-बदली का वाला मामला सामने आया है। डीएनए जांच से खुलासा हुआ कि 26 जनवरी 1988 को ग्राफ्टन स्थित यूनिटी मेडिकल सेंटर में जन्मे दो बच्चों को गलती से गलत परिवारों के साथ भेज दिया गया था। अब दोनों परिवारों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले का खुलासा तब हुआ, जब काइल बाइलिन ने क्रिसमस पर घर पर डीएनए टेस्ट कराया। रिपोर्ट में एक अनजान जैविक रिश्तेदार का पता चला। इसके बाद जेरेमी मॉरिसन ने भी डीएनए जांच कराई, जिससे पुष्टि हुई कि दोनों की जन्म के समय अदला-बदली हो गई थी। कोर्ट में दायर याचिका के अनुसार, दोनों परिवारों का कहना है कि अस्पताल की गंभीर लापरवाही ने उनसे वह जीवन छीन लिया, जो उन्हें अपने वास्तविक बेटे के साथ बिताना चाहिए था।

## न्यूज ब्रीफ

### एक सितंबर से बंगाल के सरकारी कामकाज में बंगाली अनिवार्य होगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने 1 सितंबर 2026 से राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों और जनसंपर्क सेवाओं में बंगाली भाषा के अनिवार्य उपयोग का फैसला किया है। नई व्यवस्था के तहत सरकारी विभागों, नागरिक सेवाओं, आवेदन पत्रों, प्रमाणपत्रों, डिजिटल पोर्टलों, वेबसाइटों, मोबाइल ऐप, प्रशिक्षण सामग्री, सार्वजनिक सूचना पट्टों, प्रेस विज्ञप्तियों और अन्य आधिकारिक संचार में बंगाली का प्रयोग अनिवार्य होगा। केंद्र सरकार के साथ आधिकारिक संवाद के लिए आवश्यकता अनुसार हिंदी का भी उपयोग किया जाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया कि भूमि एवं भूमि सुधार विभाग से लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय तक सभी प्रशासनिक कार्य बंगाली में किए जाएंगे।

## आज का इतिहास



### प्रतिभा पाटिल बनीं देश की पहली महिला राष्ट्रपति

देश को आज ही के दिन प्रतिभा पाटिल के रूप में पहली महिला राष्ट्रपति मिलीं। 19 दिसंबर, 1934 को जन्मीं प्रतिभा देवीसिंह पाटिल 2007-2012 तक देश की 12वीं राष्ट्रपति रहीं, वह देश का यह सर्वोच्च संवैधानिक पद ग्रहण करने वाली पहली महिला थीं। वह 21 जुलाई को राष्ट्रपति चुनाव में विजयी रहीं और 25 जुलाई 2007 को उन्हें राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई गई।

### 21 जुलाई की अन्य प्रमुख घटनाएं

**1883**– कोलकाता में भारत के पहले सार्वजनिक थियेटर की शुरुआत हुई।
**1884**– लॉर्डस के मैदान पर पहला क्रिकेट टेस्ट मैच खेला गया।
**1888**– ब्रिटिश आविष्कारक डनलप ने टायर और ट्यूब तैयार किए, जिससे परिवहन के साधनों की गति बढ़ी।
**1899**– अमेरिकी उपन्यासकार, लघु कहानी लेखक और पत्रकार अर्नेस्ट हेमिंग्वे का जन्म।
**1904**– 13 साल तक चले निर्माण कार्य के बाद रूस में 4607 किलोमीटर लम्बी ट्रांस साइबेरियन रेल लाइन का काम पूरा।
**1940**– सोवियत संघ ने एस्टोनिया, लातविया और लिथुआनिया पर कब्जा किया।
**1947**– प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी चेतन चौहान का जन्म।
**1960**– श्रीलंका (तब सीलोन) में सिरिमावो भंडारनायके विश्व की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
**1962**– भारत चीन के बीच सीमा पर युद्ध।
**1963**–काशी विद्यापीठ को विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया।
**1969**– अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग एवं एडविन एल्ड्रिन चन्द्रमा पर उतरे।
**1972** – भूटान के तीसरे राजा जिग्मे दोरजी वांग्चुक का निधन।
**1977**– नीलम संजीव रेड्डी भारत के राष्ट्रपति चुने गये।

## वर्ल्ड-विंडो

### ईरान में बलूच सुन्नी धर्मगुरु मौलवी की गोली मारकर हत्या

**तेहरान।** ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत के मिजार्वेह शहर में प्रमुख सुन्नी धर्मगुरु मौलवी मोहम्मद अनवर रीगी की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह हमला सोमवार तड़के अली इब्न अबी तालिब मस्जिद के पास हुआ। प्रांतीय प्रशासन ने घटना को आतंकी हमला बताते हुए कहा कि हमलावर वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। मौलवी अनवर रीगी मिर्जावेह की अली इब्न अबी तालिब मस्जिद के इमाम-ए-जुम्मा थे और बलूच सुन्नी समुदाय के प्रभावशाली धार्मिक नेताओं में गिने जाते थे। वे लंबे समय से धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय थे।

### फ्रांस में 15 साल से कम उम्र के बच्चों पर लगेगा सोशल मीडिया बैन

**पेरिस।** ऑस्ट्रेलिया के बाद अब फ्रांस भी बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। फ्रांसीसी संसद 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर रोक लगाने वाले विधेयक को सितंबर से लागू करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। संसद की 7 सदस्यीय संयुक्त समिति और सीनेट के प्रतिनिधि इस सप्ताह विधेयक पर सहमति बनाने के लिए बैठक कर रहे हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इस प्रतिबंध के समर्थक हैं और इसे बच्चों को ऑनलाइन जोखिमों से बचाने के लिए जरूरी कदम बता चुके हैं। हालांकि, नेशनल असेंबली और सीनेट के बीच प्रतिबंध के दायरे को लेकर मतभेद हैं।

### ब्रिटेन की जेल में बढ़ी भीड़, 2500 रेपिस्टों को सरकार करेगी रिहा

**लंदन।** ब्रिटेन में जेलों में बढ़ती भीड़ को कम करने के लिए प्रस्तावित कैदियों की समय से पहले रिहाई की योजना राजनीतिक विवाद का केंद्र बन गई है। विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी ने दावा किया है कि सितंबर में इस योजना के तहत करीब 5,000 कैदियों को रिहा किया जाएगा, जिनमें लगभग 2,500 यौन अपराधी भी शामिल हो सकते हैं। इनमें 15 वर्ष से अधिक की सजा पाए 100 से ज्यादा दोषी भी बताए जा रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर सरकार की इस योजना के तहत गंभीर अपराधों में दोषी कैदियों को, जेल में अच्छा आचरण होने पर, सजा का दो-तिहाई हिस्सा पूरा करने के बजाय आधी सजा के बाद रिहाई की पात्रता मिल सकती है। हालांकि विवाद बढ़ने पर ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री एंडी बर्नहैम इस प्रस्ताव की समीक्षा कर रहे हैं।

## ज्यूडिशियरी न्यूज

### फिलहाल पासपोर्ट-वीजा सेवाएं नहीं होंगी प्रभावित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विदेशों में भारतीय मिशनों में कॉन्सुलर, पासपोर्ट और वीजा सेवाओं को निर्बाध जारी रखने का निर्देश देते हुए केंद्र सरकार को नई टेंडर प्रक्रिया पूरी होने तक अंतरिम व्यवस्था करने की अनुमति दे दी है। हालांकि अदालत ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले में हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया, जिसमें अबू धाबी, कुवैत, सिंगापुर और कैनबरा के लिए आउटसोर्सिंग टेंडर प्रक्रिया रद्द की गई थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना की पीठ ने कहा कि नई निविदा प्रक्रिया पूरी होने तक आम लोगों को मिलने वाली सेवाओं में किसी तरह की रुकावट नहीं आनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने विदेश मंत्रालय और इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड को निर्देश दिया कि वे जरूरत पड़ने पर मौजूदा सक्षम एजेंसियों या किसी अन्य उपयुक्त एजेंसी के माध्यम से अस्थायी व्यवस्था करें।

### पत्नी से दिलचस्पी खत्म होना तलाक का आधार नहीं

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक फैसले में स्पष्ट किया है कि केवल पत्नी में दिलचस्पी खत्म हो जाने के आधार पर पति विवाह समाप्त नहीं कर सकता। कोर्ट ने कहा कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, महज अनुबंध नहीं, इसलिए इसे किसी एक पक्ष की इच्छा से खत्म नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति डीके सिंह की पीठ ने पति की तलाक याचिका खारिज करते हुए मैसूरु पारिवारिक अदालत के फैसले को बरकरार रखा। कोर्ट ने कहा कि विवाह जीवनभर का बंधन है और इसे समाप्त करने के लिए कानून में निर्धारित वैध आधार आवश्यक हैं। मामला 2003 में हुए अंतरजातीय प्रेम विवाह से जुड़ा है। दंपति की एक बेटी भी है। पति ने दावा किया था कि अब उसकी पत्नी के साथ रहने में कोई रुचि नहीं है, जबकि पत्नी ने साथ रहने की इच्छा जताई। अदालत ने कहा कि पति अपने ही आचरण का लाभ उठाकर तलाक नहीं ले सकता और केवल रुचि समाप्त होना कानून के तहत तलाक का वैध आधार नहीं है।




स्वामी पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा. लि.के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अशोक कुमार खुराना** द्वारा, पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि. करोंद भानपुर बाइपास रोड, भोपाल-462037 (म.प्र.) से मुद्रित एवं 6 मालवीय नगर, भोपाल-462003 से प्रकाशित. **स्टेट एडिटर :** मनीष दीक्षित, **डिप्टी स्टेट एडिटर :** डॉ. राजीव अग्निहोत्री , **स्थानीय संपादक :** विक्रांत गुप्ता* आर.एन.आई.रजि. क्र. MPHIN/2009/27277 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार. **डाक पंजी.** क्र. म.प्र./भोपाल/4-201/2026-28 HELPLINE : प्रति बुकिंग हेतु- 9644478222, सुझाव एवं जानकारी आमंत्रित-Email : response@peoplessamachar.co.in . विज्ञापन बुकिंग हेतु- 07879831191, सामान्य जानकारी हेतु- 0755-4282126 समय - प्रातः 10 से सायं 5 बजे।